डॉ. अम्बेडकर ने जहाँ देश हित में पूना समझौता कर गांधी जी के प्राण बचाऐं वहीं दूसरी ओर अपने दलित समाज को हक दिलाने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। इसी का परिणाम था कि केन्द्र व राज्य विधान सभाओं में 148 स्थान आरक्षित किये गये। जिसमें केन्द्रीय विधान सभा में 18 प्रतिशत स्थान अलग से सम्मिलित हैं।इस प्रकार पूना पैक्ट दो महापुरुषों- डॉ. अम्बेडकर और गांधी जी के मध्य एक गैर-सरकारी समझौता था, इस समझौते की शर्तें **गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया एक्ट** 1935 में सम्मिलित की गयीं, इस प्रकार पूना समझौते को कानूनी रूप मिला, दलित वर्गों के लिए पहली बार एक्ट में 'अनुसूचित जाति' (Scheduled Castes) किया गया।

यद्यपि यह सत्य है कि पूना पैक्ट में निःसन्देह तत्कालीन प्रधानमंत्री **रेमजे मैकडोनाल्ड** के साम्प्रदायिक निर्णय से अछूतों को कम सुविधायें मिली परन्तु इसके साथ भारत के इतिहास में अछूतों को केन्द्रीय और प्रादेशिक विधान सभाओं में अपने प्रतिनिधि भेजने का अवसर प्राप्त हुआ, उन्हें सरकारी नौकरियों में आरक्षित स्थान मिले और शिक्षा-सुविधायें भी उपलब्ध हुईं। जो अछूत कल तक दास और दलित थे वे दूसरों के समान खड़े होकर अपनी समस्याओं को रख सकेंगे और अपने निर्णय में भागीदारी कर सकेंगे।

यह सब बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर के अथक प्रयासों का ही परिणाम था, जो कांग्रेस, ब्रिटिश व अल्पसंख्यकों के समक्ष विभिन्न कठिनाइयों से जूझते हुए समाज के पिछड़े व दलित तबके को न्याय दिलाने में सफल हुए।

जिस दौरान Government of India, Act 1935 के अधीन सभी राज्य सरकारों के स्वशासन का अधिकार दिया जाता था, तब प्रत्येक दल चुनाव की तैयारी में लगा हुआ था। डॉ. अम्बेडकर भी चुनावों के संबंध में सक्रिय हुए। उन्होंने अगस्त 1936 में अपने साथियों के साथ विचार-विमर्श कर **'इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी'** का गठन किया।

डॉ. अम्बेडकर ने पार्टी के गठन के समय लोकतंत्र की स्थापना पर बल दिया। उन्होंने एक सच्ची लोकतांत्रिक सरकार के संबंध में कहा कि **''स्वतंत्रता का रहस्य है साहस और साहस व्यक्तियों द्वारा एक दल में जुड़ जाने से पैदा होता है, सरकार को चलाने के लिए एक दल अनिवार्य होता है, किन्तु सरकार निरंकुश न हो जाये इसके लिए दो दलों का होना अनिवार्य है। एक लोकतांत्रिक सरकार तभी लोकतांत्रिक रह सकती है, जब वहाँ दो दल हों, अर्थात एक सत्तारूढ़ दल और दूसरा विरोधी दल।''**इस प्रकार डॉ. अम्बेडकर लोकतंत्र (जनतंत्र) के सच्चे प्रहरी थे। डॉ. अम्बेडकर का जनतंत्र सामाजिक यथार्थवाद, मानव बुद्धि तथा अनुभव तथा जीवन के प्रति व्यवहारवादी एवं मानवतावादी रूख पर आधारित था। 20वीं सदी में भारत में उन्होंने जनतांत्रिक परम्पराओं को बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका मानना था कि बिना जनतंत्र को अपनाये कोई भी समाज प्रगति के शिखर पर नहीं पहुँच सकता। जनतंत्र स्वतंत्रता प्रदान करके मनुष्य को नवीन विचार खोजने के लिए बाध्य करता है। इस प्रकार मनुष्य में जनतंत्र के द्वारा रचनात्मक विचारधारा का प्रादुर्भाव होता है।डॉ. अम्बेडकर ने अपने राजनैतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपने अभिभाषण में कहा कि शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से लोगों में अनेक विभिन्नताऐं पायी जाती हैं, परन्तु इनसे जनतंत्र का मार्ग अवरोधित नहीं होना चाहिए। इसके लिए डॉ. अम्बेडकर ने **समानता के सिद्धान्त (Theory of Equality)** पर विशेष बल दिया। उनका मानना था कि समानता के बिना केवल ही लोग अधिक प्रगति कर पायेंगे, जिनके पक्ष में धन (पूँजीपति) तथा जन्म (उच्च जाति) है,

और वे लोग जो शोषित और निर्धन हैं, अपनी प्रतिभाओं के विकास के लिए अवसर प्राप्त नहीं कर पायेंगे।डॉ. अम्बेडकर यह भली-भाँति जानते थे कि कानून और राजनीति का समन्वय एक जनतांत्रिक सरकार के दो महत्वपूर्ण पहलू होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कानून सब के हित में है इसी बात को ध्यान में रखते हुए डॉ. अम्बेडकर ने आधुनिक भारत के नव निर्मित संविधान में स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व व सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण सिद्धान्तों पर बल दिया।

डॉ. अम्बेडकर ने देश हित व समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए ऐसे कानून बनाये जो मानव सम्मान तथा आत्म प्रगति पर आधारित हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कानून निर्माण के दौरान जनतांत्रिक व्यवस्था के प्रमुख सिद्धान्तों- स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व व सामाजिक न्याय का विशेष ध्यान रखा। इनके द्वारा बनाये गये कानूनों की प्रमुख विशेषतायें निम्नलिखित हैं-

1. उनके कानून जनता के हित में हैं।

2. कानून जन सामान्य के सापेक्ष हैं और सबके लिए समान हैं।

3. इनमें किसी व्यक्ति विशेष की भावनायें निहित नहीं हैं।

4. डॉ. अम्बेडकर द्वारा बनाये गये कानून दैविक शक्ति से प्रेरित न होकर जन भावनाओं से ओत-प्रोत हैं।

5. उनमें मानव आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तन एवं संशोधन भी संभव है।

डॉ. अम्बेडकर ने समाज व्यवस्था को बनाये रखने के लिए जनतंत्र के चार आधार वाक्यों का भी उल्लेख किया है-

1. व्यक्ति स्वयं में साध्य है।

2. व्यक्ति के कुछ अपृथक अधिकार होते हैं, जिनकी गारंटी संविधान द्वारा मिलनी चाहिए।

3. किसी सुविधा को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए।

4. राज्य प्राइवेट लोगों को वे अधिकार नहीं देगा, जिनसे वे अन्य लोगों पर शासन कर सके।

इस प्रकार डॉ. अम्बेडकर के राजनैतिक भाषणों का प्रभाव जनसामान्य पर इस प्रकार पड़ा कि उनकी इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी को चुनाव में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। उनके 17 प्रत्याशियों में से 15 प्रत्याशी विजयी घोषित हुए। इन परिणामों से डॉ. अम्बेडकर का कद जन सामान्य की नजर में और भी बढ़ गया।

डॉ. अम्बेडकर का उद्देश्य न केवल स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाना था बल्कि उन्होंने मजदूरों को उनका हक दिलाने, पूँजीवादी व्यवस्था को बदलने व भारतीय समाज व्यवस्था (विशेषकर हिन्दू समाज व्यवस्था) में सुधार लाना था। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए डॉ. अम्बेडकर ने ब्रिटिश सरकार व कांग्रेस की उन नीतियों का भी विरोध किया जो स्वतंत्रता व समानता की विरोधी थी। इसके साथ ही डॉ. अम्बेडकर ने महिला उत्थान व पिछड़े वर्गों की दयनीय स्थिति को सुधारने का भी वीणा उठाया।

डॉ. अम्बेडकर ने आगे कहा कि केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी सम्भाले बगैर प्रान्तिक स्वायत्तता का कोई लाभ नहीं होगा, मेरा सोचा समझा मत है कि केन्द्र की सत्ता के बिना यह स्वायत्तता एक खाली कवच के समान होगा।

यहाँ हमारा कहने का आशय यह है कि डॉ. अम्बेडकर ने अपने राजनैतिक विचारों में किसी वर्ग विशेष के साथ-साथ उन सभी नीतियों व योजनाओं का भी ध्यान रखा जो आम लोगों से जुड़ी हुई थीं। अर्थात उन्होंने किसी वर्ग विशेष के बजाय देश हित को सर्वोपरि रखा।

डॉ. अम्बेडकर का मत था कि राजनैतिक एकता को स्थायी बनाने के लिए कुछ और बातों की आवश्यकता होती है, इसके लिए सामाजिक एकता या भाईचारे की भावना का होना आवश्यक है।

डॉ. अम्बेडकर ने सच्चे राष्ट्रवाद के लिए दो बातों को आवश्यक माना है-

. राष्ट्र के संदर्भ में राष्ट्रवाद का मौलिक आधार सामाजिक एकता की दृढ़ भावना होनी चाहिए। इसके बिना राष्ट्रवाद स्थायी रूप से नहीं टिक सकता।

2. अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, राष्ट्रवाद का आधार मानव प्रगति एवं भलाई होना चाहिए अन्यथा संकुचित राष्ट्रवाद संघर्षों एवं युद्धों को जन्म दे सकता है।

1. डॉ. अम्बेडकर दिन-प्रतिदिन अपने लक्ष्य अछूतोद्धार की ओर बढ़ते जा रहे थे। उनके क्रिया-कलापों का प्रकाश भी भारत तक ही सीमित न होकर विश्व के अनेक भागों में फैल चुका था। डॉ. अम्बेडकर के बढ़ते वर्चस्व का प्रभाव जहाँ एक ओर ब्रिटिश सरकार को भारतीय समाज की एकता पर प्रश्न चिन्ह लगा रही थी, वहीं कांग्रेस उनके बढ़ते ओहदे से भयभीत हो रही थी।

डॉ. अम्बेडकर का प्रभाव न केवल दलित, पिछड़े वर्गों तक था बल्कि अन्य हिन्दू भी उनके समर्थन में आ रहे थे। यह इसी का परिणाम था कि जब 15 अगस्त सन् 1947 के दिन देश स्वतंत्र हुआ, उससे पूर्व 3 अगस्त के दिन भारतीय मंत्रिमण्डल की घोषणा की गयी, जिसमें डॉ. अम्बेडकर को कानून मंत्री जैसा भारी भरकम ओहदा दिया गया।डॉ. अम्बेडकर ने देश को स्वतंत्रता और समानता का सन्देश देते हुए कहा कि ''26 जनवरी 1950 को हम राजनीतिक रूप में समान और आर्थिक रूप में आसमान होंगे, जितना शीघ्र हो सके हमें यह भेद और पृथकता दूर करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो वह लोग जो इस भेदभाव का शिकार हैं राजनीतिक लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ा देंगे, जो संविधान सभा में इतनी मेहनत से बनाया गया है।''

डॉ. अम्बेडकर ने संविधान निर्माण काल के दौरान 25, अप्रैल 1948 को लखनऊ (उ.प्र.) में आयोजित **उत्तर प्रदेश शैडयूल्ड कास्ट फेडरेशन** के वार्षिक सम्मेलन में दलितों को सचेत करते हुए कहा है कि **''राजशक्ति ही सामाजिक उन्नति की कुंजी है, अनुसूचित जातियों को अपनी प्रगति के लिए राजशक्ति प्राप्त करनी चाहिए, जोकि कांग्रेस और समाजवादियों के मध्य संतुलन स्थापित कर सकती है।''**

26 जनवरी सन् 1950 के दिन भारत में संविधान लागू किया गया और देश को एक गणतंत्र घोषित किया गया। इस दिन डॉ. अम्बेडकर ने संविधान सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ''राजनैतिक लोकतंत्र तभी कायम रह सकता है, जब इसका आधार सामाजिक-लोकतंत्र हो, उन्होंने यह स्पष्ट किया कि सामाजिक लोकतंत्र से क्या आशय है? उनके अनुसार इसका तात्पर्य ऐसी जीवन पद्धति से है जो आजादी, बराबरी और भ्रातृ भाव को मान्यता देती हो अर्थात ये तीनों एक साथ है, इनको अलग नहीं किया जा सकता। इनको अलग करने का मतलब लोकतंत्र के उद्देश्यों को ही खत्म करना होगा।''इस प्रकार डॉ. अम्बेडकर राजनैतिक विचारों का प्रभाव वैश्विक स्तर पर पड़ा। इनके प्रभाव स्वरूप ही आज समाज के सभी वर्ग एक साथ खड़े हैं। राजनैतिक व संवैधानिक क्षेत्र में किये गये अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि दलित, पिछड़े व सामान्य वर्ग के लोग एक साथ मिलकर सामाजिक व सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ खड़े होकर अपना योगदान दे रहे हैं।

निष्कर्ष : आज भारत का प्रत्येक नागरिक बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों से परिचित है। सामाजिक समानता और स्वतंत्रता को लेकर डॉ. अम्बेडकर द्वारा जो राजनैतिक, सामाजिक, व संवैधानिक प्रयास किये गये। उसी के कारण देश में उन्हें संविधान निर्माता, दलित मसीहा, समाजवादी, स्वतंत्रता प्रेमी आदि नामों से नवाजा जाता है।

******

सन्दर्भ-सूची :-

(1) बाली, एल. आर. - डॉ. अम्बेडकर जीवन और मिशन - पृष्ठ-161
(2)History of Freedom Movement, Calcutta - Page-481-554
(3) अम्बेडकर, डॉ. बी. आर. - राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज, बम्बई, 1979
(4) अम्बेडकर, डॉ. बी. आर. - राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज, खण्ड-1, पृष्ठ-352, 353
(5) अम्बेडकर, डॉ. बी. आर. - थॉटस ऑन पाकिस्तान, 1940
(6)History of Freedom Movement in India - Vol. III, Page-673
(7) संविधान सभा कार्यवाही - खण्ड-VII, पृष्ठ-44
(8) खेतान, प्रभा - छिन्नमस्ता - पृष्ठ-17
(9) बाली, एल. आर. - डॉ. अम्बेडकर और भारतीय संविधान - पृष्ठ-309
(10) अम्बेडकर, डा. बी. आर. - राज्य एवं अल्पसंख्यक दलित
(11) जाटव, डा. डी. आर. - डा. अम्बेडकर का मानववादी चिंतन
(12) पाण्डे, एच. एल. - गाँन्धी, नेहरू एवं अंबेडकर

प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के माध्यम से आदिवासी लोगों के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में स्वैच्छिक संगठनों के योगदान पर एक अध्ययन

डॉ.दीपक भाई भोये
आसि.प्रोफेसर
महात्मा गांधी ग्रामीण अध्ययन
विभाग, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात
विश्वविद्यालय सूरत

श्री भाग्यवान सोलंकी
(पीएच-डी)
महात्मा गांधी ग्रामीण अध्ययन
विभाग, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात
विश्वविद्यालय सूरत

परिचय-

भूमि, वायु, जल, वन और ऊर्जा वे प्राकृतिक संसाधन हैं जो हमें प्रकृति ने उपहार में दिए हैं।यदि इन प्राकृतिक संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग किया जाए तो ये प्राकृतिक संसाधन आने वाली पीढ़ियों को विरासत में मिल सकते हैं। पर्यावरण को तभी बनाए रखा जाता है जब इन प्राकृतिक संसाधनों का उचित रखरखाव किया जाता है और पर्यावरण की रक्षा होने पर ही मानव कल्याण बना रहता है। पृथ्वी पर संसाधनों की मात्रा सीमित है। जैसे-जैसे मानव जनसंख्या बढ़ती है, वैसे-वैसे संसाधनों की आवश्यकता भी बढ़ती जाती है। उचित प्रबंधन की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित कर सके कि प्राकृतिक संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग किया जा सके। उचित प्रबंधन प्राकृतिक संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित कर सकता है। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के दौरान पर्यावरणीय क्षति के समुचित प्रबंधन का सुझाव या निर्देश दिया जाना चाहिए। उदा. यदि किसी कारणवश कुछ वृक्षों को काटना पड़े तो काटे गए वृक्षों को नए पौधे लगाकर संसाधनों की हानि को कम किया जा सकता है। इस अध्ययन में गुजरात के डांग जिले को सबसे घना वन क्षेत्र माना जाता है और चूंकि इस क्षेत्र में आदिवासी आबादी रहती है, इसलिए उनका मुख्य आधार वन संसाधनों पर आधारित है। जनसंख्या में वृद्धि या जिन परिवारों के पास भूमि है, उनमें एक से अधिक संतानों के शामिल होने से भूमि का विभाजन हो रहा है, इसलिए वे भूमि संसाधनों का अधिक उपयोग करने या छोटी भूमि का हिस्सा बनने के लिए वन भूमि पर खेती कर रहे हैं। इसलिए उसमें लगे पेड़ों और झाड़ियों को काटा जा रहा है। इन सभी समस्याओं के कारण, आज की अनिश्चित वर्षा ने कृषि उत्पादकता, जल स्तर और गर्मी की समस्याओं को कम कर दिया है, जिसके कारण प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण हुआ है।

प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के साथ-साथ विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए लोगों को उचित जानकारी और मार्गदर्शन प्राप्त करने की तत्काल आवश्यकता है। इसके लिए निजी कंपनियां, स्वयंसेवी संस्थाएं और सरकारी एजेंसियां विस्तार गतिविधियां चला रही हैं। आने वाले दिनों में स्वयंसेवी संस्थाओं के सामने कई चुनौतियाँ हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए राज्य के हर जिले में फैले अच्छे स्वयंसेवी संगठनों और छोटे और बड़े संगठनों का दायरा विभिन्न क्षेत्रों में जनहित के लिए अनुकरणीय कार्य कर रहा है. पिछले कई वर्षों से, स्वयंसेवी संगठन प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। जिनमें से एक आगा खान ग्राम सहायता कार्यक्रम (भारत) है। वर्तमान शोध पत्र डांग जिले में प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन के माध्यम से आदिवासी लोगों के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन में स्वैच्छिक संगठनों के योगदान पर एक अध्ययन है। तो यहाँ आगा खान के बारे में परिचय देने का एक विनम्र प्रयास है। आगाखान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) का परिचय। (एकेआरएसपी (आई))।भारत में आगाखांन ग्राम समर्थन कार्यक्रम १९८३/८४में शुरू हुआ। जिसमें मध्य प्रदेश, बिहार और गुजरात इसके संचालन के क्षेत्र हैं।गुजरात राज्य में, यह कुल १२ (बारह) जिलों और २७ब्लॉक में संचालित होता है। सुरेंद्रनगर, जूनागढ़, राजकोट, मोरबी, द्वारका, पोरबंदर, सोमनाथ, भरूच, नर्मदा, सूरत, नवसारी और डांग में महिलाओं के लिए विकास पर पाठ्यक्रम प्राकृतिक संसाधनों आदि का प्रबंधन करता है।

शोध पत्र के उद्देश्य:-

1.प्राकृतिकसंसाधनोंकेप्रबंधनकेमाध्यमसेजनजातीयलोगोंकेसामाजिक-आर्थिक परिवर्तनोंकीजांचकरना।
2.प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन में एक स्वैच्छिक संगठन के रूप में AKRSP (I) की भूमिका का परीक्षण करना ।

शोध पत्र में क्षेत्र का परिचय:-

शोधार्थी ने शोध की प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए इस शोध के लिए दक्षिण गुजरात के जनजातीय क्षेत्र के डांग जिले का चयन किया है। भौगोलिक दृष्टि से यह जिला गुजरात राज्य का अंतिम जिला है। डांग जिले का मुख्यालय अहवा है। डांग की देशी प्रजातियों में कुनबी, भील, वार्ली और कोतवालिया प्रमुख हैं। इन प्रजातियों का सामाजिक-आर्थिक जीवन मुख्य रूप से वन आधारित है। जिले की प्रमुख नदियां अंबिका, पूर्णा, खपरी और गीरा हैं। डांग जिले में सबसे अधिक जनजातीय आबादी ९४.६५प्रतिशत है।शोध पत्र में इकाई का चयन।डांग जिले में, आगाखान ग्राम समर्थन कार्यक्रम (भारत) AKRSP (I) चार समूहों में विभाजित है और आदिवासी परिवारों के साथ कुल १३२गांवों में संचालित होता है।इनमें से ४०२ उत्तरदाताओं का चयन उत्तरदाताओं की एक इकाई के रूप में किया गया है, जो अध्ययन के तहत वर्ष २०१४/१५ के दौरान किए गए प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन कार्य के आधार पर २६ (छब्बीस) गांवों को कवर करते हैं।

नंबर	भूमि संरक्षण गतिविधियों के उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) की संख्या।		जल संरक्षण गतिविधियों के उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) की संख्या।		कृषि संसाधन आधारित गतिविधियों के उत्तरदाताओं (लाभार्थी) संख्या।	
१	प्रवृत्तिया।	संख्या।	प्रवृत्तिया।	संख्या।	प्रवृत्तिया।	संख्या।
२	मिटटीपाल	३३६	बोरी बंद	१३०	कृषि उपकरण	७२
३	पत्थर पाल	३२९	ऑइल एन्जिन	२०	बीज खरीदें	३९७
४	गेबियन संरचना	२१	कुआ रिपेरिंग	१५	श्री खेत पद्धति	३५४
५	नाली प्लग	७८	खेत तालाब	१७	बोरी बगीचा	१७०
६	मिटटी समतल	३५	लिफ्ट सिंचाई	२९	प्रदर्शन: चावल	३२२
७			चेकडेम रिपेरिंग	५०	चना	१३२
८					मक्का	०६
९					सफेद मूसली	१०
१०					कंद	०२
११					तुवेर	०५
१२					फनसी	०६
कुल ४०२चयनित उत्तरदाता (लाभार्थी)।						

निष्कर्ष:-

प्रस्तुत शोध पत्र डांग जिले में एकेआरएसपी (आई) संस्थान के संचालन के तहत अनुसंधान अध्ययन के दौरान प्राप्त अनुभवों और टिप्पणियों के आधार पर प्राप्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं।डांग जिले में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत आगाखान संस्थान के तहत जलसंरक्षण प्रवृत्ति में कुल ४०२उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) में सेबोरी बंद-१३०, ऑइल एन्जिन-२०, कुआ रिपेरिंग-१५, खेत तालाब-१७, लिफ्ट सिंचाई-२९, चेकडेम रिपेरिंग-५० उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) को जैसे कार्यो का लाभ मिला है. इन लाभों में जल संग्रहण, सिंचाई में वृद्धि, मानसून के मौसम के बाद एक या दो मौसमों जैसे चना, भिंडी, मूंगफली, गेहूं, मटर, चौली आदि की फसल लेना शुरू हुआ। फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है, रोजगार में वृद्धि हुई है और आय में भी वृद्धि हुई है। कुएं का मिथक तो स्थिर है ही, इसके अलावा भूजल स्तर भी सामने आया है जो अध्ययन के दौरान पता चला है।डांग जिले में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत आगाखान संस्थान के तहत जलसंरक्षण गतिविधियों में विभिन्न गतिविधियों में कुल ४०२उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) में सेमिटटीपाल-३३६, पत्थरपाल-३२९, गेबियन संरचना-२१, नाली प्लग-७८ और जमीन समतल-३५ उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) को जैसे कार्यो का लाभ मिला है. जिनसे उनकी जमीन का कटाव रोका, पानी जमा किया, मिट्टी की नमी क्षमता में वृद्धि की, गैर-उपजाऊ मिट्टी को उपजाऊ बनाया, भूमि क्षेत्र में वृद्धि की, कण्ठ को चौड़ा और गहरा करना बंद कर दिया, चना, भिंडी, मूंगफली, मटर,गेहूं सहित एक से अधिक मौसमी फसलें लीं। अध्ययनों से पता चला है कि उत्पादन में वृद्धि, रोजगार में वृद्धि और आय में वृद्धि जैसे विभिन्न लाभ हैं।प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत आगाखान संस्थान के तहत कृषि संसाधन आधारित प्रवृत्तियो के कुल ४०२उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) में से, कृषि उपकरण-७२. उत्तरदाता (लाभार्थी)ने लाभ लिया ।उसमे थ्रेसर, खेत का पंखा, किटनाश छिड़कने का पम्प,निराई निकलने का यंत्र से उनकोखेत के काम में कम श्रम की आवश्यकता, कम समय में अधिक काम, लागत में कमी, बीज की खरीद-३९७ उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) को घर पर ही अच्छी गुणवत्ता के बीज मिलते हैं, व्यापारियों द्वारा शोषण बंद हो गया है, बीज की लागत कम हो गई है, श्री खेत पद्दती-३५४उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) को कम पानी से खेती की जा सकती है, प्रति एकड़ कम से कम बीज में वृद्धि की जा सकती है। धारू के लिए कम बीज, निराई में आसानी, उर्वरक के प्रयोग में आसानी, फसल उत्पादन में वृद्धि। बोरी बगीचा-१७०उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) को प्लास्टिक बैग, दूध, गुलका, करेला, तुरई के बीज की सहायता प्राप्त हुई है। इससे उन्हें घर पर ताजी सब्जियां मिल जाती हैं, उन्हें खरीदने के लिए बाजार नहीं जाना पड़ता, इससे समय की बचत होती है, पैसे की बर्बादी रुकती है। इसके अलावा विभिन्न फसलों जैसे धान, चना, मक्का, सफेद मूसली, कंद, तुअर,फनसी आदि का प्रदर्शन किया गया है। अध्ययनों से पता चला है कि खेती के नए अनुभव प्राप्त हुए हैं और खेती के आधुनिक तरीके अपनाए गए हैं और आय में वृद्धि हुई है।शोधपत्र में शामिल प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रवृत्ति के आधार पर कुल ४०२ उत्तरदाताओं (लाभार्थियों) ने जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, कृषि संसाधनों और शेष बचे उन्होंने वन संरक्षण और पशुपालन कार्यक्रमों से लाभ उठाया है।भूमि आधारित कार्यों से स्थानीय जनजातीय लोगों की भूमि में सुधार हुआ है और इसलिए खेती के नए तरीकों को अपनाने से कृषि उत्पादन, रोजगार में वृद्धि हुई है और सिंचाई के कारण आय में वृद्धि हुई है।इसके अलावा, अध्ययन में पाया गया कि आदिवासी लोगों का रोजगार की ओर पलायन रुक गया है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

डांग जिले को सबसे घना वन क्षेत्र माना जाता है और उनके इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा आदिवासी आबादी रहती है, इसलिए उनका मुख्य आधार प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित है। जिले की पहाड़ी और ढलान वाली प्रकृति के कारण, मानसून के दौरान बारिश का पानी गिरता है और साथ ही घाटियों या नदियों का पानी भूमि के कटाव के साथ बहता है। इस पानी को बहने से रोकने के लिए चेक डैम, बोरिबंध, खेततालाब, चेक डैम की मरम्मत से सिंचाई भी की जाती है। पहाड़ी और ढलान वाले क्षेत्रों में वर्षा मिट्टी के कटाव का कारण बनती है, जिससे मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है। मिट्टी के कटाव को रोकने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिएगेबियन, मिटटी की पाले, पत्थरपाल, जैविक खेती आदि का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार जल और भूमि प्रबंधन का आदिवासी समुदाय के परिवारों पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया है और आगाखान संस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है।

*****

संदर्भसूची:-

1. राजूभाई पटेल, सामान्य ज्ञान पुस्तक - विवेकानंद अकादमी गांधीनगर, २०१५।
2. डॉ. आरडी रेठालिया, पर्यावरण और भूकंप इंजीनियरिंग - अतुल प्रकाशन, २०१०/११।
3. बाबूभाई अवरानी, प्राकृतिक संसाधन: विकास और प्रबंधन - यूजीआर बोर्ड अहमदाबाद, २०००।
4. लगधीर सिंह राणा, प्राकृतिक संसाधनों को बनाए रखने के लिए मानव संसाधन- द इंडियन राइटर्स, २०१३।
5. इंटरनेट: www.google.co.in, www.akrspi.org

कृषि विकास पर तकनीकी परिवर्तनों का प्रभाव (झुन्झुनू जिले के विशेष संदर्भ में)

डॉ.सालिक सिंह
शोध निर्देशक
Department of Geography
MUIT University, Lucknow, U.P.

पूनम यादव
शोध छात्रा
Department of Geography
MUIT University, Lucknow, U.P.

मानव सभ्यता के विकास के प्रारम्भ से ही कृषि लोगों की अजीविका का प्रमुख साधन रहा है। आज भी कृषि विश्व की अधिकांश जनसंख्या का प्रमुख व्यवसाय तथा आय का सबसे बड़ा स्त्रोत माना जाता है। अधिकांश विकासशील देशों में प्रधान व्यवसाय होने के कारण कृषि राष्ट्रीय आय का सबसे बड़ा आधार रोजगार एवं जीवन यापन का प्रमुख साधन औद्योगिक विकास, वाणिज्य एवं विदेशी व्यापार का स्त्रोत है। कृषि इन देशों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ तथा विकास की कुंजी है। कृषि विकास के सोपान पर चढ़कर ही विश्व के विकसित राष्ट्र आज आर्थिक विकास के शिखर पर पहुंच सके हैं। इतिहास इस बात का गवाह है, कि इग्लैण्ड, जर्मनी, रूस तथा जापान आदि देशों के विकास में कृषि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा तीव्र, औद्योगिकरण के लिए सुदृढ़ आधार प्रदान किया। यही कारण है, कि प्राचीन काल से लेकर आज तक के विचारकों ने कृषि विकास पर पर्याप्त बल दिया है।

भारत जैसे अधिकांश विकासशील देशों में कृषि क्षेत्र का सर्वोपरि महत्व है। आज भी विश्व में एशिया, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका जैसे विकासशील राष्ट्रों की प्रधानता है। एशिया में भारत, चीन, पाकिस्तान, तथा अधिकांश विकासशील देशों में कृषि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सर्वोपरि महत्व है। इसी प्रकार अफ्रीका के अधिकांश देश जैसे- मिश्र, किनिया, युगान्डा, दक्षिणी अफ्रीका अन्य सभी देश आज भी कृषि प्रधान देश है। इसी क्रम में मध्य और दक्षिणी अमेरिका के मैक्सिको, ब्राजील, पेरू, अर्जेन्टिना जैसे देशों में कृषि विकास से ही समग्र आर्थिक विकास निहित है। इसके अतिरिक्त संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, अस्ट्रेलिया, जापान एवं यूरोप के इग्लैण्ड, फ्रांस और जर्मनी जैसे पूर्ण विकसित देशें में 18वीं और 19वीं शताब्दी में समग्र विकास का केन्द्र बिन्दु कृषि अर्थव्यवस्था में ही समाहित रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में स्वतंत्रता प्राप्ति एवं आर्थिक नियोजन के 60 वर्ष पश्चात् भी कृषि क्षेत्र का सर्वोपरि महत्व है। आज भी भारत में व्यवसाय और जीविका की दृष्टि से 65 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या कृषि क्षेत्र पर निर्भर है, यद्यपि आर्थिक विकास के ऊँचे लक्ष्यों की प्राप्ति के कारण आज भारत की कुल राष्ट्रीय आय में कृषि क्षेत्र का अंशदान क्रमशः घटा है। औद्योगिक क्षेत्र का अंशदान बढ़ा है तथा सभी क्षेत्रों में संरचनात्मक विकास होने के कारण सेवा क्षेत्र का राष्ट्रीय आय में योगदान सर्वाधिक हुआ है। इन सब विकासात्मक क्रियाओं के बावजूद वर्तमान कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का मेरुदण्ड बना हुआ है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के विकास संबंधी, अधिकांश, परियोजनायें और कार्यक्रम कृषि अर्थव्यवस्था के कायापलट करने के उद्देश्य से निर्मित और क्रियान्वित की जाती है। इसका मुख्य कारण यह है, कि भारतीय कृषि आज भी पूर्णतया आधुनिक और विकसित नहीं हो सका है, और संपूर्ण विकास की वार्षिक दर पिछले 50 वर्षो में अनुमानतः 2 प्रतिशत से 3.5 प्रतिशत तक सीमित रही है। इसके अतिरिक्त देश की औद्योगिक विकास की दर 7 प्रतिशत से 11 प्रतिशत तक औसतन रहा है। अतः भारत की कृषि अर्थव्यवस्था में व्यापक और क्रांतिकारी सुधार करने की नितांत आवश्यकता है। इस दिशा में 1960-70 के दशक में हरित क्रांति का एक नया युग आया, जिसने कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकी ज्ञान का समावेश एवं विभिन्न आदाओं जैसे- सिंचाई, उन्नत बीज, रासायानिक खाद और पौध संरक्षण के अंतर्गत कीटनाशक दवाइयों तथा नवीन कृषि यंत्रीकरण के अधिकाधिक उपयोग से समग्र कृषि उत्पादन और अधिकांश फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में तीव्र वृद्धि लाने में एक नयी सफलता आर्जित की। अब कृषि क्षेत्र में नवीन आविष्कार, खोज, अनुसंधान एवं तकनीकी ज्ञान के वैज्ञानिक उपयोग का एक अनवरत सिलसिला प्रारंभ हो चुका है।

वर्तमान शोध का विषय झुन्झुनू जिले के कृषि विकास में तकनीकी परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित है। झुन्झुनू राजस्थान में एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाला जिला है। यह मेरे पूर्वजों का निवास स्थल रहा है एवं मेरी जन्म स्थल, निवास स्थान होने के कारण अर्थशास्त्र की शाोध छात्रा के नाते झुन्झुनू जिले के आर्थिक विकास के ऊँचे लक्ष्यों को प्राप्त करने में रूचि लेना एवं इस दिशा में शोध तथा सर्वेक्षण द्वारा झुन्झुनू के कृषि विकास में सभी पहलुओं का विशद अध्ययन करना मेरी जिज्ञासा और चिंतन का आधार रहा है। झुन्झुनू जिला का विषद अध्ययन करना मेरी जिज्ञासा और चिंतन का आधार रहा है। झुन्झुनू जिला कृषि प्रधान क्षेत्र होने की दृष्टि से संपूर्ण भारत देश का एक लघु चित्र प्रस्तुत करता है। झुन्झुनू की कृषि अर्थव्यवस्था भारत की औसत कृषि विकास दर की तुलना में पिछड़ी हुई है। झुन्झुनू में आज भी 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या आय, आजीविका, व्यवसाय तथा रोजगार संबंधी क्रियाओं के लिए प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से झुन्झुनू जिले की कृषि पर पूर्णतया निर्भर करती है। झुन्झुनू जिले की कृषि अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है। झुन्झुनू जिले में आर्थिक नियोजन के क्रियान्वयन के 60 वर्ष पश्चात भी अनुमानतः 65 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण जनसंख्या निर्धनता की निम्न सीमा के नीचे जीवन यापन करने के लिए बाध्य है। झुन्झुनू जिले में आज भी अधिकांश कृषक कृषि की प्राचीन पद्धति को अपनाकर कृषि कार्य सम्पन्न करते हैं। झुन्झुनू जिले में 65 प्रतिशत से अधिक कृषक सीमांत और लघु कृषकों की श्रेणी में आते हैं जिनके पास 1 हेक्टेयर से कम कृषि योग्य भूमि है। कृषि पद्धति में आधुनिक नवीन तकनीकी ज्ञान का प्रयोग बहुत सीमित रूप में करते है। कृषि भूमि में मृदा की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने के आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकी, उन्नत सिंचाई के नवीन साधनों, संश्लेषित एवं श्रेष्ठ स्तर के उन्नत बीजों का न्यून प्रयोग, रासायनिक खाद का न्यूनतम उपयोग, पौध संरक्षण एवं भू-क्षरण के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक उपायों के संबंध में कीटनाशक दवाईयों का प्रयोग भी बहुत सीमित मात्रा में होता है। इसके अतिरिक्त कृषकों की अशिक्षा, अज्ञानता, नवीन कृषि तकनीक की न्यूनतम जानकारी तथा तकनीकी प्रशिक्षण के अभाव के कारण झुन्झुनू जिले में कृषि विकास की वर्तमान स्थिति संतोषजनक नहीं है।

वर्तमान शोध का विषय झुन्झुनू जिले के कृषि विकास में तकनीकी परिवर्तन के योगदान से संबंधित है। अतः तकनीकी

परिवर्तन क्या है। इसे समझना आवश्यक होगा। तकनीकी परिवर्तन कृषि उत्पादन में वृद्धि लाने की एक चहुँमुखी और वैज्ञानिक प्रयास है जिसके तहत् कृषि भूमि की मौलिक विशेषताओं के अनुरूप सिंचाई, उन्नत बीज, रासायनिक खाद, नवीन कृषि यंत्रीकरण तथा कृषि पद्धति में वांछित सुधार द्वारा प्रति हेक्टेयर कृषि उत्पादकता में तीव्र वृद्धि करने का सतत् प्रयास है। कृषि अर्थव्यवस्था में तकनीकी परिवर्तन का सफल प्रयोग 1960-70 के युग में हरित क्रांति में दिखाई देता है। इस प्रकार झुन्झुनू जिले में कृषि विकास में तकनीकी परिवर्न से संबंधित सभी कारणों (आदानों) की वर्तमान स्थिति एवं भूमिका का विषद अध्ययन करना इस शोध कार्य का प्रमुख विषय है। झुन्झुनू जिले के संदर्भ में नवीन तकनीकी ज्ञान के तहत् कृषि अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार कर जिलें की कृषि अर्थव्यवस्था को पंजाब, हरियाणा, जैसे विकसित राज्यों के समान बनाये जाने हेतु समुचित प्रयास किया जा सकता है।

शोध परिकल्पना एवं उद्देश्य - कोई भी सामाजिक अनुसंधान परिकल्पना के बिना व्यवस्थित नहीं किया जा सकता। परिकल्पना एवं उद्देश्य अनुसंधान कार्य के क्षेत्र और अध्ययन के क्षेत्र का सीमांकन करती है। संक्षेप में यह वह आधारशिला है जिस पर संपूर्ण शोध कार्य का ठोस भवन निर्मित होता है। परिकल्पना एक प्रकार का प्रकाश स्तंभ है, जो अनुसंधानकर्ता का दिशा निर्देशन करता है। परिकल्पना भावी शोध में विषद अधययन और सशक्त सर्वेक्षण के लिए सुदृढ़ आधारशिला प्रस्तुत करता है। शोधकर्ता परिकल्पना की पृष्ठभूमि में शोध के विषय की भावी रूपरेखा तय करता है। वर्तमान शोध विषय के चयन एवं व्यापक अध्ययन हेतु निम्नलिखित उद्देश्य समाहित है-

1.झुन्झुनू जिले की भौगोलिक और आर्थिक पृष्ठभूमि का विषद अध्ययन करना।
2.झुन्झुनू जिले की कृषि अर्थव्यवस्था का व्यापक अध्ययन करना।
3.देश के आर्थिक विकास में कृषि का महत्व एवं योगदान।
4.कृषि क्षेत्र में तकनीकी परिवर्तन का अर्थ, योगदान एवं तकनीकी परिवर्तन से संबंधित विभिन्न घटकों की भूमिका का अध्ययन करना।
5.झुन्झुनू जिले में कृषि विकास के अध्ययन के पूर्व भारत के कृषि विकास में नवीन तकनीकी ज्ञान एवं इस संबंध में हरित क्रांति के योगदान का व्यापक मूल्यांकन करना।
6.झुन्झुनू जिले में कृषि आदानों जैसे- भूमि/मृदा सुधार, उन्नत बीज, रासायनिक खाद, पौध संरक्षण एवं आधुनिक कृषि यंत्रीकरण में नवीन तकनीकी ज्ञान की भूमिका का व्यापक अध्ययन करना।
7.झुन्झुनू जिले के कृषि विकास संबंधी विभिन्न समस्याओं का व्यवहारिक अध्ययन करना एवं आधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान/पद्धति की पृष्ठभूमि में व्यापक सुधारात्मक स्थिति लाने के लिये बहुमूल्य सुझाव देना।

शोध की पद्धति - सामाजिक विज्ञान के विषयों में शोध कार्य का क्षेत्र भौतिक विज्ञान और रासानिक विज्ञान की भांति किसी एक प्रयोग शाला तक सीमित न होकर संपूर्ण समाज एवं शोध के विषय के अनुरूप विशिष्ट निर्धारित क्षेत्र के लोगों की आर्थिक सामाजिक स्थिति के विषद रूप से अध्ययन करने से संबंधित होता है। शोध सामग्री को हम दो भागों में विभाजित कर सकते हैं- प्राथमिक समंक, द्वितीयक समंक।

1.**प्राथमिक समंक** - झुन्झुनू जिले में कृषि तकनीक से संबंधित नवीन सामग्री प्राप्त करने के लिये, सर्वप्रथम विषय को संपूर्ण जिले में तहसीलवार- सात तहसीलों में विभाजित किया गया है। झुन्झुनू जिले की सात तहसीलें झुन्झुनू, नवलगढ़, उदयपुरवाटी, चिडावा, मलसीसर, सूरजगढ़ और बुहाना। सर्वेक्षण के अन्तर्गत हमें जो जानकारी प्राप्त की गयी है -

1. कृषि भूमि और मृदा में सुधार हेतु नवीन तकनीक का प्रयोग,
2. कृषकों द्वारा बुवाई हेतु उन्नत बीज की स्थिति,
3. कृषकों द्वारा सिंचाई साधनों का उपयोग,
4. रासायनिक एवं परंपरागत खाद के उपयोग की जानकारी,
5. पौध संरक्षण एवं भू-संरक्षण में कृषकों द्वारा किये गये सुधारात्मक प्रयास।
6. नवीन कृषि उपकरण, मशीनें जैसे- ट्रेक्टर तथा अन्य उपकरणों का जुताई से लेकर बुवाई एवं फसल की कटाई तक नवीन कृषि यंत्रीकरण एवं तकनीकी ज्ञान के उपयोग संबंधी जानकारी आदि।

इसके अध्ययन और सर्वेक्षण के लिये सविचार निदर्शन और दैव-निदर्शन विधि का मिश्रित प्रयोग किया है-

1.सविचार निदर्शन - इसके तहत् शोधकर्ता ने झुन्झुनू जिले की सातों तहसीलों में से 100-100 परिवारों का चयन किया है।
2.दैव निदर्शन विधि - दैव निदर्शन विधि से प्रत्येक तहसील के 100-100 परिवारों में से कृषि संबंधी सभी जानकारी के लिए 30-30 परिवारों का आकस्मिक रूप से चयन किया गया। इन चयनित कृषकों से समस्त वांछित जानकारियों का प्रश्नावली, अनुसूची आदि के माध्यम से संकलन किया गया है।
3.गांव के प्रमुख व्यक्तियों जैसे सरपंचों एवं अन्य प्रमुख कृषकों से प्रत्यक्ष व्यक्तिगत अनुसंधान की विधि एवं साक्षात्कार द्वारा कृषि तकनीकी संबंधी वांछित जानकारी प्राप्त की गई है।
4.इसके अतिरिक्त झुन्झुनू जिले के कृषि विस्तार अधिकारी, भू-अभिलेख संरक्षण एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए, अन्य शासकीय विभागों के संबंधित अधिकारियों एवं कृषि विशेषज्ञों से भी कृषि समस्याओं और उनके वांछित समाधान हेतु सुझाव भी प्राप्त किये गये हैं। उपरोक्त सभी सर्वेक्षित समाधान हेतु सुझाव भी प्राप्त किये गये हैं। सर्वेक्षित तथ्यों एवं साक्षात्कार आदि के माध्यम से शोधकर्ता ने झुन्झुनू जिले की कृषि विकास संबंधी मौलिक अथवा प्राथमिक समंक संकलित किये हैं।

2. द्वितीयक समंक - इनका संकलन करने के लिए शोध अध्ययन में झुन्झुनू में कृषि विभाग, कृषि से संबंधित विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं, शोध-पत्रों, समाचार पत्रों, एवं अभिलेखों द्वारा प्रकाशित सामग्री से द्वितीयक समंकों का संकलन किया गया है। प्राप्त तथ्यों को रोचक एवं प्रभावशाली बनाने के लिए रेखाचित्र, छायाचित्रों एवं तालिकाओं का भी प्रयोग किया जायेगा। साथ ही, कृषि संबंधी पुस्तकें, नवीन पत्र-पत्रिकाओं तथा कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि सस् थाओं के अभिलेखों से भी वांछित जानकारी एकत्र की गई।

निष्कर्ष:-

झंझनं जिला प्रकृति के द्वैध स्वरूप वाला क्षेत्र है, जहां एक ओर उन्नत पैहाड़ियां फैली हुई है तो दूसरी ओर बालु के उच्चे टीले अपनी स्वर्णिम आभा लिए छितराए हुए हैं। इसके अतिरिक्त शेखाजी के वंषजों की बनवाई हुई कलाकृतियों का बिखराव भवन, महल, मंदिर आदि के रुप में है जो पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते है जो किसी स्थान विषेष पर बिना अधिक समय तक रूके यात्रा कर सकता है।

झंझनूं जिले में पर्यटन को न केवल देष में, बल्कि विष्व के पर्यटन के मॉनचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है, क्षेत्र के दक्षिण पूर्व में नैसर्गिक सौन्दर्य खनिज, झरने, वनस्पति अपनी विविधता लिए हुए है। पष्चिमोत्तर में बालु रेत के टीले इन्द्रधनुष भित्ति चित्रों को 150-200 वर्ष पुरानी विषालकाय हवेलियां अपनी स्थापत्यता व भित्ति चित्रों की वैभवता लिए हुए है।

झुंझुनूं पर्यटन में अपनी प्रतिष्ठा कायम करने में सफल रहा है। झुंझुनंू में भव्य राजप्रसाद, बावड़ियों और मंदरों का निर्माण हुआ। यादगार स्वरूप भव्य छतरियां भी बनवायी गयी जो सम्पूर्ण शेखावाटी भू-भाग में फैली हुई है। झुंझुनूं का यह काल भवन निर्माण एवं षिल्प का स्वर्णकाल कहा जा सकता है।

*****

सन्दर्भ सूची:-

1. झिंगन, एम.एल. - विकास का अर्थशास्त्र एवं आयोजन, विकास पब्लिसिंग हाऊस, नई दिल्ली.
2. नागर एवं मेहता - भारतीय अर्थव्यवस्था, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर.
3. सिन्हा, वी.सी. एवं सिन्हा पुष्पा - भारतीय आर्थिक नीति, मयूर पेपर बेम्स, नोएडा.
4. अग्रवाल, एन.एल. - भारतीय कृषि का अर्थतंत्र, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर.
5. मिश्र, जय प्रकाश (2005) - कृषि अर्थ शास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा.
6. गर्ग, आनन्द स्वरुप (2000) - अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा.
7. सिन्हा, वी.सी. (2003) - अर्थशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा.
8. शर्मा, वैष्णव, सिंहल (2007) - विकास का अर्थशास्त्र एवं नियोजन, साहित्य भवन, आगरा.

नई शिक्षा नीति में भाषा

डॉ.अल्पना शर्मा
सहायक प्राध्यापक
IASE Deemed to be university, sardarshahr
Churu, Rajasthan 331401

शिक्षा के क्षेत्र में नई शिक्षा नीति क्रांतिकारी परिवर्तन है क्रांतिकारी इसलिए क्योंकि यह बहुप्रतीक्षित है अथवा यूं कहें कई दशकों के पश्चात शिक्षा नीति का नवीनीकरण हो रहा है कोई भी राष्ट्र अथवा समाज गतिशील न हो ऐसा संभव नहीं है। हमारा समाज और संस्कृति निरंतर गतिशीलता के पथ पर अग्रसर रहते हैं तो फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की आवश्यकता अनुभव क्यों नहीं की गई खैर दशकों के इंतजार के पश्चात नई शिक्षा नीति 2020 में अस्तित्व में आई।

वर्तमान युग वैश्वीकरण का युग है परिदृश्य में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, ऐसे में नई शिक्षा नीति इन परिवर्तनों को समाहित करने का एक प्रयास है। समस्त शिक्षाविदो, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को भी शिक्षा नीति के समस्त पहलुओं से परिचित होना आवश्यक है और उपयोगी भी होगा।

नई शिक्षा नीति में भाषा:-

नई शिक्षा नीति के मूलभूत सिद्धांतों के एक बिंदु है भाषा संबंधी भाषा की शक्ति का अनुभव कराने का प्रयास किया गया हैयह मेरा प्रयास है नई शिक्षा नीति 2020 में भाषा की शक्ति का अनुभव सभी को करवा इस हेतु मैंने नई शिक्षा नीति में भाषा के स्थान एवं महत्व को स्पष्ट करने व विश्लेषण करने का प्रयास किया हैसर्वप्रथम शिक्षकों के रिक्त पदों को जल्द से जल्द और समयबद्ध तरीके से भरा जाएगा विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां शिक्षक बच्चों का अनुपात दर ज्यादा हो या जहां साक्षरता की दर निम्न हो वहां स्थानीय शिक्षक या स्थानीय भाषा से परिचित शिक्षकों को नियुक्त करने पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिएयहां पर वहां की स्थानीय भाषा से परिचित शिक्षकों को उस क्षेत्र में नियुक्त किया जाएगा इससे एक तो छात्र शिक्षक परस्पर परिचित होंगे और स्वभाषा में दोनों ही सहज होंगे भावों का आदान-प्रदान भी समुचित तरीके से होगाबिंदु 2.8 के अनुसार प्रेरणादायक बाल साहित्य भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं में उपलब्ध करवाया जाएगा एक राष्ट्रीय पुस्तक सरवन नीति तैयार की जाएगी और सभी थानों व शास्त्रों और शैलियों में पुस्तकों की उपलब्धता पहुंच गुणवत्ता और पाठकों को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पहल की जाएगी यहां पर भी स्थानीय स्तर व स्थानीय भाषाओं को महत्व दिया जा रहा सभी भारतीय भाषाओं में पुस्तकें उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा

बहुभाषावाद एवं भाषा की शक्ति को भी नई शिक्षा नीति में 4.11 मैं महत्व दिया गया है कम से कम 5 गया या 8 ग्रेड भी हो सकते हैं शिक्षा का माध्यम घर की भाषा/ मातृभाषा, स्थानीय भाषा/ क्षेत्रीय भाषा होगी यह सिद्ध भी हो चुका है कि छोटे बच्चे घर की भाषा/ मात्री भाषा में सार्थक अवधारणाओ को अधिक तेजी से सीखते हैं

सभी विषयों की पुस्तकों को घरेलू भाषाओं/ मातृभाषा में उपलब्ध कराया जाएगा बच्चे द्वारा बोली जा रही भाषा और शिक्षण की भाषा में यदि कोई अंतराल है तो उसे दूर किया जाए जहां घर की भाषा एवं मातृभाषा भिन्न हो वहां भावी एप्रोच का उपयोग करने का प्रयास होगा इस तरह के अपने अनुसंधान द्वारा यह सिद्ध किया है की भाषा हमारे संज्ञानात्मक प्रक्रिया का अंग होती हैबहुभाषिकता से विद्यार्थियों को अत्याधुनिक संज्ञानात्मक लाभ होता है और इसका संदर्भ शिक्षा नीति के बिंदु 4.12 मैं दिया गया है आधारभूत स्तर से ही बच्चों को मातृभाषा को प्रकाशन के अवसर दिए जाएंगे ग्रेड 3 के ग्रेड 3 के व उसके पश्चात अन्य उसके भाषाओं में पढ़ने लिखने के अवसर दिए जाएंगे केंद्र सरकार द्वारा सभी क्षेत्रीय भाषाओं (विशेषकर आठवीं अनुसूची में वर्णित सभी भाषाओं) में भाषा शिक्षकों की बड़ी संख्या में किया जाएगा विभिन्न राज्य राज्यों के लिए शिक्षकों के आदान-प्रदान हेतु द्विपक्षीय समझौते कर सकते हैं द्विभाषा फॉर्मूला अपनाने में आसानी होगीविभिन्न भाषाओं को सीखने के लिए और भाषा शिक्षण को लोकप्रिय बताने के लिए तकनीक एवं वृहद उपयोग किया जाए इस क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग प्रयासरत है जिसमें विभिन्न क्षेत्रीय स्थानीय भाषाओं में विषय वस्तु निर्माण एवं एक भाषा के लिखित विषय वस्तु के साथ दूसरी भाषा में श्रवण की व्यवस्था आदि प्रमुख है4.13 के अनुसार बहुभाषावाद वह राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रिभाषा फार्मूला जारी रहेगा लेकिन इसमें राज्यों को स्वतंत्रता भी दी गई है 3 भाषाओं के विकास में राज्य क्षेत्रों व छात्रों को अपने अनुसार विकल्प चुनने की स्वतंत्रता होगी केवल एक शब्द है कि 3 में से 2 भाषाएं भारतीय भाषाएं होगी इसके पश्चात छात्र कक्षा 6 या 7 में भाषा परिवर्तित कर सकते हैं एक भारतीय भाषा व साहित्य में दक्षता प्राप्त करनी होगी बिंदु 4.14 के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली विज्ञान एवं गणित की पाठ्यपुस्तक के वह अधिगम सामग्री द्विभाषी होगी जिनमें स्थानीय भाषा घर की भाषा मातृभाषा होगीयह अनेक शोध अध्ययन द्वारा स्पष्ट हो चुका है कि तथाबिंदु 4.15 के अनुसार हमारी भारतीय भाषाओं में अनेक समृद्ध व सांस्कृतिक भंडार है जिन्हें जानने के लिए हमें अपनी भाषाओं के नजदीक आना होगा और उपर्युक्त प्रयासों से यह संभव हो पाएगा मैंने अपनी पुस्तक हानियां भाषाएं एवं सांस्कृतिक विकास मैं ऐसा ही छोटा सा प्रयास किया है हमारी स्थानीय भाषा राजस्थानी में नहीं सांस्कृतिक साहित्यिक आध्यात्मिक धरोहरओ को उदाहरणों द्वारा उजागर करने का प्रयास किया है4.16 के अनुसार विद्यार्थियों को द लैंग्वेज ऑफ इंडिया पर एक प्रोजेक्ट तैयार करना होगा जो मूल्यांकन रहित होगा इसका उद्देश्य केवल यह है कि विद्यार्थी भारतीय भाषाओं की एकता उनकी वैज्ञानिकता वर्ण ध्वन्यात्मक था लिपियों व्याकरणिक संरचनाओं संस्कृत व प्राचीन भाषाओं से इनके अंतर्संबंध अंतर प्रभाव व अंतरों को समझ पाएंगे इसके साथ ही विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों की भाषाएं आदिवासी भाषाओं की प्रकृति एवं संरचना प्रत्येक भाषा की पंक्तियां व संरचना आदि को जान पाएंगे जिससे उन्हें सांस्कृतिक विरासत व विविधता का अनुभव होगा।

भारत में जनसंख्या नीति का समाजशास्त्रीय विश्लेषण

घनश्याम कुशवाहा
सहायक प्रोफेसर-समाजशास्त्र
पं.दी.द.ऊ.राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी, वाराणसी
919984671213

सारांश:-

किसी भी देश या समाज की उन्नति वहाँ पर उपलब्ध जनसंख्या और उसकी तकनीकी क्षमता पर निर्भर करता है। तकनीकी क्षमता से तात्पर्य उस श्रमिक कुशलता से है जिसकी सहायता से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग किया जाता है। आर्थिक वृद्धि एवं आर्थिक विकास किसी भी स्वस्थ अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे संकेत माने जाते हैं। आर्थिक वृद्धि एक निश्चित समयावधि वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मान में वृद्धि का संकेत है जबकि आर्थिक विकास के द्वारा गुणात्मक रूप से जनसंख्या के समग्र स्वास्थ्य, कल्याण और शैक्षणिक स्तर में सुधार को समझा जाता है। वर्तमान समय में विश्व के तमाम विकासशील देशों के साथ भारत में भी बढ़ती जनसंख्या एक गंभीर समस्या बनी हुई है। देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, प्रदुषण और संसाधनों तथा नौकरियों की कमी का मूल कारण जनसंख्या विस्फोट है। यह शोध पत्र जनसंख्या के विविध आयामों और उसका समाज पर पड़ने वाला प्रभाव तथा अब तक की नीतिगत प्रयासों की विस्तार से विवेचना कर समाधानों के प्रति सजग व्यावहारिक विश्लेषण पर ज़ोर देता है।

बीज शब्द:

जनसंख्या-नीति, भारत, उत्तर-प्रदेश, कुपोषण, जनांकिकीय लाभांश, मानव संसाधन, विकास,

प्रस्तावना:

आज पूरा विश्व जनसंख्या की समस्या से जूझ रहा है। जहां एक ओर विश्व के तमाम विकसित देश अपनी जनसंख्या की कमी को महसूस कर रहे हैं वहीँ दूसरी तरफ भारत जैसे विकासशील देश इसकी आधिक्य की मार झेल रहा है। एक समाज की आदर्श स्थिति उसकी अनुकूलतम जनसंख्या पर निर्भर करता है। अनुकूलतम जनसंख्या से अभिप्राय जनसंख्या के उस आकार से होता है, जो उपलब्ध संसाधन, पूँजी व वर्तमान प्राविधि की स्थिति में अधिकतम प्रति व्यक्ति आय प्रदान करता है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसमें बहुरंगी विविधता के साथ ही अपनी एक विशाल सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत भी विद्यमान है। क्षेत्रफल की दृष्टिकोण भारत विश्व का सातवां जबकि जनसंख्या के दृष्टिकोण से यह दूसरा महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

समाजशास्त्र के ऑक्सफ़ोर्ड डिक्शनरी के अनुसार, "जनसंख्या उन व्यक्तियों या इकाइयों के समुच्चय को संदर्भित करती है जिनसे एक नमूना लिया जाता है और जिस पर किसी भी विश्लेषण के परिणाम लागू होते हैं"। दुसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि "जनसंख्या शब्द का प्रयोग जनगणना और सांख्यिकीय दोनों ही अर्थों में किया जाता है। जनगणना के अर्थ में, किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाले व्यक्तियों के समूह को जनसंख्या कहते हैं। सांख्यिकीय अर्थों में, विश्लेषण की इकाइयों के कुल योग को जनसंख्या कहा जाता है"। भारत दुनिया का पहला ऐसा देश है जिसने सबसे पहले 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम को अपनाया तथा पहली पंचवर्षीय योजना में ही बढ़ती जनसंख्या को विकास के बाधक के रूप में चिन्हित किया गया। दो दशक बाद 1976 में देश की पहली जनसंख्या नीति की घोषणा की गई तथा 1981 में इन नीति में कुछ संशोधन भी किए गए। इसके बाद सन 2000 में 'राष्ट्रीय जनसंख्या नीति' की घोषणा की गई।

साथ ही अगर उत्तर प्रदेश की जनसंख्या की बात करें तो अभी तक के उपलब्ध 2011 की जनगणना के ब्योरे के अनुसार, उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 19.98 करोड़ है जो कि वर्ष 2001 की जनगणना में 16.62 करोड़ थी। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या चीन, भारत, अमेरिका, इण्डोनेशिया के बाद 5वें स्थान पर है। उत्तर प्रदेश का औसत लिंगानुपात- 912 है जोकि भारत के लिंगानुपात- 943 से कम है। हाल ही में 11 जुलाई, 2021 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की नई जनसंख्या नीति 2021 - 2030 की घोषणा की गई। इस नई जनसंख्या नीति में प्रदेश की जनसंख्या को स्थिर करने तथा वर्ष 2026 तक जन्मदर को प्रति हजार आबादी पर 2.1 तक तथा वर्ष 2030 तक 1.9 तक लाने का प्रावधान किया गया है, जो सम्प्रति 2.7 है। सवाल यह उठता है कि राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 पहले से ही देश में लागु है तो फिर उत्तर प्रदेश को आज नई जनसंख्या नीति की जरुरत क्यों पड़ गई? क्या देश की बढ़ती हुई जनसंख्या किसी गंभीर समस्या की ओर संकेत कर रही है? वर्ष 2017 में संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामले विभाग के जनसंख्या प्रकोष्ठ ने 'द वर्ल्ड पापुलेशन प्रॉस्पेक्टस: द 2017 रिवीजन' रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि "भारत की आबादी लगभग सात सालों में चीन से ज्यादा हो जायेगी। साथ ही यह भी अनुमान लगाया लगाया गया है कि वर्ष 2050 तक वैश्विक जनसंख्या वृद्धि का आधा हिस्सा केवल 9 देशों- भारत, नाइजीरिया, कांगो, पाकिस्तान, इथियोपिया, तंजानिया, अमेरिका, युगांडा और इंडोनेशिया में केंद्रित होगा"। "संयुक्त राष्ट्र की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी 2027 में चीन को पार कर जाएगी।"

एक बड़े राज्य के तौर पर बढ़ती आबादी फिलहाल चिंता का विषय है। लेकिन, अगर तथ्यों पर गौर करें तो पाते हैं कि उत्तर-प्रदेश में प्रजनन दर दुसरे सर्वेक्षण (1998-99) में 4.06 की अपेक्षा चौथे सर्वेक्षण (2015-16) में 2.74 रह गई है। यह प्रदेश की जनसंख्या नीति 2000-16 का परिणाम है। राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 का उद्देश्य भी कुल प्रजननता को प्रतिस्थापन स्तर यानी 2 बच्चे प्रति जोड़ा तक लाना है जो इसका मध्य-सत्रीय लक्ष्य है। 2045 तक जनसंख्या को स्थिर करना इसका दूरवर्ती लक्ष्य था। अब यह समय बढ़कर वर्ष 2070 हो गया है। देखा जाये तो आबादी पर काबू पाने के लिए अभी तक देश में वर्ष 1996 से 'काहिरा मॉडल' लागू है, जिसके तहत आबादी को घटाने के लिए आम जनता पर कोई दबाव नहीं डाला जाता है, बल्कि शिक्षा के जरिये उनमें छोटे परिवार के प्रति एहसास दिलाया जाता है।" विशेषज्ञों का भी मानना है कि सरकारी अंकुश से जनसंख्या नियंत्रण भारत में कारगर नहीं है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में वैसी अमानवीय कार्यवाही मुमकिन नहीं है। यहाँ आपातकाल (1975-77) में पुरुष नसबंदी का काफी विरोध हुआ था। महिलाओं को शिक्षा और रोजगार ही प्रजनन दर को कम करने का उत्तम उपाय हो सकता है। शिक्षा और रोजगार की दिशा में एक सार्थक पहल की अत्यंत जरुरत है।

देश में जनसंख्या नियंत्रण की कवायद ऐसे समय में हो रही है जब प्रजनन दर में पहले से ही गिरावट दर्ज की जा रही है। प्रजनन दर (फर्टिलिटी रेट) का अर्थ है कि एक स्त्री अपने जीवन में कितने बच्चों को जन्म देती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एन.एफ.एच.एस.) के अब तक के सर्वेक्षणों के अनुसार प्रजनन दर लगातार घट रही है। इसके अनुसार चौथे सर्वेक्षण (2015-16) में यह 2.18 थी जिसके 2030 तक 1.8 पर आ जाने की संभावना है। प्रजनन दर को रिप्लेसमेंट लेवल माना जाता है अर्थात इस दर पर जनसंख्या स्थिर हो जाएगी। रिप्लेसमेंट लेवल से नीचे लाने का लक्ष्य एक और समस्या को जन्म देगी जिसमें बाल श्रम की कमी तथा बुजुर्ग आबादी बढ़ने की समस्या होगी। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि रिप्लेसमेंट लेवल में यह गिरावट बिना किसी दंडात्मक प्रावधान से आयी है। सरकार ने 2017 की 'यूथ इन इंडिया' रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि शहरों में प्रति स्त्री प्रजनन दर दो बच्चे से कम रह गई है।

यदि संसाधनों की बात करें तो भारत के पास कृषि योग्य भूमि दुनिया की मात्र 2% है, पीने योग्य पानी मात्र 4% है और जनसंख्या दुनिया की 20% है। विश्व की बढ़ती हुई आबादी पर सर्वप्रथम लोगों का ध्यान माल्थस ने अपने लेख के माध्यम से आकर्षित किया था। माल्थस के अनुसार, "जनसंख्या का विस्तार ज्यामितीय दर से जबकि कृषि उत्पादन अंकगणितीय दर से होती है। अर्थात कहने का तात्पर्य है कि समृद्धि बढ़ाने का सबसे कारगर तरीका है जनसंख्या की वृद्धि को नियंत्रित किया जाये।"जनसंख्या की बढ़ती रफ़्तार निश्चित ही पूरे मानव जाति के लिए एक अभिशाप है क्योंकि यह देश और उसके समाज के विकास बाधित करता है। अगर जनसंख्या बढ़ने के कारणों पर गौर करें तो पाते हैं कि भारत में

अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन का व्यापक प्रचार नहीं किया जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और धार्मिक मानदंडों का अधिक दृढ़ता से पालन किया जाता है, जो जनसंख्या में वृद्धि के लिए उत्तरदायी कारक हैं।

भारतीय समाज एक पुरुष प्रधान समाज है। पुरुष प्रधान समाज होने के नाते पुरुषों का सामाजिक व्यवस्था पर एकाधिकार है। आज भी पितृ-सत्तात्मक समाज में लड़की से ज्यादा महत्व लड़कों को दिया जाता है। हिन्दू सामाजिक संस्कार में बेटे को पिता के लिए स्वर्ग की सीढ़ी कहा जाता है। माता-पिता के अंतिम संस्कार बेटे के ही हाथों होने की बात कही गई है ताकि उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हो सके। अतः परिवार में बेटे का होना एक अनिवार्य शर्त बन जाती है और दंपति को मोक्ष की प्राप्ति हेतु पुत्र प्राप्ति के निरंतर प्रयास जारी रहता है। दूसरी तरफ गरीब और अनपढ़ लोग अधिक बच्चों को जन्म देते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि अधिक बच्चे मतलब अधिक कमाने वाले हाथ। बेटे की चाह में परिवार का आकार बढ़ता जाता है। परिणामस्वरूप जनसंख्या भी बढ़ती जाती है। इस तथ्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि जन्म दर वहाँ ज्यादा है जहां सामाजिक-आर्थिक विकास कम हुआ है और स्वास्थ्य सेवाएँ पर्याप्त नहीं हैं।

इस स्थिति से परे भी जनसंख्या के बढ़ने के अन्य तमाम कारणों में जन्म दर और म्रत्यु दर में बढ़ता अंतर, कम उम्र में विवाह, अशिक्षा, गरीबी, परिवार नियोजन के प्रति संकीर्ण धार्मिक दृष्टिकोण, बेरोजगारी, निम्न जीवन स्तर, मनोरंजन के साधनों की कमी इत्यादि सम्मिलित हैं। जनसंख्या को रोकने का सबसे कारगर उपाय है व्यक्ति का सर्वंगीण विकास। इस विकास में वे सारे कारक सन्निहित हैं जो व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने की क्षमता रखते हैं। बेहतर शिक्षा के साथ आर्थिक सम्पन्नता एक बहुत बड़ा कारण है मनुष्य के प्रजनन दर को कम करना। तीव्र गति से बढ़ती अतिरिक्त जनसंख्या प्राकृतिक संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ डालती हैं। मानव का पृथ्वी पर बढ़ता छाप जिसे हम 'पारिस्थितिकी पदचिह्न' (Ecological footprint) का नाम देते हैं, जिसके अनुसार यह अनुमान लगाया जाता है कि, "अगर प्रत्येक व्यक्ति एक निश्चित जीवनशैली का अनुसरण करे तो एक अनुमान के मुताबिक वर्तमान वैश्विक जनसंख्या के लिए लगभग दो पृथ्वी की आवश्यकता है। कहने का तात्पर्य है कि मानव द्वारा एक वर्ष में उपयोग की जाने वाली चीजों को पुनः उत्पन्न करने में पृथ्वी को लगभग दो वर्ष का समय लगता है।"

बढ़ती जनसंख्या को अगर एक संसाधन की दृष्टि से देखा जाए तो ये भारत जैसे देशों के लिए बहुत ही कारगर साबित हो सकती है। जिसमें जनसांख्यिकीय लाभांश सबसे चर्चित शब्द है, जिसका मतलब है कि एक देश की कुल जनसंख्या में कामकाजी उम्र की आबादी का अनुपात ज्यादा है। ये लोग आर्थिक विकास में व्यापक योगदान कर सकते हैं। 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की क़रीब आधी आबादी ऐसी है जिसकी उम्र 25 साल से कम है। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि आने वाले अगले 10 वर्ष के बाद इसका लाभ भारत को मिलने लगेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो आबादी को बोझ ना मानते हुए इसे एक संसाधन के रूप में विकसित किया जाये तो यह मानव पूँजी के रूप में अतिरिक्त आय के साधन साबित हो सकते हैं जैसे, कुशल श्रम, मानव संसाधन का निर्यात, जनांकिकीय लाभांश और सस्ता लेबर जैसे कारकों का लाभ उठाया जा सकता है।

2019 की रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर दूसरा बच्चा कुपोषण का शिकार है। संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य के अनुसार जिसमें भारत भी सम्मिलित है, दुनिया को 2030 तक भुखमरी से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया गया है'। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु भारत को अपनी वर्तमान दर से दोगुनी गति से प्रयास करना होगा, जो कि कठिन दिखाई पड़ता है। कुपोषण की इस समस्या से निपटने का क्या तरीका होगा उस पर ईमानदारी से गौर करने की जरुरत है। मसलन केवल नीतियाँ बनाने और उससे सम्बंधित भवन निर्माण से यह समस्या हल नहीं होने वाली है बल्कि इसके लिए प्रभावी जनजागरूकता के साथ इसके वास्तविक धरातल पर उतरना होगा। जनसंख्या नीति को महज दो बच्चे तक सीमित रखना भी स्त्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

वरिष्ठ आईएएस निर्मला बुच के 2005 के अध्ययन के अनुसार स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने की खातिर तीसरे बच्चे से इनकार करने के लिए पुरुषों ने अपनी पत्नियों को छोड़ दिया, अथवा बच्चा किसी और को गोद दे दिया। गर्भ में बेटी होने पर गर्भपात बढ़ गया। दो बच्चे की नीति से हरियाणा और पंजाब में पुरुषों की तुलना में स्त्रियों का अनुपात बहुत कम हो गया।

पॉपुलर फाउंडेशन ऑफ़ इंडियाज की निदेशक पूनम मुतरेजा कहती हैं कि "इसी का नतीजा है कि महिलाओं को दुल्हन के रूप में बेचा जाता है, यौन कर्मी बनने के लिए मजबूर किया जाता है, उनके साथ गुलामों जैसा बर्ताव किया जाता है, मारपीट की जाती है और अंततः छोड़ दिया जाता है।" आर्थिक सर्वेक्षण (2017-18) की रिपोर्ट बताती है कि बेटे की चाहत रखने वाले भारतीय समाज में 25 वर्ष तक की उम्र की 2.1 करोड़ अनचाही बेटियाँ हैं। तथ्य इस बात की ओर इशारा करते हैं कि नीतियों का सबसे व्यापक प्रभाव स्त्रियों, बच्चों, गरीबों और वंचित वर्ग पर पड़ता है। अतः नीतियाँ बनाते समय एक व्यापक परिधि का निर्माण करना होगा ताकि उसका सकारात्मक लाभ सभी को प्राप्त हो सके।

निष्कर्ष:-

भारत की बढ़ती जनसंख्या निश्चित ही चिंता का विषय है। तेज़ी से बढ़ती इस आबादी के लिये भोजन, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास जैसी आवश्यक सुविधाएँ जुटाना एक बड़ी चुनौती है। इससे न केवल सामाजिक, बल्कि पर्यावरणीय और आर्थिक समस्याएँ भी उत्पन्न हो रही हैं। सरकारी स्तर पर बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिये कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लेकिन, जरुरत इस बात की है कि लोगों में इस समस्या के प्रति संवेदनशीलता के साथ जागरूकता उत्पन्न की जाये। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से ही किसी भी योजना या कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। अतः एक बहुआयामी समावेशी नीति की जरुरत है जो समाज के सभी वर्गों, विशेषकर गरीब और वंचित तबके को सकारात्मक रूप से लाभ पहुँचा सके।

अगर हम वास्तव में इस बढ़ती हुई जनसंख्या के प्रति अपने को सजग करते है तो हमें विवाह के उम्र में वृद्धि, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, भूमि का उचित उपयोग, संसाधनों का उचित दोहन तथा न्यायसंगत बँटवारा, शिक्षा और जागरूकता की आवश्यकता जिसमें स्त्री शिक्षा पर विशेष जोर, उचित औद्योगीकरण, बेहतर सरकारी नीतियाँ, परिवार नियोजन को बढ़ावा देना होगा। विकास आर्थिक मॉडल असमानता पैदा करने वाला रहा है, जिसने समाज के एक बहुत छोटे हिस्से को फायदा पहुँचाया है। इन सभी उपायों पर सही तरीके से विचार करने की जरुरत है।

******

संदर्भ :-

1. ऑक्सफ़ोर्ड डिक्शनरी ऑफ़ सोशियोलॉजी (इंडियन एडिशन) गोर्डन मार्शल, 2007, p-508.
2. उच्चतर समाजशास्त्रीय विश्वकोश, हरिकृष्ण रावत, रावत पब्लिकेशन्स, 2017, p-359.
3. https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/india-to-surpass-china-in-population-in-seven-years-united-nations/articleshow/48271847.cms
4. आउटलुक जनसंख्या नीति/आबादी की राजनीति, आउटलुक, 9 अगस्त, 2021.
5. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम, p-78-79
6. भारतीय समाज की जनसांख्यिकीय संरचना, 2021-22, p-12
7. ब्रिटानिका.कॉम
8. Johar36garh.com. अक्टूबर 21, 2019.
9. आउटलुक जनसंख्या नीति/आबादी की राजनीति, आउटलुक, 9 अगस्त, 2021.

नई शिक्षा नीति, समाचार लेखन:संपादन और रोजगार

डॉ. नवनाथ गाड़ेकर
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग,
भारत महाविद्यालय, जेऊर (म.रेल)
तहसील-करमाळा, जिला-सोलापुर (महाराष्ट्र)पिन- 413202
मो. 9960949298

शोध सारांश :-

इन अंग्रेज इतिहाकारों द्वारा इस मिथ्या बात को इतना जोर-शोर से उठाया गया कि उस समय के लोगों ने इस मिथ्या का विरोध करने के स्थान पर उसे सहज ही स्वीकार कर लिया जिनमें, बाल गंगाधर तिलक, जवाहरलाल नेहरू, दयानंद सरस्वति आदि थे।

जवाहर लाल नेहरू ने अपनी कृति "The Discovery of India" आर्यों के आक्रमण के मिथ्या कपोल कल्पना को इतिहास की घटना मानी थी, तथा उन्होंने आर्यों के मूल स्थान के संबंध में लिखा है कि ''उनका (आर्यों का) मूल स्थान मध्य एशिया था। वहीं अपनी एक अन्य कृति ''पिता के पत्र पुत्री के नाम'' जिसका प्रकाशन 1929 में हुआ था उसमें लिखा था कि पुराने जमाने में मिस्र की तरह हिन्दुस्तान में भी सभ्यता फैली हुई थी। रोजगार होता था और यहाँ के जहाज हिन्दुस्तानी चीजों को मिस्र, मेसोपोटामिया और दूसरे देशों को ले जाते थे। उस जमाने में हिन्दुस्तान के रहने वाले द्रविड़ कहलाते थे। ये वही लोग हैं जिनकी संतान आजकल दक्षिणी हिन्दुस्तान में मद्रास के आसपास रहती है। उन द्रविड़ों पर आर्यों ने उत्तर से आकर हमला किया, उस जमाने में मध्य एशिया में बेशुमार आर्य रहते होंगे। मगर वहाँ सबका गुजारा न हो सकता था इसलिए वे दूसरे मुल्कों में फैल गए। बहुत से ईरान चले गए, बहुत से यूनान तक और उससे भी बहुत पश्चिम तक निकल गए। हिन्दुस्तान में उनके दल कश्मीर के पहाड़ों को पार करके आए। आर्य एक मजबूत लड़ने वाली जाति थी और उन्होंने द्रविड़ों को भगा दिया।''[1]

नेहरू की छवि स्वतंत्रता संग्राम के समय में एक पूर्ण राष्ट्रवादी नेता या व्यक्ति की रही होगी जिस कारणवश उनका विरोध करने का साहस कदाचित किसी में नहीं रहा होगा, अन्यथा नेहरू से इस आर्य आक्रमण वाली कल्पनाओं की विचारधारा को प्रमाणित करने की विनती किसी एक ने तो की होती। परन्तु कदाचित 1944 में उन्होंने अहमद नगर की जेल में बैठकर आर्यों के आक्रमण का जो आंकलन बिना प्रमाण के कर लिया वह कदाचित वह न करते यदि सम्पूर्ण भारतीय जनता अपने राष्ट्र को स्वाधीन करवाने हेतु संघर्षशील न होते। यह मानने योग्य तथ्य है कि यदि आप किसी जेल या बंद कोठरी में कैद हैं जहाँ पर आपके मनोरंजन हेतू मात्र कुछ कोरे पन्ने व पैन मौजूद है जो कदाचित आप या तो कहानियाँ लिखेंगे या मनोरंजक नाटक लिखेंगे! परन्तु हास्यासपद है कि एक अंग्रेजी विश्वविद्यालय कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से वकालत की डिग्री प्राप्त करने वाले एक कानून के विद्यार्थी व एक वकील ने एक ऐसी भारतीय जाति (आर्य) को विदेशी घोषित कर दिया जिनका वृतांत वेदों के अतिरिक्त अन्य धार्मिक पुस्तकों में भी प्राप्त होता है।

उसी के साथ ही साथ यह भी बड़े ही आश्चर्य का विषय है कि बाल गंगाधर तिलक व दयानंद सरस्वति जैसे महान पुनअरुत्थानवादी महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्तियों ने भी बिना किसी संकोच व रूकावट के नेहरू व अन्य वामपंथियों की इस कपोल कल्पना व मिथ्यापूर्ण इतिहास को सहज ही स्वीकार कर लिया। स्वामी दयानंद सरस्वति ने आर्यों का मूल स्थान तिब्बत को माना है। वहीं तिलक ने अपनी कृति "The Acetic Home in the Vedas" (1903) में आर्यों के मूल स्थान को मध्य एशिया को माना है।''[2] जबकि यदि बात प्रमाणिकता की जाये तो कदाचित अंग्रेजी इतिहासकारों व वामपंथी इतिहासकारों के लिखों व उनके किताबों के अतिरिक्त कुछ भी प्राप्त नहीं होगा। जबकि वास्तविकता तो यह है कि आर्य बाहरी जाति या व्यक्ति के ही बाहर था। यह भ्रामक धारणा फैलाने का पूर्व श्रेय पाश्चात्य इतिहासकारों व वामपंथी इतिहासकारों को जाता है जिन्होंने आर्यों को बाहरी आक्रमणकारी जाति के रूप में प्रचारित करने का प्रयत्न किया था। जबकि आर्यों का वर्णन वेदों व पुराणों में भी प्राप्त होता है। भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने इस धारणा को सिरे से निवासियों को शूद्र बनाया था। अम्बेडकर ने अपनी बहुचर्चित कृति Who was the shudras? में विस्तारपूर्वक लिखा है कि, ''ब्राह्मण शास्त्रों से यहां ज्ञात होता है कि शूद्र कौन थे और चौथा वर्ण कैसे बना?'' अम्बेडकर के मतानुसार यह भ्रामक इतिहास हेतू पाश्चात्य विद्वान उत्तरदायी हैं। जिन्होंने यह भ्रम फैलाया है कि आर्य बाहर से आए थे और उन्होंने यहाँ के मूल लोगों को पराजित कर शूद्र बनाया? यह इस मत का विरोध करते हुए कहते है कि ''आर्य एक भाषा है। ''आर्य' शब्द का संबंध न रक्त से है, न शारीरिक ढाँचे से, न बालों से और कपाल से है। जो आर्य भाषा बोलते हैं, वे ही आर्य है।''[3] अम्बेडकर का यह वक्तव्य कोरी कल्पना मात्र नहीं थी अपितु उन्होंने अपने इस वक्तव्य को प्रदान करने से पूर्व ऋग्वेद को आधार बनाया था। उन्होंने लिखा है कि 'आर्य' शब्द का ऋग्वेद में 88 बार प्रयोग हुआ है। इसका प्रयोग चार विभिन्न अर्थों में किया गया है, जो ये हैं- 1. शत्रु, 2. संभ्रात नागरिक, 3. भारत देश का नाम, और स्वामी, वैश्य अथवा नागरिक।''[4] इसी प्रकार 'आर्य' शब्द 31 बार आया है, जिसका अर्थ कहीं भी जाति नहीं है।''[5]

अम्बेडकर का यह वक्तव्य उस मत को विमरा देना है जिसमें आर्यों के विदेशी होने की कल्पना की गयी थी। भारतीय राजनीतिक चिंतक स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने जिस प्रकार से अपनी पुस्तक The Arctic Home in the Vedas में आर्यों का मूल निवास स्थान आर्कटिक क्षेत्र को बताया था वह वास्तव में तथ्यही प्रतीत होता है क्योंकि अम्बेडकर ने यह कहकर तिलक के विचारों को औचित्यहीन माना था कि ''आर्कटिक क्षेत्र में घोड़ा विद्यमान नहीं था, जो आर्यों का प्रिय पशु था।''[6] वर्तमान समय में जिस प्रकार से आर्यों को विदेशी बताकर उन्हें एक बर्बर व आक्रमणकारी या विदेशी आक्रांति के रूप में कथित अम्बेडकर वादियों, वामपंथियों या फिर पाश्चात्य विचारकों द्वारा एक मिथ्या इतिहास की कपोल कलपना मात्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। कदाचित वह एक मात्र राजनीतिक प्रेरणा से भरी हुई प्रतीत होती है। क्योंकि स्वयं बाबा

साहेब अम्बेडकर जी ने इस मान्यता को अपनी सर्व चर्चित पुस्तक ''शूद्र कौन थे'' में से नकार दिया था कि आर्य विदेशी थे। यहां कोई साधारण सी बात नहीं थी कि एक ऐसी जाति के लोगों को विदेशी जाति के रूप में प्रमाणित करने का प्रयास किया जाना जो कि भारतीय इतिहास में अपना एक गौरवमयी इतिहास की पराकाष्ठा को जीवित किए हुए थे।

आर्यों को या आर्य सभ्यता को विदेशी या आक्रमणकारी कहने के पीछे एक बहुत बड़ा षडयंत्र जान पड़ता है जो जिस लार्ड मैकाले के द्वारा अपने पिता हेतु लिखे गये पत्र से जान पड़ता है। इस पत्र में लार्ड मैकाले ने लिखा था कि ''हिन्दुओं का प्रचार और इसाईयत को बढ़ावा देना ही वास्तविक मकसद है। इसी प्रकार का एक पत्र मैक्समूलर का भी प्राप्त होता है जिसे उसने अपनी पत्नी को लिखा था जिसमें उसकी भारतीय हिन्दुओं के प्रति घृणा का प्रत्यक्ष रूप में देखा जा सकता हैं इसमें उसने लिखा था कि, अर्थात मुझे आशा है कि मैं यहां कार्य सम्पूर्ण करूँगा और उसे पूर्ण विश्वास है। यद्यपि मैं उसे देखने को जीवित न रहूँगा, तथापि मेरा यह संस्करण वेद का आहन्त अनुवाद बहुत हद तक भारत के भाग्य पर और उस देश की लाखों आत्माओं के विकास पर प्रभाव डालेगा। वेद इनके मूल हैं, और मुझे विश्वास है कि इनकों यह दिखाना कि वह मूल क्या है- उस धर्म को नष्ट करने का एकमात्र उपाय है, जो गत 3000 वर्षों से उससे (वेद) उत्पन्न हुआ।''

इसी प्रकार का एक पत्र मैक्समूलर ने भारत के तत्कालीन मंत्री ड्यूक ऑफ आर्गायल को भी लिखा था जिसमें उसने लिखा था कि "The Ancient Religion of the India is doomed, If Christianity does not step in. Whose fault will it be?"[7] अर्थात् ''भारत के प्राचीन धर्म का पतन हो गया है, यदि अब भी ईसाई धर्म नहीं प्रचालित होता तो उसमें किसका दोष है?''

इस प्रकार के साक्ष्यों का आंकलन करने के पश्चात यह कहने में किंचित मात्र भी संकोच नहीं करना चाहिए कि ''आर्यों के आक्रमण'' वाली विचारधारा कथित अंबेडकरवादियों,वामपंथियों व पाश्चात्य इतिहासकारों द्वारा रचा गया प्रपंच था जिससे कि सर्वप्राचीन भारतीय हिन्दू सभ्यता का लोप किया जा सके। आर्य आक्रमण वाला सिद्धान्त कोई एक मात्र क्षणिक भाव से उत्पन्न होने वाला सिद्धांत नहीं था अपितु यह पाश्चात्य (अंग्रेजों) इतिहासकारों व वामपंथियों द्वारा एक सोची-समझी चाल थी जिसके द्वारा भारतीयों को जातिवाद, धर्म व उनके मूल स्थान के आधार पर उनको बांटा जा सके। मगर इसे भारत व भारतीयों का दुर्भाय ही कहा जायेगा कि जिस देश की जनसंख्या या सभ्यता को बाहरी बताकर उनके आत्मसम्मान के साथ खेला जा रहा है। सबसे बड़ा दुर्भाय इन आर्यों (भारतीयों, हिन्दुओं) का तो यह है कि जिस प्रकार से आर्य आक्रमण वाली मिथ्या, कपोल कल्पना वाली विचारधारा को बलपूर्वक उठाया जा रहा है, तथा रोमिला थापर जैसी वामपंथी विचारधारा को पाले बैठी लेखिकाओं/ लेखकों ने इस मिथ्या विचारधारा को अपनी इतिहास की पुस्तकों में बड़े अध्याय के रूप में जगह दी है वह वास्तव में अशोभनीय राष्ट्रहित हेतु एक संकट प्रतीत होता है? क्योंकि आने वाली पीढ़ियों यदि इस प्रकार का असत्य व कल्पनाओं की इतिहास को पढ़ेंगी को निश्चित ही उन्हें अपने पूर्वजों पर शर्म व ग्लानि होगी जो की भारतीय सभ्यता व उसकी अखंडता हेतु उचित नहीं है।

वास्तव में यदि बात इन तथ्यहीन इतिहास को लिखने वाले इतिहासकारों तक रहती तब भी ठीक था परन्तु बिडम्बना तो यह है कि, आधुनिक राष्ट्र निर्माण की धुरी रहे बाल गंगाधर तिलक व दयानंद सरस्वति जैसे विचारकों ने भी इस मिथ्या को सहज ही स्वीकार किया कि वास्तव में आर्य आक्रमणी जाति थे तथा बाहरी थे जिन्होंने भारत के मूल निवासियों द्रविड़ों पर आक्रमण करके उन्हें यहाँ से भगा दिया। यह सोचने वाली बात है कि क्या यह संभव है कि कुछ लोगों ने किसी देश या विशाल भू-भाग पर आक्रमण करके वहाँ के मूल सभ्यता को ही नष्ट कर दिया हो यह कदापि संभव नहीं हो सकता है। क्योंकि यदि यह संभव होता तो वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व की लगभग आधी आबादी को कोई और दुनिया बसानी पड़ती क्योंकि अंग्रेजों ने लगभग 300 वर्षों से अधिक समय तक लगभग आधे विश्व पर अपना आधीपत्य जमाये रखा था।

यह घोर चिंता की बात है कि हम लोग इस प्रकार के तथ्यहीन इतिहास को

मिथ्या बताने की बजाय स्वीकारते जा रहे हैं जिसमें दलित-सवर्णों, वैदिक-द्रविड़ विभेदों व संघर्ष ही दिखाई पड़ता है वहीं अनेकों राष्ट्रवादी नेताओं, लेखकों व विद्वानों द्वारा भी इस औपनिवेशिक काल के द्वारा लिखे गये मनगढंत इतिहास को मजे से स्वीकार करने में ज़रा भी संकोच नहीं करते। उनमें से किसी को भी इस बात का अंदाजा नहीं है कि इस आर्य आक्रमण वाले सिद्धान्त को स्वयं उनके विरूद्ध कितने जोर से व सोच-समझकर उठाया जा रहा है जो कि उनके व उनकी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य हेतु ठीक दिखायी नहीं पड़ता है।

यह बहुत ही शर्मसार करने वाली बात है कि इस आर्य आक्रमण वाले झूठे इतिहास को कुछ भारतीय संस्थाओं, लेखकों व इतिहासकारों द्वारा भी मजे से स्वीकार करके, विद्यार्थियों के सामने किसी न किसी रूप में परोसा जा रहा है। जबकि श्री अरविन्द ने अपनी पुस्तक ''भारतीय संस्कृति के आधार 1921'' में आर्य आक्रमण को पूर्ण रूप से काल्पनिक बताया है, वहीं श्री अरविन्द के ही प्रखर शिष्य के.डी. सेठना (अमल किरण) ने भी अपनी पुस्तक द प्राब्लम ऑफ आर्यन लोरिजन्स, 1980 1992 में माना है कि आर्य आक्रमण वाला सिद्धान्त सही नहीं हो सकता है क्योंकि ऋग्वेदी संस्कृति हड़प्पा सभ्यता से पहले की साबित हो चुकी है और ऋग्वेदी संस्कृति के भारतीय होने पर कोई विवाद नज़र नजर नहीं आता।

यदि हम वर्तमान समय में इस विचारधारा को इतनी तीव्रगति से फैलने का कारण देखें तो हमें इसमें कहीं न कहीं भारतीय राजनीति की कपटी व स्वार्थपूर्ण राजनीति ही दिखायी देगी। क्योंकि यदि वह आर्य आक्रमण के सिद्धांत का विरोध करेंगे तो कहीं न कहीं एक जाति या धर्म का वोट बैंक खिसकता हुआ नज़र आता है। क्योंकि यदि ऐसा न होता तो भारत में वर्तमान समय में इस विचारधारा हेतु हजारों पुस्तकों के द्वारा भिन्न-भिन्न अवसरों पर मंचों के द्वारा हमारी वर्तमान पीढ़ी के मस्तिश्क को इस प्रकार से दूषि करने का कार्य न किया जा रहा होता। इसका सर्वविदित कारण यह हो सकता है कि कुछ वर्गों, लेखकों, वामपंथियों को कदाचित यह न लगता हो कि यदि आर्यों को बाहरी न बतायेंगे तो यहाँ का एक बड़ा हिन्दू वर्ग स्वयं में ही गर्व की अनुभूति करने लगेगा तथा वह इसका लाभ उठाऐंगे तथा भारत-गौरव की बात करने वाले यह कह सकेंगे की वह लोग व वैदिक सभ्यता के विशुद्ध भारतीय है, मूल आर्य है, जो कि विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता है। जबकि वास्तविकता तो यह है कि वैदिक सभ्यता के समय में जितना आत्मत्व व अहिंसक जीवन था उतना किसी अन्य सभ्यता के समय वह कहीं खो सा जाता है।

संदर्भ-

1. पिता के पत्र पुत्री के नाम (1929), पृ. 115-116
2. (Thapar, Romila, The Theory of Aryan Race and India : History and Politics. "Social scientist 24, 24, No. 1/3 (1993): 3-29, doi : 10.2307/3520116")
3. डॉ. अम्बेडकर संपूर्ण वाङ्मय, खण्ड-13, डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान, कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार इर्न दिल्ली, संस्करण, जून 1998, पृ. 43
4. वही, पृ. 47
5. वही, पृ. 47
6. वही, पृ. 51
7. Max Muller's letter to Duke of Argyull (1968)

ज्ञान कर्म और भक्ति से आनन्द का सम्बन्ध

डॉ. शारदा गौतम
सहायक आचार्य
दौलतराम महाविद्यालय
दिल्ली विश्वविद्यालय

आनन्द शब्द की व्युत्पत्ति निंद प्रसन्नता। यह प्रसन्नता बौद्धिक या मानसिक, शारीरिक अथवा भौतिक तथा आध्यात्मिक किसी भी प्रकार की होनी संभव है यह केवल उसकी प्राप्ति के स्तर, प्रयत्न, इच्छा, संकल्प इत्यादि सभी पर निर्भर है इसमें किसी न किसी रूप से समर्पण तथा संस्कार भी सम्मिलित हैं

हमारे वेद, उपनिषद् इस आनन्द तत्व की पृष्ठभूमि के रूप में है तथा वहाँ अलग-अलग रूप में विस्तार है ज्ञान से अभिप्राय अज्ञान का नाश है गीता में कहा गया है।

ऋते ज्ञानात् न मुक्तिः

ज्ञान से अभिप्राय बौद्धिक आनन्द अथवा शान्ति से भी है या चित्र की स्वरूपस्थिति से भी है जिसे उपनिषदों में मोक्ष कहा गया है तथा गीता में जिसे बुद्धि स्थिति कहा गया है या इस स्थिति को प्राप्त करने वाले को स्थितप्रज्ञ कहा गया है-

एषा ब्राह्मी स्थिति पार्थ एनां प्राप्य न विमुद्धति

इस लोक में सुख दुःख से लिए जिस देव की कल्पना वेदों में है उसे कर्म कहा गया है- यजुर्वेद में कहा गया है

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः

गीता भी यही कहती है तथा निष्काम कर्म या समर्पण भाव से फलेच्छा रहित होकर कर्म करने पर बल देती है क्योंकि इस प्रकार कर्मयोग होता है तथा कर्म का किसी भी प्रकार का अच्छा या बुरा बन्धन प्राप्त नहीं होता जो कि मुक्ति या मोक्ष या आनन्द की अवस्था या स्थिति के लिए परमावश्यक है-

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन

ज्ञान बौद्धित है कर्म मानसिक तथा शारीरिक दोनों प्रकार के हैं तथा कर्म किए बिना एक क्षण भी नहीं रहा जा सकता।

न च काश्चेक्षणंमपि जातुतिष्ठत्यकर्मकृत

कठोपनिषद् में ज्ञने ही श्रेयमार्ग कहा गया है या मोक्षद्वार कहा गया है। अर्थात् अनासक्त भाव से कर्म करने से चित्र की शुद्धि होती है बुद्धि की स्थिरता होती है शान्ति प्राप्त होती है जो कामनाओं की प्राप्ति में ही लीन रहने वाले को नहीं होती।

कल्पना की गई है और इसका आश्रय पर ब्रह्म की बताया गया है तथा आनन्द एवं ब्रह्म की एकरूपता सिद्ध की गई है। अन्य शब्दों में आनन्द ही ब्रह्म तथा ब्रह्म ही आनन्दा कहा जा सकता है। पहले अन्नमय, प्राणमय, मनोमय, विज्ञानमय तदनन्तर आनन्दमय कोष आता है यह सर्वश्रेष्ठ है किन्तु ब्रह्म पाँचों कोशों में है क्योंकि वह तो सर्वत्र विद्यमान है। मृगुवल्ली में क्रम से अब की अवस्था से आनन्द की अवस्था तक ब्रह्म की सत्ता और स्तर ही बताए गए है।

तैत्तिरीयोपनिषद् में ब्रह्मनन्दवल्ली इसी तथ्य का विस्तार करती है

कठोपनिषद् में इसी आत्मानन्द को इस प्रकार अभिव्यक्त किया गया है।

तमात्मस्थ ये डनुपश्यन्ति धीरास्तेषां
शान्तिः शाश्वती नेतरेषाम्

यह शान्ति स्वात्मभूत या आत्मस्वरूप या आत्मा में स्थित है जिसे गीता में ज्ञानयोग के माध्यम से समझाया गया है।

अजो नित्यो शाश्वतोज्यं पुराणो न
अन्यते हन्यमाने शरीरे

इसी ज्ञान और कर्म के साथ ही भक्ति भावना जुड़ी हुई है जिसे ईश्वर के प्रति समर्पण भावना भी कहा जा सकता है। योगदर्शन में तो यहाँ तक कहा गया है। जो प्राणी समाधि इत्यादि योग नियमों का पालन नहीं कर सकते उनके लिए ईश्वर के प्रति यदि पूर्ण सपर्णन की भावना है तो वे भी कैवल्य प्राप्ति कर सकते हैं।

ईश्वर

गीता में भी कहा गया है

ममेकं शरणं वज्र

भक्ति में भी एक अपूर्व, पूर्णानंद की स्थिति है एक रस है एक शान्ति है सर्वत्र परमात्म दर्शन तथा हर क्षण परमात्म स्मरण तथा समर्पण है। भक्ति

मार्ग अपनाकर भी मोक्ष की आनन्द दाययक स्थिति को प्राप्त किया जा सकता है किन्तु उसमें समर्पण अर्थात् पूर्णरूप से स्वस्व समर्पण तथा स्वस्व त्याग की भावना होनी आवश्यक है।

इसी को वैष्णव भक्ति मार्ग वाले अधिक विस्तार से समझाते है कि भक्तिपूर्वक समर्पण से भगवान भक्ति से दूर नहीं रहते और उसे मृत्यु से भी बचा लेते है जैसे मार्कण्डेय मुनि जिसकी आयु केवल 12 वर्ष थी, महोदय के प्रति समर्पण भक्ति भाव से उसे यमपाश से मुक्ति मिली साथ ही अनन्त आयु का वरदान मिला। इसी तरह गर्जन्द्रमोक्ष में भी गजेन्द्र की कारूणिक तथा समर्पित पुकार जब भगवान विष्णु तक पहुँची तो उन्होंने पुरन्त उसका मगरमच्छ से मोक्ष कर दिया। इस मोक्ष को भवसागर से मोक्ष के रूप में भी प्रतीकात्मक रूप में लिया जा सकता है कि गजेन्द्र समर्पित भक्त है तथा भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु उसका भवसागर से मोक्ष या उदार कर रहे हैं तथा उसे सांसारिक कष्टों या पीड़ाओं से मुक्ति दे रहे हैं क्योंकि जन्म के साथ ही रोग, चिन्ता, वृद्धास्था तथा मृत्यु रूकी पीड़ाएं जुड़ कर ही आती हैं तथा जब तक प्रयासों से अथवा भगवत् भक्ति की समर्पण भक्ति की समर्पण भावना से मोक्ष नहीं होता तब तक प्रसन्नता, शान्ति या आनन्द की स्थिति उत्पन्न होनी समम्भव है तथा ज्ञान, कर्म तथा भक्ति तीनों अपने-अपने रूप से मोक्ष या आनन्द की अवस्था से जुडे हुए है- क्योंकि निज्काम कर्म के बिना चितशुद्धि नहीं होती चित्तशुद्धि के बिना ज्ञान उत्पन्न नहीं होता अर्थात् सर्वत्र परमात्म दर्शन नहीं होता या

तत्केन के पश्येत् की भावना उत्पन्न नहीं होती न ही एकत्व की स्थिति होती है तथा इन सबके साथ ही ईश्वर में विश्वास तथा समर्पण की भावना जिसे भक्ति कहा गया है वह भी होनी परमावश्क है तथा ज्ञान, कम्र तथा भक्ति किा प्रत्येक प्रकार के मानसिक, शारीरिक तथा आध्यात्मिक आनन्द की प्राप्ति में योगदान है।

वेद सभी प्रकार की ज्ञान…….. के मूल स्रोत्र है उन वेदों में ही एक ओ एकेश्वरवाद सर्वेश्वरवाद की आवश्यकता है जो ब्रह्म को समर्पित है अर्थात् उनमें केवल ब्रह्म की सत्ता मानी गई है और अनेको प्रकार से उसे सत्तावान् ज्ञानवान् आनन्दस्वरूप बताया गया है इसलिए कमी आनन्दों वै सः कभी आनन्द इत्यादि कहा गया है कभी सुखस्वरूप कहा गया है कभी उसे मोक्ष का पर्याय ही कहा गया है अर्थात् मोक्ष की आनन्ददायक अवस्था पर कुछ स्वरूप ही है क्योंकि कुछ नहीं है और फिर यह आनन्द अलौकिक अनुपम है जिसके समक्ष स्वर्ग भी अवर है क्योंकि कहा गया है कि पुण्यों की समाप्ति हो जाने पर पुनः मृत्यु लोक में आना पड़ता है अर्थात् स्वर्ग में रहने की स्थिति केवल पुण्यसंचय तक ही है।

क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकमाविशन्ति

और फिर यह स्वर्ग का सुख भी आनन्द नहीं है क्योंकि आनन्द अपने आप में अलौकिक अनुभूति है जो किसी वस्तु विषय में आ ही नहीं सकती केवल अनुभव का विषय ही होती है जैसे आत्मा केवल अनुभव का विषय है सांसारिक प्रमाणों जैसे प्रत्यक्ष, अनुभाव, शब्द इत्यादि का विषय है ही नहीं केवल अनुभव होता है कि अहमस्मि इति। और यह आत्मा ही परमात्मा का अंश है जो चिरकाल के अज्ञान के संस्कारों के कारण सीमित हो जाता है किन्तु जब ज्ञान, योगकर्म एवं भक्ति के माध्यम से स्वरूपावस्थित हो जाता है तो यही आत्मा, परमात्मा स्वरूप हो जाता है आनन्दस्वरूप हो जाता है तभी बृहदारण्यक उपनिषद में कहा गया है कि आत्मा का ही श्रवण मनन, चिन्तन करो चाज्ञवल्क्य, मैत्रेयी के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहते हैं कि आत्मा को जो सुख देता है या जो आत्मा के अनुकूल है वही हमें प्रिय होता है अतः आत्मा ही सबसे बढ़कर है इसका ज्ञान करो।

आत्मा वारे श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यसितव्यः

यद्यपि लौकिक आनन्द से ही शुरुआत होती है किन्तु जब यही केन्द्री करण आत्मतत्व की ओर होना शुरु होता है तो आध्यात्मिकता की ओ यात्रा आरम्भ होती है और परमानन्द की अनुभूति होने लगती है फिर सांसारिक आनन्द निकृष्ट लगने लगता है और साधक उसी में स्वरूपावस्थित होकर सदा के लिए उसी में ही रहना चाहता है ब्रह्मसूत्र में लीलावत्रु कैवल्यम् सूत्र रही भावाभिव्यक्ति करता है कि परब्रह्म संसार की सृष्टि अपनी लीलास्वरूप या आनन्द के लिए ही करता है तभी यह भी कहा- एकोऽहं बुहस्याम् आत्मा में आनन्दा की स्थिति उसकी तृप्ति, पुष्टि या सन्तुष्टि कुछ भी कहा जा सकता है।

आनन्द की अनुभूति की पराकाष्ठा मोक्षप्राप्ति है अर्थात् चित्तशुद्धि इत्यादि से जो आत्मतत्व का ज्ञान होता है और साधक निष्काम कर्मयोग का आश्रम लेकर उस ओर गति करता है तो अन्त में जीवन के परमलक्ष्य मोक्ष को प्राप्त कर लेता है यही आनन्द की चरमसीमा है।

वेदों के सोमसूक्त में ज्ञान में एक अलौकित मादकता भी है सोमसूक्त में कहा गया है कि

अथाहि ते मद आसोम मन्ये रेवान्

छान्दोग्योपनिषद् में भूमा विद्या' में आत्मवेदं सर्वम् की उपपत्ति से यही निष्कर्ष निकलता है कि आत्मानन्दः सः स्वराड् भवति अर्थात् आत्मभाव में ही आनन्द है। चैतन्य की समग्रता आत्मभाव है और यही आत्मभाव ही आनन्द है। यह आत्मानुभूति ही आत्मानन्द या आनन्दस्वरूप है। अर्थात् परमसत्रा परमचैतन्य जिसे कि पर ब्रह्म कहकर सर्वशक्तिमान् और सर्वव्यापक कहा गया है वह परमानन्दा ही है बृहदाण्यको पनिषद् में इसे ही इस प्रकार कहा है कि ब्रह्म विज्ञान है और आनन्द है।

विज्ञानमानन्दं ब्रह्म

अर्थात् विज्ञान ही आनन्द है। इसी आनन्द में सत्ता है या अस्तित्व है तथा चैतन्यता है। अर्थात् संसार की समस्त वस्तुओं तथा व्यक्तियों में जो प्रियत्व है वह वस्तुतः अपनी आत्मा की ही तृप्ति या सनुष्टि है यही आत्मानुभूति ही आनन्द की चरमसीमा या निष्पत्ति है।

तैत्तिरीर्यापनिषद् में आनन्द मीमांसा के अन्तर्गत मानुषिक आनन्द को सभी प्रकार की आनन्द का आधार माना गया है। मानुषिक मोरा ही आनन्द का एक अंश है जो अपनी परिशुद्ध एवं प्रकृष्टावस्था में आत्मानन्द स्वरूप हो जाता है।

आचार्य शङ्कर भी इसी पर अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए कहते हैं कि सांसारिक आनन्द, ब्रह्मनन्द का ही एक अंश है उससे भिन्न नहीं है

लौकिकोप्यानन्दो ब्रह्मनन्दस्यैव मात्रा

ईर्शापनिषद् में कहा गया है कि यह परमानन्द, सांसारिक स्वर्णिम वस्तुओं के अपभोग एवं आकर्षण से ढका हुआ है तत्त्ववेत्ता ही इससे प्ररिचित होकर अपने वास्तविक आनन्दस्वरूप में स्थित हो सकता है

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्

इसी बात को पहले त्यागपूर्वक ही उपभोग करने की शिक्षा से भी समझाया गया है।

तेन व्यक्त्येन भुञ्जीथा:

तथा कर्म फल की इच्छा का त्याग करके ही कर्म करने की प्रेरणा दी गई है।

कुर्वन्नेवेह कमर्माणि जिजीविषेच्छतं समा:

गीता में भी इसी बात को समझाते हुए श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि निष्काम कर्म करो तथा कर्मफल का कारण मत बनो। न ही अकर्मण्यता अपनाओं

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन
मा कर्मफलहेतु भू र्मा ते सगोस्त्वकर्मणि

अनासक्ति तथा फलाक्ति के भावों को ऋग्वेद में दो स्वर्मिण पक्षियों के माध्यम से समझाया गया है

द्वा सुपर्गा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते

अर्थात् निष्काम कर्म करके ही कर्म अच्छा या बुरा कोई बंधन नहीं देते केवल प्रारब्धकर्मों की समाप्ति तक ही शरीरबन्धन रहता है उसके पश्चात् मोक्ष या परमानन्द की स्थिति प्राप्त हो जाती है जिसे ब्राह्मी स्थिति भी कहा गया है यही आनन्द स्वरूप है।

आनन्द का स्वरूप

आनन्द शब्द नन्द नन्दने से धम् प्रत्यय करके व्युत्पन्न हुआ है जिसका अर्थ है प्रसन्नता की स्थिति यह प्रसन्नता आन्तरिक, बाह्य किसी भी रूप में हो सकती है जैसे यदि कोई क्षुधापीड़ित हो और उसे मनपसन्द व्यञ्जन मिल जाए तो उसकी तृप्ति से जो क्षुधाशान्ति होती है उस समय वह यही कहता है।

प्रभु आनन्द आ गया

यह आनन्द प्रसन्नता या क्षुधानिवृत्ति या क्षुधापीड़ा से मुक्ति है जो कि बाह्य होते हुए भी कहीं न कहीं मानसिक स्तर पर ही जाकर शान्त होती है इसी तरह की शीत से पीड़ित व्यक्ति गर्मवस्त्र पहनकर शीतनिवृत्ति होने से एक शान्ति, प्रसन्नता की स्थिति को प्राप्त होता है वह भी एक प्रकार का बाह्य आनन्द है जो मानसिकता से जुड़ा हुआ है क्योंकि आनन्द प्राप्ति का प्रथम साधन, स्तर शरीर है क्योंकि मनुष्य एक शरीर के रूप में पहले है जहाँ प्रत्येक प्रकार की शान्ति आनन्द आवश्यक है तदनन्तर
ही जो मानसिकता शान्ति का स्तर होता है उसी से आगे आध्यात्मिक आनन्द की प्राप्ति सम्भव है क्योंकि भूखे रहकर तो भगवान् का स्मरण भी नहीं हो तथा क्योंकि उस समय क्षुधापीड़ा हमारे शरीर तथा मन को अशान्त तथा व्यथित कर रही होती है। यह सामान्य या लौकिक आनन्द या ब्राह्य आनन्द है किन्तु यही आनन्द जब अपनी चरमसीमा को प्राप्त होता है तथा मात्र आंतरिक हो जाता है तो उस समय ज्ञान की स्थिति उत्पन्न होती है जिसे उपनिषदों में मोक्ष की स्थिति कहा गया है क्योंकि ब्रह्म को आनन्दस्वरूप कहा गया है।

आनन्दो वै स:

तैत्तिरीयोपनिषद् में ब्रह्मानन्दवल्ली में इसी कथन का विस्तार है। ब्रह्मसूत्र में इसे तत्तु समन्वय या एकी भाव कहा गया है।

तत्तु समन्वयात्

अर्थात् मोक्ष की स्थिति आनन्द की अवस्था है या ब्रह्म से एकत्व की स्थिति है जिसमें साधक स्वयं ही ब्रह्मस्वरूप हो जाता है जिसे मुण्डकोपनिषद् में कहा जाता है। ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है।

ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति

इस स्थिति में नानात्मक स्थिति या भ्रमात्मक अवस्था या अज्ञान अथवा अशान्ति या पीड़ा की स्थिति न रहकर केवल मात्र ब्रह्म ही होता है उसके अतिरिक्त देखने सुनने को कुछ नहीं होता।

बृहदारण्यकोपनिषद् में कहा गया है।

तत्केन कं पश्येत

इसी उपनिषद् में याज्ञवल्क्य तथा गागे के संवाद में आत्मा की ही एकमात्र स्थिति तथा उसकी ही एकमात्र सन्तुष्टि बताई गई है कि व्यक्ति प्रसन्न तब होता है जब उसकी आत्मा प्रसन्न होती है वह चाहे बाह्य तत्त्व से हो या आन्तरिक ज्ञान की स्थिति से हो अतः आत्मा का ही श्रवण, दर्शन मनन तथा निदिध्यासन करना चाहिए।

आत्मा वाडरे श्रोतव्यो द्रष्टव्यो
मन्तव्यो निदिहयासितव्यः

यही आनन्ददायक स्थिति है जिसे मुण्डकोपनिषद् में कहा गया है उस समय हृदय की गाँठे खुल जाती है सभी सन्देह मिट जाते हैं सभी कर्मों का क्षय हो जाता है जब परमात्मदर्शन होता है या आनन्द की अवस्था की प्राप्ति होती है।

भिद्यते हृदयग्रन्थिः छिन्द्यन्ते सर्वसंशयाः
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे

और यह मोक्ष या आनन्द की स्थिति केवल मनुष्य जन्म में ही प्राप्त होती है क्योंकि

मननात् मनुष्यः

अन्यथा अनर्थ की श्रृंखला तैयार मिलती है

इह चेदवेदीत् सत्यं नचेदिहावेदित्
तन्महती विनष्टिः

अर्थात् बुद्धि तो पशु पक्षियों में भी होती है किन्तु मनुष्य में विशेष बुद्धि या विवेक शक्ति होती है जिसका सदुपयोग करके वह जीवन के परमलक्ष्य तथा परमपुरुषार्थी चा आनन्द की स्थिति को प्राप्त कर सकता है। ईश्वर स्वयं आनन्द स्वरूप है महोदय

की स्तुति में उन्हें चित् आनन्द स्वरूप तथा मोह को दूर करने वाला या वैराग्य देने वाला कहा गया है।

चिदानन्द सन्दोह मोहापहारी
प्रसीद प्रसीद प्रभुः मन्मथारिः

उपनिषदों तथा ब्रह्मसूत्र के अनुसार आनन्द की स्थित में या मोक्ष प्राप्ति की अवस्था में किसी भी प्रकार का कोई कार्य शेष नहीं रह जाता न ही भूख प्यास लगती है साधक ब्रह्म में लीन होकर सभी प्रकार के सांसारिक कष्टों से मानसिक, शारीरिक पीड़ाओं से मुक्त हो जाता है यह स्थिति आना सरल कार्य नहीं है क्योंकि गीता में अर्जुन कहता है।

चञ्चलो हि मनः कृष्णः प्रमाथि बलवदृढ़तरम्

किन्तु असम्भव कार्य भी नहीं है क्योंकि श्रीकृष्ण कहते हैं कि अभ्यास तथा वैराग्य द्वारा इसे वश में किया जा सकता है।

अभ्यासेन तु वैराग्येन कौन्तेय

अतः आत्मा की स्वरूपवस्थिति या बुद्धि की निश्चयात्मक स्थिति अथवा संदेह रहित शान्त अवस्था जिसे गीता में स्थितप्रज्ञ की स्थिति कहा गया है वही प्राप्त होने पर ब्रद्धिस्थिति या मोक्ष अथवा आनन्द की स्थिति होती है अन्यथा जब तक शमन दमन अर्थात् मन तथा इन्द्रियों पर नियंत्रण नहीं होता व्यक्ति सांसारिक शब्द, स्पर्ष रूप, रस, गन्ध इन विषयों में ही या आमनोओं की प्राप्ति की इच्छा में लगा रहता है उसका चित्त कभी शान्त या स्थिर नहीं हो पाता तथा वह कष्ट भोगता है फिर मुत्यु के पश्चात् जन्ममरणचक्र चलता रहता है।

पुनरपि जननं पुनरपि मरणं
पुनरपि जननी जठरेशयनम्

अतः इन सभी बाह्य तथा आन्तरिक कष्टों से मुक्ति के लिए मोक्षप्राप्ति आवश्यक है।

आनन्द प्राप्ति की चरमसीमा परमानन्द में ही मानी गई है किन्तु लौकिक आनन्द उसकी प्रारम्भिक अवस्था है या उसका प्रथमस्तर है क्योंकि जिस प्रकार शङ्राचार्य ने कहा है कि जीव ब्रह्मस्वरूप ही है उससे भिन्न नहीं है। केवल अपनी अज्ञानावस्था में ही सीमित तथा दुःखबन्धनों में रहकर मिथ्यास्वरूप व्यवहार चलता रहता है किन्तु जैसे ही इस अध्यास की निवृत्ति होती है अर्थात्

अतस्मिन् तद्बुद्धिः अध्यासः

जैसे ही ज्ञान की प्राप्ति या अज्ञान की निवृत्ति होती है उस मसय परमानन्द की अनुभूति होने लगती है साधक तत्त्वमस्त्रि के निष्कर्ष पर पहुँचकर स्वयं में आत्मानन्द की अनुभूति करने लगता है तथा तभी मैं ही ब्रह्म हूँ।

अहं ब्रह्मास्मि

यह आत्मस्वरूपावास्थित या परमानन्द की स्थिति उत्पन्न हो जाती है इसी स्थिति को गीता में ब्राह्मीस्थिति को प्राप्त करके या निश्चयात्मक और व्यवसायात्मिक बुद्धि को प्राप्त करके साधक में किसी प्रकार का सांसारिक मोह नहीं रहता।

एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ।
एषां प्राप्य न विमुह्यति

इसी तथ्य को इस प्रकार भी समझाया गया है कि मोक्ष को प्राप्त करके अमरत्व प्राप्ति हो जाती है।

न च पुनरार्वतते

अर्थात् फिर से जन्ममरणचक्र में नहीं पड़ता केवल मात्र आनन्द की स्थिति या आत्मज्ञान की अवस्था में ही परमानन्द या सुखानुभूति होती है मुण्डको पनिषद में भी कहा गया है कि ब्रह्म को जानने वाला ब्रह्म ही हो जाता है।

ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति

अनासक्त कर्म करके अर्थात् फलेच्छा रहित होकर कर्म करने से कर्म एक योग बन जाता है जिसे गीता में निष्काम कर्म योग या कर्म कौशल भी कहा गया है अर्थात् साधक जल में कमलपत्र की भाँति निर्लिप्त रहने लगता है।

कमलपत्रामिवाम्भसा

और यह आनन्दा की स्थिति या मोक्ष की स्थिति या तो नियमपूर्वक ब्रतोपसाना इत्यादि से तथा महावाक्यों के श्रवण से चित्तशुद्धि करके प्राप्त होती है या फिर जो साधक नियमपालन में असमर्थ है वह भी यदि ईश्वर के प्रति पूर्णसमर्पित भाव से जाए उसे भी मोक्ष की आनन्द दायक स्थिति प्राप्त हो जाती है। जिसे गीता में कहा गया है। कि सभी कर्म ईश्वर को समर्पित हो तथा यह भी कामना न रहे कि ईश्वर मुझ पर प्रसन्न हों इसके अतिरिक्त योगसूत्र में भी कहा गया है।

ईश्वर प्रणिधानाद् वा

ब्रह्मसूत्र में जो लोकवत् तु लीला कैवल्यम् कहा गया है की ब्रह्म का विवर्त है या लीला या क्रीडा या आनन्दमात्र ही जगत् है तभी कहा जगत् स्वप्नवत् असत्य है

ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या

किन्तु जीव, ब्रह्म से भिन्न नहीं है

जीवो ब्रह्मव नापरः

तैत्तिरीयोपनिषद् की ब्रह्मनन्द वल्ली के षष्ठ अनुवाद में कहा गया है।

सोभामयत बहुस्यां प्रजायेयेति
स तपो तप्यत

और यह भी कहा गया है कि ब्रह्म को जानने वाले परमानन्दस्वरूप हो जाता है-

ब्रह्मविदाप्नोति परम्

तैत्तिरीयोपनिषद् की भृगुवल्ली में आनन्द, विज्ञान, मन, प्राण और अन्न के रूप में हुआ है इसी उपनिषद् में विपरीत क्रम से अन्न से आरम्भ करके, उच्चतर कलाओं के रूप में प्राण, मन और विज्ञान के बाद, आनन्द तक पहुँचा गया है ब्रह्मानन्दवल्ली में स्पष्टरूप से बल तथा बल की अन्यान्य उपाधियों को आनन्द माना गया है। यहाँ क्रमशः शिष्ठ, दृढिष्ठ तथा बालिष्ठ इत्यादि उपाधियाँ दी गई हैं अन्य शब्दों में शक्ति अथवा बल का अतिरेक ही आनन्द स्रोत्र है इसी उपनिषद् की तृतीयवल्ली सत्ता के पादार्थिक स्वरूप सत् तथा वैज्ञानिक स्वरूप चित् इन दोनों से पृथक् उसके मनोवैज्ञानिक स्वरूप आनन्द को सर्वश्रेष्ठ माना गया है यहाँ ब्रह्म का स्वरूपलक्षण प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि ब्रह्म आनन्दस्वरूप है-

अनान्दो ब्रह्मेति व्यजानात्

बृहदारण्यकोपनिषद् में से ही विज्ञान कहा गया है कि ब्रह्म विज्ञानान्दस्वरूप है

विज्ञानमानन्दं ब्रह्म

अर्थात् इन सभी अभिव्यक्तियों में आत्मा ही अवतिष्ठित है जो परमात्मा का ही एक अंश है तथा हर प्रकार की सुखोपलब्धि का साधन है संसार की कोई भी वस्तु या व्यक्ति तभी हमें प्रिय है जब हमारी आत्मा को सुख पहुँचाता है अतः आत्मा का ही श्रवण मनन करना चाहिए, याज्ञवल्क्य, मैत्रेयी को उपदेश देते हुए कहते हैं

आत्मा वाऽरे श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यास्तिव्यः

अर्थात् संसार के समस्त कर्मों तथा संबंधों में आत्मा का ही विस्तार है आत्मा के आनन्द रूप में ही अन्य सभी संबंधों का आनन्द प्राप्त होता है। आत्मानुभूति में ही सभी संबंधों का प्रियत्व या सुखत्व अनुभूति ही आनन्द की विष्पत्ति है। 'तत्त्वमसि को उपदेश द्वारा उपनिषद् ने आत्मा के विशुद्ध, निर्गुण, निराकार निष्काम तथा परमसुख को बताते हुए उसे आनन्दस्वरूप या परमानन्द बताया है।

भक्तिकालीन काव्य में सामाजिक चेतना
(कबीर के विशेष संदर्भ में)

डॉ. अजय कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर
हिंदी विभाग
सत्यवती कॉलेज
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

भक्ति आंदोलन सिर्फ धार्मिक आन्दोलन नहीं है, बल्कि उस सामाजिक- सांस्कृतिक संवाद से उपजा आंदोलन है, जिसका संबंध सामाजिक सरोकारों से है। ऐसा नहीं है कि इसकी शुरुआत भक्ति आन्दोलन से होती है बल्कि यह संवाद लंबे समय से चला आ रहा था। लेकिन इसको मुखर अभिव्यक्ति मिलती है भक्तिकाल में। भक्तिकाल अपने साहित्य की प्रवृत्तिगत विशेषताओं की दृष्टि से भी अप्रतिम है। भाव, भाषा और विचारों की जैसी अभिव्यक्ति इस काल में हुई है वैसी अन्यत्र किसी भी साहित्य में देखने को नहीं मिलती है। समष्टिपरकता जैसी विशेषता ने इसे बहुजनहिताय की मूलभूत चेतना से जोड़ दिया था। यही कारण है कि भक्तिकाल को हिंदी साहित्य का स्वर्णकाल कहते हैं। इस काल में एक तरफ जहाँ सामंतवाद-विरोधी चेतना मौजूद है तो वहीं दूसरी तरफ ब्राह्मणवादी पुरोहितवादी व्यवस्था के खिलाफ भी कवियों ने कवितायें लिखी हैं। इस काव्य में लोकमंगल का पवित्र भाव अन्तर्निहित है। समन्वय की विराटचेतना इस काव्य की प्रमुख विशेषताओं में से एक है। जाति, धर्म और सम्प्रदाय आदि की सीमाओं का अतिक्रमण करता हुआ भक्तिकालीन काव्य भारत की करोड़ों जनता का साहित्य बन जाता है।

हिंदी साहित्य में भक्ति आन्दोलन का आविर्भाव कबीर और उनकी रचनाओं से होता है। कबीर निर्गुण ब्रम्ह के उपासक थे। सिर्फ कबीर ही नहीं वरन सभी संत कवियों के यहाँ ब्रम्ह निर्गुण, निराकार, व अमूर्त है। उनकी ब्रह्म के रूप और आकार में आस्था नहीं थी। इनका लक्ष्य निर्गुण ब्रम्ह की प्राप्ति है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी उनके निर्गुण ब्रह्म के संदर्भ में कहते हैं कि "जब कबीरदास निर्गुण भगवान का स्मरण करते हैं तो उनका उद्देश्य यह होता है कि भगवान के गुणमय शरीर की जो कल्पना की गयी है वह रूप उन्हें मान्य नहीं है।"[1] यहाँ निर्गुण का अर्थ 'गुणहीन' नहीं 'गुणातीत' है। भक्तिकाल के संत कवि निर्गुण ईश्वर को नहीं मानते क्योंकि ये सामाजिक समानता की माँग करते हुए पहले की विषमतामूलक तथा आडम्बर प्रधान धार्मिक परम्परा को बदलना चाहते थे। कबीर निरक्षर थे, 'कागद' और 'मसि' को उन्होंने छुआ नहीं था। निम्न वर्ण और निम्न वर्ग से होने के कारण उन्हें शास्त्रों से परहेज है क्योंकि उनका मानना है कि शास्त्र ही उनके शोषण व वंचन को वैध बनाते हैं। इसीलिए कबीर शास्त्रों पर करारी चोट करते हैं क्योंकि उनका मानना है कि शास्त्र ही 'लकीर का फ़क़ीर'बनाते हैं जीवन को तार्किकता से समझने की ताकत नहीं देते।

कबीर के अन्दर लौकिक सत्ता के खिलाफ वैराग्य का भाव् था तो वही पारलौकिक सत्ता के प्रति अनुराग का भाव था। इनके काव्य का मूल लक्ष्य सभी लोगों का कल्याण है। आगे चलकर कबीर के इस निर्गुण परम्परा से नानक, दादू दयाल, रज्जब, सेना आदि कवि भी जुड़ते चले जाते हैं। ये सभी संत ब्रह्म और जीव के अद्वैत पर बल देते थे और इसके लिए ज्ञान और कर्म की वकालत करते हैं।

कबीर क्या थे ? यह कहना बहुत ही मुश्किल है, कबीर क्या नहीं थे ये सोचना अधिक समीचीन है। भक्त, साधक, संत योगी, समाजसुधारक, युगनेता, कवि, पाखंडों के विरोधी, समय के विराट क्रांतिकारी, आदि। कबीर में युग की आवश्यकता का सब कुछ विद्यमान था । कबीर मर्यादाओं के पिछलग्गू नहीं थे। वो सीमाओं पर विश्वास नहीं करते थे। उन्होंने अपनी परिभाषाएं स्वयं स्थापित की और इस कहावत को चरितार्थ किया-

लीक-लीक पर सब चले, लीकहिं चले कपूत।
ये तीनों बेलीक हैं, शायर, सिंह, सपूत।।

जहाँ तक कबीर की सामाजिकता का प्रश्न है तो हम कह सकते हैं कि कबीर ने अपनी वाणी का प्रयोग साहित्य के लिए कम जनजीवन के कल्याण के लिए अधिक किया । कबीर पहले ऐसे कवि हैं, जिन्होंने आध्यात्म की उचाईयों को छूते हुए भी समाज सुधार पर विधिवत बल दिया। कबीर के समय में भी राजनीतिक दृष्टि से मुसलमान ही शासक थे और वो हिन्दू जनता पर धार्मिक दृष्टि से अपना आधिपत्य चाहते थे। ऐसी राजनीतिक स्थिति के कारण हिन्दू और मुसलमान दोनों ही सम्प्रदायों के धार्मिक विचार विषाक्त हो गए थे। इसका परिणाम यह हुआ कि भारतीय जन जीवन रुग्ण हो गया था। चूँकि कबीर एक युगद्रष्टा और युगस्रष्टा दोनों ही थे इसीलिए उन्होंने अपने युग की आवश्यकता के अनुसार अपनी वाणी का उपयोग किया।

कबीर दास ने अपनी वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त विकृत वर्ण व्यवस्था, जातिभेद, वर्गभेद, छुआछूत, आदि का जमकर विरोध

किया है। सभी मनुष्य चूँकि उसी परमसत्ता का ही अंश है, अतः सभी समान हैं, कोई भी छोटा या बड़ा नहीं है। कबीर कहते हैं -

"एक बूंद एक मल मूतर, एक चाम एक गूदा।
एक जोति से सब जग उपजा, को बाभन को सूदा।।"[2]

कबीर आगे कहते हैं कि जब ब्राम्हण और शुद्र की रगों में बहने वाले खून में कोई भेद नहीं है तो फिर उनमें जातिगत भेद क्यूँ ? क्या उच्च जातियों की नसों में दूध बहता है रक्त नहीं-

"हमारे कैसे लोहू तुम्हारे कैसे दूध
तुम कैसे ब्राम्हण पांडे हम कैसे सूद।।"[3]

छुआछूत जैसी बुराई का विरोध करते हुए कबीर कहते हैं-

"हिन्दू अपनी करें बड़ाई, गागर छुअन न देई।
वेश्या के पायन तर सोवें यह देखो हिन्दुआई।।"[4]

कबीर हिन्दू और मुसलमान दोनों के बाह्य आडम्बरों का जमकर विरोध करते हैं। आज के दौर में भी हमारे समाज में धार्मिक आडंबर और अंधविश्वास सभी जगह मौजूद है। इन आडंबरों के रहते हम कभी भी वैज्ञानिक और तर्कयुक्त समाज का निर्माण नहीं कर सकते। कबीर का महत्व यह है कि वे सिर्फ हमें आडंबरों और अंधविश्वासों से दूर ही नहीं करते बल्कि उन पर तार्किक ढ़ग सवाल खड़े करना भी सिखाते हैं। उनका मानना है कि ऐसा वैज्ञानिक स्वभाव अगर सभी का हो जाए तो निश्चित तौर पर ही तमाम रूढ़ियां और अतार्किक प्रथाएं समाप्त की जा सकती हैं। उन्होंने रोज़ा, नमाज, छापा, तिलक, माला, गंगास्नान, तीर्थाटन आदि का जमकर विरोध किया और शुद्धाचरण व मन की पवित्रता पर विशेष बल दिया। इस संदर्भ में वे कहते हैं -

"माला फेरतजुग भया, फिरा न मन का फेर।
करका मनका डारि दे, मन का मनका फेर।।"[5]

कबीर की सोच तर्कवादी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से युक्त थी। उनकी तर्कवादी सोच का एक पहलू उनके आडंबर विरोधी नजरिये में भी दिखाई देता है। मध्यकाल के संत होने के कारण उनमें ईश्वर के प्रति गहरी आस्था थी। किंतु वे अपनी सहज तार्किकता से समझाते थे कि ईश्वर, जो अपने आप में खुद ही पूर्ण है, किसी भी प्राणी से यह अपेक्षा कभी नहीं करता होगा कि वह उसके नाम पर बलि चढ़ाए, तीर्थटन करे या कर्मकांड करें। अपनी इसी विचार के चलते कबीर ने हिन्दु और मुसलमान के धर्मों में प्रचलित आडम्बरों पर प्रहार किया। उन्होंने देखा कि हिन्दू समाज में मुंडन कराने की प्रथा अपने प्रचंड रूप में विद्यमान है। उनका मानना है कि विशेष रूप से मठ-मंदिर में ईश्वर के साधक इस लालच में गंजे हो जाते हैं कि इस परंपरा पर चलकर ईश्वर तथा स्वर्ग की उपलब्धि कुछ आसान हो जाएगी। कबीर अपने काव्य में इस कुरीति पर जबरदस्त व्यंग्य करते हुए कहते हैं –

"मूंड मुड़ाए हरि मिले, सब कोइ लेय मुड़ाय।
बार बार के मूंडते, भेड़ न बैकुण्ठ जाय।।"[6]

गंगा में नित्य स्नान कर के अपने को पवित्र कहने वालों पर भी कबीर व्यंग्य करते हैं-

"नहाये धोये क्या भया, जो मन का मैल न जाय।
मीन सदा जल में रहे, धोये बास न जाय।।"[7]

कबीर हिन्दू होते हुए भी मुसलमान के घर पले इसलिए उनके मन में दोनों धर्मों के प्रति सम्मान का भाव था। उन्हें सभी धर्मों की बातें प्रिय थी। उनका मानना था कि सभी धर्म मानव कल्याण के लिए हैं। यही कारण है कि कबीर ने सभी धर्मों का सार तत्व ग्रहण किया और उन्होंने हिन्दू और मुसलमानों के बीच बढ़ते हुए संघर्ष, भेदभाव आदि को दूर करने के लिए दोनों को जमकर फटकार लगाई और यह समझाने का प्रयास किया कि राम-रहीम एक हैं और उनमें कोई भेद नहीं है-

"हिन्दू कहे मोहि राम पियारा, तुरक कहे रहिमाना।
आपस में दोउ लरि-लरि मुए, मरम न काहू जाना।।"[8]

कबीर ने मूर्तिपूजा, नमाज और अन्य कर्मकांडों का विरोध करते हुए सामान्य जनता को यह समझाने का प्रयास किया कि मूर्ति-पूजा से भगवान नहीं मिलते उसे पाने के लिए अच्छे कर्म करने चाहिए। यही कारण है कि वो समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास करते हैं-

"पाहन पूजे हरी मिलै, तौ मै पूजूं पहार।
तातै यह चाकी भली, पीस खाय संसार।।"[9]

ऐसे ही मुसलमानों के लिए कहते हैं--

"कांकर पाथर जोरि के, मस्जिद लई चुनाय।
ता चढ़ मुल्ला बांग दे, का बहरा हुआ खुदाय।।"[10]

कबीरदास अहिंसा के समर्थक थे। कबीर ने अपने काव्य में अहिंसा की बात भी अत्यंत गहराई के साथ बताई है। उन्होंने विभिन्न धर्मों और उनके अनुयायियों जैसे महावीर(जैन धर्म) और बुद्ध (बौद्ध धर्म) की परंपरा के अलावा वैष्णव परंपरा से भी अहिंसा का सिद्धान्त सीखा और निजी जीवन में इसका खुब उपयोग भी किया। उनका कहना था कि "साईं के सब जीव हैं, कीरी कुंजर दोय।" इसके साथ-साथ कबीर ने धर्म के नाम पर की जाने वाली हिंसा का भी विरोध किया। हिन्दुओं में शाक्तों और

मुसलमानों में कुर्बानी देने वाले लोगों को फटकारते हुए कहा कि दिन में रोजा रखते हैं और रात में गाय काटते हैं, भला यह कैसा न्याय है? आप लोगों के इस कार्य से खुदा कैसे प्रसन्न हो सकता है?

"दिन में रोजा रहत हैं, रात हनत हैं गाय।
यह तौ खून वह बंदगी, कैसे खुसी खुदाय।।"[11]

कबीर कहते हैं कि हिन्दू लोग गाय को माता कहते हैं क्योंकि वह हमें दूध पिलाती है, इसलिए उसका वध करना माता का वध करने के बराबर है-

"जाको दूध धाई करि पीजै, ता माता का वध क्यों कीजै।"[12]

कबीर कहते हैं कि लोगों को यह देखकर सबक लेना चाहिए कि घास-पत्ती खाने वाली बकरी की खाल खींची ली जाती है लेकिन जो लोग बकरी खाते हैं उनकी क्या दशा होगी ?

"बकरी पाती खात है, ताकी काढ़ी खाल।
जो नर बकरी खात है, ताको कौन हवाल।।"[13]

कबीर की सामाजिकता पर सबसे गंभीर प्रश्न नारीवादी चिंतकों द्वारा लगाया गया है। उनका मानना है की कबीर नारी की समस्याओं को दिखाने की बजाय नारी की अनावश्यक निंदा करते हुए नजर आते हैं। दरअसल, कबीर मध्यकाल की जिस परंपरा में दीक्षा प्राप्त किए थे, उसमें स्त्रियों को 'माया' समझा जाता था और उन पर आरोप लगता था कि वे पुरुषों का ध्यान भटकाने में लगी रहती हैं। आज यह सोचकर आश्चर्य होता है कि कबीरदास ने नारी को कितना कुछ कहा है। वे कहते हैं-

"नारी की झाईं पड़त, अंधा होत भुजंग।
कबिरा तिनकी कौन गति, जे नित नारी के संग।।"[14]

कबीर ने मानव जाति के लिए ऐसे धर्म की स्थापना की जिसे मन सहज ही स्वीकार कर लेता है। उन्होंने दिखावे पर नहीं बल्कि अंत: साधना पर बल दिया जिसमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, परोपकार,, ब्रम्हचर्य, इंद्रिय-निग्रह, सत्संग आदि का समावेश है। इस सब की महिमा का गुणगान कर उन्होंने लोगों को लोकमंगल के कार्यों के लिए प्रेरित किया। उनकी कही गयी बात को आज भी हमारा हृदय बहुत सहजता से स्वीकार करता है।

संदर्भ-ग्रन्थ:-

1. कबीर, आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2002, पृष्ठ 101
2. कबीर ग्रंथावली, चतुर्वेदी, राजेश्वरप्रसाद, प्रियम्बदा प्रकाशन , आगरा, संवत् 2028, पृष्ठ 106
3. कबीर ग्रंथावली, डॉ. श्यामसुंदर दास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, संवत् 2027, पृष्ठ 31
4. कबीर ग्रंथावली, डॉ. श्यामसुंदर दास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, संवत् 2027, पृष्ठ 65
5. कबीर ग्रंथावली, डॉ. श्यामसुंदर दास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, संवत् 2027, पृष्ठ 130
6. कबीर ग्रंथावली, चतुर्वेदी, राजेश्वरप्रसाद, प्रियम्बदा प्रकाशन , आगरा, संवत् 2028, पृष्ठ 38
7. कबीर ग्रंथावली, डॉ. श्यामसुंदर दास, नागरी प्रचारिणी सभा, वाराणसी, संवत् 2027, पृष्ठ 25
8. कबीर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण 2014 पृष्ठ- 130
9. कबीर ग्रंथावली, चतुर्वेदी, राजेश्वरप्रसाद, प्रियम्बदा प्रकाशन , आगरा, संवत् 2028, पृष्ठ 10
10. कबीर ग्रंथावली, चतुर्वेदी, राजेश्वरप्रसाद, प्रियम्बदा प्रकाशन , आगरा, संवत् 2028, पृष्ठ 10
11. http://www.hindisamay.com/Alochana/shukl%20granthavali5/itihas%20shukl2.htm
12. http://gadyakosh.org/gk/
13. कबीर ग्रंथावली, चतुर्वेदी, राजेश्वरप्रसाद, प्रियम्बदा प्रकाशन , आगरा, संवत् 2028, पृष्ठ 59
14. कबीर ग्रंथावली, चतुर्वेदी, राजेश्वरप्रसाद, प्रियम्बदा प्रकाशन , आगरा, संवत् 2028, पृष्ठ 50

*****

लिटि भारद्वाजनियमः

डा "आर् शिवकुमारस्वामि
साहित्यसहायकः
श्रीराजराजेश्वरीवेदसंस्कृत- स्नातकस्नातकोत्तराध्ययनकेन्द्रम्,
स्वर्णवल्ली, शिरसि, उत्तरकन्नडमण्डलम् कर्नाटकराज्यम्
सम्पर्कसंख्या 735309617
तडित्पन्नम् - radhashivuswamy@gmail.com

भूमिका

व्याकरणशास्त्रे इडागमः इति लघुप्रपञ्चो वर्तते । इडागमस्य विधायकांनि सूत्राणि अष्टाध्याय्यां सप्तमाध्याये द्वितीयपादे उक्तानि सन्ति । तत्र सामान्येन "आर्धधातुकस्येड्, वलादेः "[1] इति सूत्रेण इडागमो विधीयते। एवमेव नैकानि सूत्राणि इडागमस्य बाधकान्यपि दृश्यन्ते । सेट् वेट् अनिट् इति शास्त्रे काचित् व्यवस्था परिकल्पिता अस्ति । तदनुसारं कार्याणि प्रवर्तन्तेऽत्र । तत्र अजधातोः वी इत्यादेशे धातोः एकाच्कत्वात् एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् इति निषेधे प्राप्ते कृसृभृवृ.... इति सूत्रेण नियमः उच्यते । तथा च सूत्रे पठितानाम् आदिमचतुर्णां धातूनामेव विषये सः निषेधः नान्येषाम् इति नियमप्रकारः । अन्येषां चतुर्णां ग्रहणं तु अग्रे "ऋतो भारद्वाजस्य" [2] इति वक्ष्यमाणेन सूत्रेण ऋदन्तस्यैव थलि नेट्, अन्यस्य तु भवत्येव इति नियमेन प्राप्तस्य इटः निषेधार्थम् । भारद्वाजस्य मते ऋदन्तात् धातोः परस्य थलः इडागमो न भवति इत्युच्यते । अर्थात् यदि इडागमस्य निषेधः भवति तर्हि ऋदन्तादेव धातोः इति नियम्यते । तेन अन्येषाम् अनृदन्तानां धातूनाम् इडागमः भवत्येव इति । एते एव अंशाः आजन्तोऽकारवान्वा यः इति कारिकायाम् उपनिबद्धाः सन्ति ।

कृञ्चिकापदानि

सूत्रं, धातुः, प्रत्ययः, इत्सञ्ज्ञा, सेटः, वेटः, अनिट्, लिट्, परिभाषा, कारिका ।

औपदेशिकाः आतिदेशिकाः इति द्विविधाः धातवः व्याकरणशास्त्रे सुप्रसिद्धाः सन्ति । "भूवादयो धातवः "[3] इत्यनेन लब्धधातुसंज्ञाः पाणिनीयधातुपाठे उपदिष्टाः औपदेशिकाः । सन् क्यच् काम्यच् इत्यादिभिः द्वादशभिः प्रत्ययैः निष्पादिताः "सनाद्यन्ताः धातवः "[4] इत्यनेन लब्धधातुसंज्ञाः आतिदेशिकाः । एते अनन्ताः धातवः सन्ति ॥

धातुभ्यः विहिताः प्रत्ययाः अपि द्विविधाः सन्ति । सार्वधातुकाः आर्धधातुकाश्च । तत्र धातुभ्यः विहिताः तिङः शितश्च प्रत्ययाः "तिङ्गित्सार्वधातुकम्" [5] इति

सार्वधातुकसंज्ञकाः । अवशिष्टास्तु "आर्धधातुकं शेषः "[6] इत्यनेन आर्धधातुकसंज्ञकाः भवन्ति ॥

एतेषाम् आर्धधातुकप्रत्ययानाम् इडागमस्य विधानम् अष्टाध्याय्याः सप्तमाध्यायस्य द्वितीयपादे कृतं वर्तते । सामान्येन वलादीनाम् आर्धधातुकप्रत्ययानाम् "आर्धधातुकस्येड् वलादेः "[7] इति सूत्रेण इडागमो विधीयते । किन्तु "नेड्गशि कृति" [8] इत्यादिभिः सूत्रैः सः निषिध्यते । यथा पठितः पठितवान् इत्यत्र वलादेः आर्धधातुकस्य निष्ठाप्रत्ययस्य इडागमो भवति । किन्तु कृतः कृतवान् इत्यत्र तस्यैव वलादेरार्धधातुकस्य निष्ठाप्रत्ययस्य इडागमो न भवति ।

कुतः एवमिति चेत् पठितः पठितवान् इत्यत्र "आर्धधातुकस्येड् वलादेः" इत्यनेन प्रत्ययस्य वलादित्वम् आर्धधातुकत्वं च आश्रित्य इडागमः क्रियते । कृतः कृतवान् इत्यादौ तु "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् "[9] इत्यनेन धातोः अनित्वमाश्रित्य निष्ठाप्रत्ययस्य इडागमो न क्रियते ।

एते सेटः, एते अनिटः इति विभागः इत्थं क्रियते । येषां प्रत्ययानाम् इडागमः भवति ते सेटः, येषां न भवति ते अनिटः । येभ्यः धातुभ्यः विहितानां सेद्वत्ययानाम् इडागमो भवति ते धातवः सेटः, अन्ये अनिटः इति विवेकः । ये धातवः धातुपाठे उदात्ताः पठिताः ते सेटः । यथा भू इति। अयं धातुः

धातुपाठे उदात्तत्वेन पठितः । अतः भूधातोः परतः विद्यमानानां "तृच् "[10] "तुमुन् "[11] इत्यादिप्रत्ययानाम् इडागमो भवति। ये च धातवः धातुपाठे अनुदात्ताः पठिताः ते अनिटः इति कथ्यन्ते। यथा पा इति । अयं धातुः धातुपाठे अनुदात्तत्वेन पठितः, तस्माद् पा धातोः अग्रे विद्यमानानां तृजादि प्रत्ययानाम् इडागमो न भवति ।

धातुरपि सेट् भवेत्, प्रत्ययोऽपि सेट् भवेत्, तदैव इडागमो भवति । पीतः पीतवान् इत्यत्र धातुः अनिट्, प्रत्ययाः सेटः तस्मात् इडागमः न भवति । एवं भूतिः इत्यत्र धातुः सेट्, प्रत्ययः अनिट्, तस्मात् न इडागमः । भविता भवितुम् इत्यादौ धातुप्रत्ययौ उभावपि सेटौ, अतः भवति तत्र इडागमः ।

उपदेशे यः धातुः एकाच् अनुदात्तश्च ततः परस्य वलादेरार्धधातुकस्य इट् न भवति इति "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात्" इत्यनेन निषिध्यते। यथा कृ इत्ययं धातुः उपदेशावस्थायाम् एकाच् इत्यतः सः इडागमादिकार्य न लभते ।

प्रकृते "अजेयघञपोः "[12] इति सूत्रम् अज गात्रविक्षेपणयोः इति धातोः वी इत्ययमादेशो भवति आर्धधातुकविषये घञम् अपं च वर्जयित्वा इत्यर्थ कथयति। वी इति धातुः अजन्तः। ऊदृदन्तैः 17% इति चतुर्दशधातुषु अयं नान्तर्भवति चेदपि वी इति तदादेशः अनुदात्तः एव भवति। अजन्तेषु ऊदृदन्तादीनां चतुर्दशभिन्नधातूनाम् अनुदात्तत्वम् अभ्युपगतमस्ति इत्यतः अस्यापि धातोः अनुदात्तत्वात् "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात्" इति सूत्रेण अस्य इडागमस्य निषेधः प्राप्तः । एवं प्राप्ते सति "कृस्भृवृस्तुद्रुसुश्रुवो लिटि"[14]" इति सूत्रम् आरभ्यते । कृ सृ भृ वृस्तु द्रु सु श्रु इत्येतेषां लिटि प्रत्यये परे इडागमो न भवति इति तदर्थः । चकृव चकृम इत्याद्युदाहरणम् । ननु एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् इत्यनेनैव एतेषाम् इण्निषेधे सिद्धे कुतः अस्य आरम्भः इति चेत्, तत्रोच्यते सिद्धे सति आरभ्यमाणः विधिः नियमाय। एकाच उपदेशेऽनुदात्तात् इत्यनेनैव सिद्धे अनेन नियम्यते। नियमप्रकारश्च इत्थम् - प्रकृत्याश्रयः यावान् इण्निषेधः, प्रत्ययाश्रयो वा यावान् इण्निषेधः सः लिटि परे चेत् तर्हि क्रादिभ्यः एव, न अन्येभ्यः धातुभ्यः इति। अर्थात् कृ सृ भृ इत्येतेषां त्रयाणाम् अनुदात्तोपदेशान्तर्भूतानाम् "एकाच उपदेशेऽनुदात्तात्" इति यः प्रकृत्याश्रयः निषेधः, वृधातोः "श्रयुकः किति "[15] इति प्रत्ययमाश्रित्य यः निषेधः तदुभयमपि यदि लिटि स्यात् तर्हि कृसृभृवृ इत्येतेभ्यः एव नान्येभ्यः इति । तेन बिभिदिव बिभिदिम इत्यादौ एकाच उपदेशे इति निषेधः, बभूविव बभूविम इत्यादौ श्युकः किति इति निषेधश्च न भवति ।

अथ स्तुद्रुसुश्रुवां ग्रहणस्य किं प्रयोजनम् इति चेत् कथ्यते सूत्रे अन्येषां चतुर्णां ग्रहणम् अग्रे "ऋतो भारद्वाजस्य " [16] इति वक्ष्यमाणेन सूत्रेण ऋदन्तस्यैव थलि नेटु, अन्यस्य तु भवत्येव इति नियमेन प्राप्तस्य इटः निषेधार्थं वमादिषु अनेन सूत्रेण नियमप्रापितस्य च यः इट् तन्निषेधार्थ च। तथा च अजधातोः थल्प्रत्यये परे वी इत्ययमादेशे उक्तनियमानुसारेण एकाच उपदेशे..... इति निषेधाभावात् इडागमः निर्बाधः इति प्रस्तुतम् ।

किसी भी देश में लोकतंत्र तब आता है जब उसके पीछे कई आंतरिक व बाह्य कारणों के साथ-साथ कुछ क्षेत्रीय आयाम जुड़े होते है। यह आयाम सामाजिक-आर्थिक आयाम के साथ-साथ सांस्कृतिक व राजनीतिक आयाम भी हो सकते है जिसका सीधा संबंध उस समाज के जनकल्याण व जनभागीदारी से जुड़ा होता है। जब किसी समाज के लोगों को राजनीति व सामाजिक जीवन में जन-भागीदारी नहीं मिलती तो इस अवस्था में जन-आन्दोलन होता है जो सत्ताधारी सरकार के विरुद्ध हो सकता है, चाहे फिर वहाँ की सरकार किसी भी स्वरूप में मौजूद हो, उसमें परिवर्तन होना समय की पुकार माना जाता है। यही भूटान के साथ भी हुआ| ऐसे में सवाल यही उपस्थित होता है कि फिर इस अवस्था में भूटान और उसका द्रुक्पा समाज कैसे संवैधानिक लोकतंत्रीकरण के रास्ते की तरफ अख्तियार हुआ। इस बात को गहराई से जानने के लिए हम लोकतांत्रिकरण प्रक्रिया व उन सभी कारणों का अध्ययन करेंगे जो भूटान में संवैधानिक लोकतांत्रिकरण की स्थापना का मार्ग अख्तियार करता है:

भूटान में राजशाही और लोकतांत्रिकरण प्रक्रिया

शब्द्रुंग नामग्याल के शासन में दोहरी प्रशासनिक व्यवस्था के कारणवश भूटान में वंशानुगत राजतंत्र की स्थापना हुई| खासतौर से 1903 में शब्द्रुंग के आखिरी नेताओं में प्रतिद्वंद्विता हावी रही, जिन्होंने अपने पूर्ववर्ती शासकों के राज्य को एकजुट करने के प्रयास को रोका| सभी नेताओं में अंततः उग्येन वांगचुक सबसे बड़े नेता के रूप में उभरकर सामने आया, जिन्होंने न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों को पराजित किया, बल्कि प्रशासन पर भी स्वयं नियंत्रण कर लिया| बौद्ध भिक्षुओं और महत्वपूर्ण सरकारी अफसरों की असेंबली ने उग्येन वांगचुक को 1907 में सर्वसम्मति से चुन लिया, जो भूटान के वंशानुगत राजा के तौर पर जन कल्याण के लिए प्रतिबद्ध था|[1]

जिस समय भूटान के संविधान 2008 के कालखंड में लोकतांत्रिक चुनाव हुए उसमें महिलाओं, नौजवानों तथा नस्लीय पहचान की सहभागिता को भी निश्चित किया गया और इस आधार पर भूटान के संविधान के मूल्यों के तहत भूटान को राजनीतिक सहभागिता हेतू तैयार किया गया| भूटान के संविधान के अनुच्छेद-7, जो भूटान के नागरिक है उन्हें नागरिक स्वतंत्रता, जीवन का अधिकार व व्यक्ति की सुरक्षा प्रदान करता है तथा साथ ही यह भाषण देने, अपनी राय व्यक्त करने तथा अभिव्यक्ति की आजादी प्रदान करता है। इसी अनुच्छेद के अंतर्गत विचारों, अंत:करण व धर्म अपनाने की स्वतंत्रता भी प्रदान की गई है।[2]

राजनीतिक सुधार के तौर पर उन्होंने सर्वोच्च अपील और नियुक्ति का अधिकार अपने पास रखते हुए न्यायपालिका और विधायिका को

कार्यपालिका से अलग कर दिया| उन्होंने हाईकोर्ट और नेशनल असेम्बली की स्थापना की| भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने दो स्तर पर भूटान में राजनीतिक सुधार किया, संस्थानिक शक्ति का विकेंद्रीकरण तथा व्यक्तिगत शक्ति का हस्तांतरण।[3] यहाँ शक्ति का हस्तांतरण विकेंद्रीकरण प्रक्रिया के रूप में हुआ, जो दो स्तर पर हुआ| पहला, आर्थिक योजनाओं का विकेंद्रीकरण तथा दूसरा, निर्णय-निर्माण संबधी संस्थाओं का विकास, ताकि उन्हें ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधात्मक बनाया जा सके।[4] यही कारण है कि 1966 से ही भूटान के प्रशासन में भूटान की संस्कृति को अधिक समाहित किया गया|[5] 1972 में जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था का लोकतांत्रिकरण किया और वीटो पावर की व्यवस्था को फिर से शुरू कर दिया, लेकिन उन्होंने जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता बरकरार रखी| उन्होंने जीएनएच (सकल राष्ट्रीय ख़ुशी) की अवधारणा को बनाए रखते हुए राजनीतिक व्यवस्था का लोकतांत्रिकरण किया|[6]

राजनीतिक व्यवस्था का लोकतांत्रिकरण

भूटान में राजनीतिक व्यवस्था का रूपांतरण लोकतंत्र के रूप में हुआ| भूटान की राजनीतिक व्यवस्था समय-समय पर अपनी परंपरा और संस्कृति के साथ विकसित हुई है| हालाँकि भूटान में लोकतंत्र की स्थापना जिग्मे दोरजी वांगचुक के समय (1952-72) से मानी जाती है जब 1968 में उन्होंने अपना वीटो पावर का अधिकार स्वेच्छा से त्याग दिया| परन्तु स्वयं भूटान नरेश जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने हवाओं के रुख को समय रहते भांप लिया था और शासन में जनता की भागीदारी के लिए दरवाजे खोल दिए|[7] भूटान के वांगचुक वंश के पहले दो राजा उग्येन वांगचुक (1907-1926) तथा दूसरें, जिग्मे सिंग्ये वांगचुक (1926-1952) ने भूटान में एक प्रभावशाली राजनीतिक सत्ता की स्थापना की थी| भूटान में शासन-संचालन हेतू प्रशासन, राजनीति तथा कानूनी संस्थाओ के निर्माण की प्रक्रिया काफी देर बाद शुरू हुई। 1952 के बाद से ही भूटानी नरेश को कार्यपालिका, संसदीय तथा न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हुई|[8] तीसरे राजा ने भूटान में पहली बार राष्ट्रीय सभा का 1953 में गठन किया, जिसमें 150 सदस्यों के रूप में नियुक्त होते थे और इसमें सरकारी अधिकारी, भिक्षु व भूटान के प्रत्येक जिले से जनता के प्रतिनिधि के रूप में सदस्य नियुक्त होते थे।[9] यद्दपि इस समय भूटान की राष्ट्रीय सभा में सभी समूह तथा क्षेत्रो से प्रतिनिधित्व निश्चित होता था लेकिन अंतर केवल इतना था कि इस समय कोई निर्वाचन प्रक्रिया मौजूद नहीं थी।[10]

2008 से 2013 का दौर लोकतंत्र की स्थापना का काल माना जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है की इस समय के दौर में लोकतंत्र की स्थापना के बावजूद वहाँ राजतन्त्रवादी शासन व्यवस्था का दबदबा है| यह दौर ही भूटान में संसदीय लोकतंत्र की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है|[11] हालांकि इस बीच जिस लोकतंत्र की स्थापना होनी थी| उसके पीछे कई कारण उपस्थित थे, जिसे हम सुविधानुसार आंतरिक व बाहरी कारणों के रूप में बाँटकर अध्ययन कर सकते है जो इस प्रकार है:

आंतरिक कारक (Internal Factors)

पूर्ण राजशाही देश की आंतरिक जीवन शैली को एक नई पहचान देती है और स्थानीय सुधारों का आरंभ करती है| राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक का राजनीतिक दबदबा और दूरदर्शिता एक पूर्ण राजशाही से संसदीय लोकतंत्र तक के संक्रमण का मार्ग प्रशस्त करता है| उन्होंने देश में सुधारों की आवश्यकता को महसूस किया और अलगाव, शांतिपूर्ण आर्थिक विकास तथा स्थिर प्रशासन जैसे प्रयासों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया| हालाँकि भूटान की बहुल जनसंख्या ने कभी भी लोकतंत्र के लिए मांग नहीं की, फिर भी राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक ने समय की मांग को देखते हुए दूरगामी निर्णय लिया और वर्ष 2008 में लोकतंत्र के मार्ग को अख्तियार किया जिसने राजशाही से बहु-दलीय लोकतंत्र तक के संक्रमण को सुगम बनाया| भूटान में जो लोकतंत्र आया, उसके पीछे जो कारण रहे उनमें भूटान स्टेट कांग्रेस द्वारा किया जाने वाला लोकप्रिय आन्दोलन तथा नेपाली मूल के भूटानियों द्वारा अपनी नागरिकता व अधिकारों को लेकर किया जाने वाले आन्दोलन था। जिसमें भूटान सरकार ने करीब एक लाख नेपाली भूटानियों को देश निकाला दे दिया गया था। भूटान सरकार के इस कृत्य की चारों तरफ आलोचना भी हुई। यही घटना कहीं न कहीं भूटान के सत्ता पक्ष पर दबाव बनाने में थोड़ा कामयाब रही। ये दोनों ही आंदोलन भूटान के नेपाली मूल के नेतृत्व में रहे थे, जो कि भूटान की द्रुक्पा संस्कृति तथा उनके पारम्परिक राजतंत्र के विरुद्ध था। इसी तरह की परिस्थितियाँ भूटान को संवैधानिक राजतन्त्र और संसदीय लोकतन्त्र की तरफ ले जाने का उग्र कारण बनी। हालांकि इस बीच भूटान राज्य का निर्माण हो रहा था लेकिन साथ ही यह उन कारकों पर भी बल दे रह था जो भूटान देश में संसदीय लोकतंत्र की स्थापना करता हो और यह संभव उन तमाम आंतरिक व बाह्य कारणों से हुआ जो भूटान में लोकतंत्र के जन्म का कारण बना, जिनका अध्ययन हम कुछ प्रमुख कारणों से करेंगे:

वैधता का संकट (Loss of Legitimacy)

लोकतांत्रिकरण की प्रक्रिया को गति प्रदान करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से शासन के घरेलू वैधता में कमी आना रहा है| राजनीतिक वैधता के लिए लोकतंत्र आवश्यक है| लोकतांत्रिक सुधारवादियों का मानना है कि लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया सिर्फ नतीजो तक पहुँचने का एक साधन मात्र है, चाहे वह फिर वैधता का संकट ही क्यों न हो| लोकतांत्रिक प्रणाली उस निर्णय के परिणाम पर निर्भर करती है जो निर्णय

लेने से संबंधित होती है| राजनीतिक वैधता केवल ख़ास परिणामों की गुणवत्ता के लिए के लिए प्रासांगिक है| समकालीन राजनीतिक दर्शन में राजनीतिक वैधता लोकतांत्रिक रूपों का विखंडन कर देता है|[12] वैधता का संकट तब उत्पन्न होता है जब शासन आर्थिक विकास या राजनीतिक प्रदर्शन के रूप में विफल रहता है और यह अधिक तभी संभव होता है जब सत्तावादी शासन अपनी चरम सीमा पर प्रभुसत्ता स्थापित कर देता है, परिणामस्वरूप वैधता के पतन के लिए घरेलू कारक जिम्मेदार हो जाते है| जिसके बाद राजनीतिक आजादी व सहभागिता प्रभावित होती है और इस आधार पर जनता की राय व उनकी सहभागिता पूरी तरह से नष्ट हो जाती है|[13]

सत्तावादी विकास (Authoritarian Development)

सत्तावादी शासन की विफलता का प्रमुख कारण लोकतांत्रिक अभ्यासों को गत्ति प्रदान करने से होता है|[14] सन् 1952 में राजा जिग्मे दोरजी वांगचुक के शासन काल में (1952-1972) सरकार की संरचना में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ|[15] राजा अपने सत्तावादी शासन में मौजूद राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था में सुधार और पुर्नगठन के लिए प्रसिद्ध था| उनका मानना था कि बदलती दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए यह सब जरूरी है| चूँकि भूटान राजनीतिक रूप से शेष दुनिया से अलग थलग था, इसलिए पूंजीवादी, समाजवाद, साम्यवाद, या उदारवाद आदि जैसे प्रमुख राजनीतिक विचारधाराओं का असर भूटान की राजनीतिक संस्कृति पर नहीं पड़ा|[16]

जब किसी देश के सत्तावादी शासन में राजनीतिक तथा आर्थिक विकास किया जाता है तो नतीजन आय में बढ़ोतरी, शिक्षा का स्तर, प्रत्येक को सूचना मुहैया कराना तथा मध्यम वर्ग की वृद्धि[17] आदि लोकतांत्रिकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के परम कारक के रूप में उपस्थित होते है|

नागरिक समाज का उदय (The Rise of Civil Society)

यह राज्य से समाज के संतुलन को बदलता है| नागरिक समाज लोकतांत्रिक संक्रमण को प्रभावी बनाने के लिए राजनीतिक दलों और समाजिक वर्गों को एक-जुट करता है|[18] भूटान में नागरिक समाज संगठन एक स्थानीय गैर-लाभकारी संगठन है जो कि सरकार का हिस्सा नहीं है बल्कि सरकार के प्रयासों को पूरा करने का एक साधन मात्र है और देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है| भूटान जैसे छोटे से देश में राजनीतिक परिवर्तन तथा राजनीतिक सुधार हेतु नागरिक समाज की एक महत्वपूर्ण भूमिका रहती है|[19] भूटान में नागरिक समाज का विश्लेषण विशेष रूप से भूटानी समुदायों की प्रकृति पर निर्भर करता है, जो सामुदायिक इकाई के रूप में आमतौर पर एक गाँवो के भीतर मौजूद हो सकता है|[20]

मुक्त मूल्य (Free Value)

आर्थिक विकास एक देश की सामाजिक और आर्थिक संरचना को बदलता है, जो व्यापक रूप से शक्ति और संसाधनों को दूर तक फ़ैलाने में काम करता है| यह लोकतांत्रिक दिशा में गहराई से व्यवहार और मूल्यों को बदलता है|[21] भूटान के शासन का लोकतांत्रिकरण लोगों और उनके लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए किया गया|[22] आय की असमानता देश में सामाजिक दूरी और राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिए एक संकट पैदा करती है| जितने लोग अधिक आय अर्जित करते है और शिक्षा और जानकारी तक पहुँच के माध्यम से राजनीतिक रूप से अधिक जागरूक हो जाते है वे राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए इच्छुक होते है| इनके लोकतांत्रिक मूल्यों में बदलाव होता है| इन मूल्यों में आत्म-अभिव्यक्ति, सहिष्णुता, अधिकार का संदेह और स्वतंत्रता का मूल्यांकन शामिल था| परिणामस्वरूप वे ऐसे संस्थानों की मांग करते है जो अपने अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुरक्षित कर सके और साथ ही स्वतंत्रता की रक्षा कर सके|[23]

बाह्य्य कारक (External Factors)

नेपाल की राजनीतिक यात्रा, अभूतपूर्व घटनाओं, आंतरिक अशांति ने भूटान के राजा को अभिप्रेरित किया, जिसने एतिहासिक सुधारों के मार्ग को चुनने के लिए प्रेरित किया| उन्होंने संवैधानिक राजतंत्र को बरक़रार रखते हुए संसदीय लोकतंत्र को जन्म दिया| भारतीय जीवंत लोकतंत्र ने भी भूटान को आकर्षित किया| भारत द्वारा समय-समय पर दी गई मदद और एकजुटता ने भी भूटान में लोकतंत्र लाने के लिए बाध्य किया| हालांकि किसी भी देश में जब व्यवस्था परिवर्तन होता है तो उसमें घरेलू कारणों के साथ ही बाहरी कारणों का भी हस्तक्षेप होता है| भूटान में जिस प्रकार का संसदीय लोकतंत्र आया, उसके पीछे विश्व बिरादरी की भी बहुत बड़ी इच्छा थी ताकि भूटान भी वैश्वीकरण के प्रतिमान के तहत अपनी जनता को आर्थिक व सामाजिक विकास का भागीदार बनाये| साथ ही विदेश संबंधो के निर्माण में अपने देश के विकास व राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देते हुए ही भूटान के भविष्य का निर्धारण करें| इस प्रकार यहां हम भूटान के विकास और लोकतंत्र के मार्ग के निर्माण में कुछ ऐसे बाहरी कारकों का भी अध्ययन करेंगें जो भूटान में लोकतांत्रिकरण की प्रक्रिया स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है

शांतिपूर्ण दबाव (Peaceful Pressure)

भूटान के बाहरी देशों से सम्पर्क तथा लिपटी हुई पाश्चात्य संस्कृति का भूटान में प्रवेश एक प्रमुख कारण माना जाता है| चीन की ओर से नकारात्मक दबाव व भारत की ओर से सकारात्मक दबाव बिलकुल शांतिपूर्ण रहा था| जिसमें भारत ने भूटान के आर्थिक विकास के लिए शत-प्रतिशत योगदान दिया| हालाँकि भूटान की शाही सरकार के सामने अपने

देश की संस्कृति तथा सुरक्षा का प्रश्न सबसे बड़ा था| इसलिए भूटान ने पड़ोसी देशों से अपने संबंधो को मधुर बनाने का निर्णय लिया| इससे भूटान की विदेश नीति का स्वरूप भी स्पष्ट होता गया| बाहरी देशों से संबंध स्थापित करने से भूटान को भी अपनी विदेश नीति के सिद्धांत तथा उद्धेश्य के बारे में स्पष्ट जानकारी होने लगी|[24]

दूसरे देशों का दबाव भी भूटान में लोकतंत्र लाने के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में उभरा| भूटान के सत्तावादी शासन पर शांतिपूर्ण तरीके से दबाव बनाया गया| जिसमें कूटनीति, आर्थिक मदद व प्रतिबन्ध शामिल थे|[25]

लोकतांत्रिक सहायता (Democracy Assistance)

एक अन्य बाह्य कारक लोकतांत्रिक सहायता के रूप में भूटान में लोकतांत्रिक ढाँचे को प्रभावी रूप से स्थापित करता है| जहाँ-जहाँ लोकतंत्र की शुरुआत हुई, वहां लोकतांत्रिक विश्व समुदाय द्वारा उन देशों में वे तमाम सहायता मुहैया कराई जाती है जिससे उनका विकास तय हो सके| साथ ही वहाँ उन सामाजिक व राजनीतिक समुदायों को वे सारी सहायता प्राप्त हो जिससे कि वे अपने देश में लोकतांत्रिक प्रतिमान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सके| लोकतांत्रिक सहायता के रूप में मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाए, नागरिक समाज, चुनावों की देख -रेख करने वाला तंत्र, सुधारवादी शासन[26]आदि को हम देख सकते है जो देश की प्रगति के लिए सहायक सिद्ध होते है और चुनाव इस रूप में एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक सहायता है| केवल चुनाव ही नहीं बल्कि इससे आगे बढ़कर निर्वाचित संसद, स्थानीय शासन तथा न्यायपालिका आदि सभी लोकतांत्रिक सहायता को प्रदर्शित करते है|[27] लोकतांत्रिक सहायता के अनुरूप भूटान ने 2008 में संविधान को पारित किया तथा उसमें उन सभी मानदंडो को भी परिभाषित किया जो भूटान के लोकतंत्र के संबंध में कानून का शासन व संवैधानिकता को मजबूती प्रदान करता हो|

संदर्भ सूची

1. नलीनी सिंह पंवार, *दक्षिण एशियाई देशों की राजनीति*, (दिल्ली: प्रशांत पब्लिशिंग हाउस, 2015), p. 297.
2. King Jigme Singye Wangchuck, Draft Constitution of Bhutan, Thimphu, available at, http://www.satp.org/satporgtp/countries/bhutan/document/actandordinances/constitution1.htm, accessed on 26 March, 2005, pp. 10-15.
3. 4.Sonam Kinga, *Polity, Kingship and Democracy: A Biography of the Bhutanese state,* (Bhutan: Ministry of Education, Royal Government, 2009), p. 276.
4. 5.Nagendra Singh, *Bhutan: A Kingdom in the Himalayas*, (Delhi: Research Publication Social Science, 1975), p. 50.
5. 6.नलीनी सिंह पंवार, *दक्षिण एशियाई देशों की राजनीति, op. cit.,* p. 300.
6. United Department of State (2012), *Country Reports on Human Rights Practices–Bhutan* 2011, available at, http://www.unhcr.org/refworld/docid/4fc75ab8c , accessed on 01 March, 2013
7. Kuldeep Kumar, Political Conflicts for the Democratization of Bhutan, '*International Research Journal of Management Sociology & Humanity (IRJMSH)'*, Vol. 6, No. 3, pp. 191-92.
8. Edward N. Zalta, Standards of International Legitimacy and Multilateral Democracy, ECPR General Conference, Bordeaux, available at, https://ecpr.eu/Filestore/PaperProposal/087f1b72-ec01-4c51-b49c-197a62eb977a.pdf, accessed on 4 September, 2013, pp. 2-6.
9. Sonam Kinga, *Bhutan's Democratic Constitutional Monarchy: Revisiting Kingship and Democratic Transition Theories in Monarchy and Democracy in the 21st Century,* (Bhutan: Center for Media and Democracy Publications, 2010), p.158.
10. 11.Dhurba Rizal, *The Royal Semi-Authoritarian Democracy,* (New York: Lexington Publication, 2015), p. 01.
11. 12.वर्ल्ड फोकस, *राजनीति विज्ञान*, अंक 24, ISSN 2231-0185 मार्च 2014, p. 83.
12. 13. Sonam Kinga, *Bhutan's Democratic Constitutional Monarchy: Revisiting Kingship and Democratic Transition…, op. cit.,* p. 158.
13. Bhutan Foundation, *Good Governance and Civil Society Development Program,* available at, https://bhutanfound.org/projects/the-civil-society-development-program/, accessed on 7 May, 2016
14. Karma Galay, Bhutanese Context of Civil Society, '*Journal of Bhutan Studies'*, Vol. 3, No. 1, p. 05.
15. Sonam Kinga, *Bhutan's Democratic Constitutional Monarchy: Revisiting Kingship and Democratic Transition…, op. cit.,* p. 158.
16. Dhurba Rizal, *The Royal Semi-Authoritarian Democracy,* (New York: Lexington Publications, 2015), p. 07.
17. Sonam Kinga, *Bhutan's Democratic Constitutional Monarchy: Revisiting Kingship and Democratic Transition…, op. cit.,* p. 158.
18. आर. सी. मिश्रा तथा मीनाक्षी चतुर्वेदी, *दक्षिण एशिया… , op. cit.,* p. 44.
19. Sonam Kinga, *Bhutan's Democratic Constitutional Monarchy: Revisiting Kingship and Democratic Transition…, op. cit.,* p. 159.
20. Sonam Kinga, *Bhutan's Democratic Constitutional Monarchy: Revisiting Kingship and Democratic Transition…, op. cit.,* p. 159

*****

हिंदी दलित आत्मकथाओं में अभिव्यक्ति के संघर्ष का स्वरूप

-आंचल यादव

हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय

दलित साहित्य की भाषा परम्परागत साहित्य से इतर है, क्योंकि दलित साहित्य नवीन संदर्भों से विकसित एवं पल्लवित हुआ। दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र परम्परागत साहित्य से भिन्न है। यह भिन्नता कथ्य के साथ शिल्प के स्तर पर भी दिखाई देती है। साहित्य समय और परिस्थितियों के अनुसार बदलता रहता है। इस संदर्भ में हिंदी साहित्य के आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल की टिप्पणी महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी पुस्तक 'हिंदी साहित्य का इतिहास' में लिखा है – "जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चितवृति का संचित प्रतिबिम्ब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चितवृति के परिवर्तन के साथ–साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है।"[1] परम्परागत साहित्य में दलितों का चेहरा ओझल रहा है। उनके दुःख व तकलीफों को केन्द्र में रखकर साहित्य नहीं रचा गया, इसी पीड़ा को ओमप्रकाश वाल्मीकि ने लिखा है, "हिंदी साहित्य में ढूँढ़ने पर भी हमें अपना चेहरा दिखाई नहीं पड़ता।"[2] यही कारण है कि दलितों ने अपनी भाषा में साहित्य और शिल्प गढ़ा। उन्होंने सौंदर्यबोध की परिभाषा को पुनर्निर्मित किया। दलित समाज की समस्याएँ परम्परागत भाषा–शैली में अभिव्यक्ति नहीं हो पाती। दलित साहित्य पर सपाटबयानी और कलाविहीन होने के आरोप लगते रहे हैं लेकिन 'कबीर ने भाषा को बहता नीर' बता दिया था। इसी संदर्भ में डॉ. रामचंद्र लिखते हैं – दलित साहित्य में व्यक्त वेदना और चेतना ने भाषायी और क्षेत्रीय की दीवारों को तोड़ दिया। इसकी संवेदना राष्ट्रीय संवेदना बन चुकी है। दलित साहित्यान्दोलन राष्ट्रभाषा हिंदी को समृद्धि और व्यापकता प्रदान करता है।

1. भाषा का संघर्ष

दलित आत्मकथाएँ सामाजिक यथार्थ का दस्तावेज हैं, वहीं आंशिक प्रतिरोध भी दर्ज कराती हैं। इनमें भाषाई संघर्ष कई रूपों में प्रकट होता है जैसे – साहित्यिक बनाम लोकभाषा का संघर्ष। दलित आत्मकथाओं में प्रयुक्त भाषा संस्कृतनिष्ठ, शुद्ध और अभिजात्य भाषा के विपरीत लोकभाषा में लिखी गयी। इनमें दलित जीवन की अभिव्यक्ति संभव नहीं है क्योंकि मुख्यधारा का साहित्य दलित जीवन के अनुभवों से परे सौंदर्यशास्त्र गढ़ता रहा है। दलित आत्मकथाकारों ने ग्रामीण बोली का प्रयोग कर अभिव्यक्ति के दोहरे मापदण्ड को समाप्त किया। इन्होंने सहज, सरल व स्थानीय भाषा का प्रयोग किया जिससे तत्कालीन स्थापित भाषायी संस्कारों की वर्जना टूटी। इसका प्रत्यक्ष परिणाम ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा 'जूठन' में मिलती है जिसमें उत्तरप्रदेश के मुजफ्फरनगर की बरला गाँव में प्रयुक्त आंचलिक बोली का प्रयोग मिलता है।

दलित आत्मकथाओं में दलित जीवन के अनुभवों के सुंदर–असुंदर चित्र मिलते है। इसी संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा से एक गद्यांश प्रस्तुत है – "हमारे लिए तो बचा हुआ खाना भी जूठन ही था और वहीं हमारी थाली में जाता था।"[3] इनकी भाषा–शैली में व्यंग्यात्मकता का पुट है। इनमें अपमान व शोषण की अनकही दास्तान छिपी मिलती हैं। दलित आत्मकथाओं में सौंदर्य बोध की परंपरा के विपरीत सहज, सरल व सुबोध भाषा–शैली का प्रयोग मिलता है। यह भाषा परंपरागत मानकों को तोड़ती है और प्रतिरोध व यथार्थ की साक्षी बनकर मानवतावादी मूल्यों को स्वर देती है। वहीं इस भाषा को असाहित्यिक कहकर अस्वीकार किया गया। लेकिन अविरल साहित्य–यात्रा के कारण यहीं भाषा स्वीकृत हुई। दलित लेखिकाओं की आत्मकथाएँ दोहरी पीड़ा व्यक्त करती है – जातिगत और लैंगिक। उनकी भाषा में विद्रोह, करूणा और आत्मविश्वास

का स्वर झलकता है। सुशीला टाकभोरे की आत्मकथा 'शिकंजे का दर्द' में मध्यप्रदेश की स्थानीय बोली का प्रयोग किया है जिस कारण उस स्थान विशेष का परिवेश जीवंत हो उठा है, जैसे "पड़ोसन भिखारी से हमारे घर की ओर इशारा करके कह रही थी – "महाराज जी, इस घर की भिक्षा नहीं लेना, यहाँ जमादारनी रहती है। यह सुनते ही मेरे कानों में बम फटा।"[4] दलित आत्मकथाओं की भाषा में नकार व विद्रोह का स्वर प्रबल है। इनमें दलित जीवन का प्रतिबिम्ब दिखता है। क्योंकि सदियों का दर्द दलित साहित्य के माध्यम से विचार–विमर्श के केन्द में है। ओमप्रकाश वाल्मीकि ने अपनी पुस्तक 'दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र में लिखा है–

'शब्द ही तो थे
जो मनुस्मृति में लिखे गए
रामराज चला गया
पर शंबूक की चीख अभी बाकी है
जैसे दलितों की पीठ पर
चोट के निशान
शब्द सिसकते नहीं बोलते है
चोट करते है।
जैसे दलित से हरिजन

और हरिजन से दलित।[5]

अनुभव को शब्द देने का संघर्ष मनुष्य सामाजिक प्राणी है। वह समाज में रहकर ही जीवनयापन करता है। वह समाज का अभिन्न अंग है। वह इसी सामाजिक संरचना के भीतर सृजन–कर्म करता है। उसके लिए सबसे बड़ा संघर्ष है – अनुभवों को शब्द देना। वे जिन स्थितियों से गुजरे है, उन्हें शब्दबद्ध करना कठिन कार्य है। दलित जीवन अपमान, भूख, छुआछूत, हिंसा और असमानता का परिणाम है। इन अनुभवों को शब्दों में बाँधना इतना सरल नहीं है। इसी संदर्भ में दलित लेखक ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं– "इन अनुभवों को लिखने में कई प्रकार के खतरे थे। एक लंबी जद्दोजहद के बाद मैंने सिलसिलेवार लिखना शुरू किया। तमाम कष्टों, यातनाओं, उपेक्षाओं, प्रताड़नाओं को एक बार फिर जीना पड़ा। उस दौरान गहरी मानसिक यंत्रणाएँ मैंने भोगीं। स्वंय को परत–दर–परत उधेड़ते हुए कई बार लगा कितना दु खदायी है यह सब।"[6]

स्पष्ट है कि अनुभव में इतने कड़वे और असहनीय होते हैं कि इनको फिर से याद करके लिखना असहनीय पीड़ा का पुनः शिकार होने जैसा है। दलित जीवन की पीड़ा को अभिव्यक्त करना सरल नहीं है। दलित आत्मकथाएँ समान की न्यूनताओं और रिक्तियों को उजागर करती है। इनमें जातिगत गालियाँ, तिरस्कार और हिंसा आदि को शब्दबद्ध करना, उसी मानसिक पीड़ा को दुबारा सहन करना है। यह पुनर्जीवन से वर्तमान जीवन की ओर मुड़ना है। दलित आत्मकथाओं की भाषा में शास्त्रीयता नहीं है क्योंकि उसकी भाषा में आक्रोश और गुस्सा व्याप्त है क्योंकि दलितों को सदियों से समाज में चुप्पी साधने के लिए विवश किया गया है। उन अनुभवों को व्यक्त करने के लिए भाषा और शब्द चयन एक चुनौती है क्योंकि वे पारंपरित कलात्मक साहित्य की परिधि से बाहर है जिसे सवर्ण समाज ने गढ़ा है।

दलित आत्मकथाएँ सिर्फ अनुभव न होकर अपनी पहचान स्थापित करने का साधन भी है। अपने अनुभवों को सार्वजनिक करने में सामाजिक मर्यादा का डर बना रहता है। आत्मकथा भले ही व्यक्ति विशेष की हो लेकिन उसमें सामुदायिक अभिव्यक्ति छिपी है। लेखक व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से सामाजिक जीवन की अभिव्यक्ति करता है जैसे शरणकुमार लिंबाले की आत्मकथा 'अक्करमाशी' में निजी अस्मिता का संकट पूरे दलित समाज की अस्मिता से जुड़ जाता है। इसी संदर्भ में मोहनदास नैमिशराय लिखते हैं – "हर एक आने वाले दशक से पहले हमें पुराना घर बदलना पड़ता था। यह हमारे लिए फायदे का सौदा न था। निरा घाटा था। घर बदलने की प्रक्रिया हमें भीतर से तोड़ती थी। एक घर की दीवारें, खिड़की और दरवाजे दूसरे घर में होने का भ्रम हम अपने मन में पालते थे। पर जब वह श्रम टूट जाता था तो बहुत दुःख होता था।"[7]

दलित आत्मकथा लेखन में सामाजिक दबाव और डर बना रहता है। दलित आत्मकथाएँ व्यक्तिगत जीवन से लेकर सामाजिक जीवन का दस्तावेज हैं। इसी कारण परिवार, रिश्तेदारों और सामाजिक दायरे में अपमान का कारण भी बनती हैं। इसलिए उसे घर और बाहर दोहरा संघर्ष करना पड़ता है। अनुभवों को शब्दबद्ध करना दलित आत्मकथाओं

की अभिव्यक्ति में संघर्ष बनकर उभरता है। यह संघर्ष साहित्यिक चुनौती के साथ–साथ सामाजिक साहस और आत्मस्वीकार का मुद्दा भी है। दलित लेखक और लेखिकाएँ अपने शब्दों को वाणी देते हैं तो व्यक्तिगत पीड़ा से सामाजिक पीड़ा को उजागर करते हैं। वे सामाजिक दमन और प्रतिरोध की आवाज बनते हैं।

2. सामाजिक अस्वीकार का संघर्ष –

दलित साहित्य को नकारा जाता रहा है। वहीं दलित आत्मकथाओं को मुख्यधारा के आलोचक साहित्यिक परंपरा का हिस्सा स्वीकारने में गुरेज करते हैं। इस अस्वीकार और कलात्मकता की परिधि को तोड़ने हेतु दलितों लेखकों और लेखिकाओं ने अपना सौंदर्यशास्त्र स्वयं गढ़ा। दलित आत्मकथाओं के सामाजिक शिकायत या जातिगत उत्पीड़न का साहित्य कहकर नकारा जाता रहा। लेकिन दलित लेखक और लेखिका अपने साहित्यिक कर्म से जुड़ें रहे। उन्होंने साहित्यिक लेखन कर्म से सामाजिक जागृति करते रहे। यह अस्वीकार ही लेखनकर्म को उर्जा प्रदान करता है। इसी संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते है –

हमारी भागीदारी के लिए
योग्यता की शर्त
कब तक फेंकोगे तुम
अपना मकड़जाल हम पर
घबराओं नहीं
समय आ रहा है ... जीतेगें बाजी
तोडेंगे तुम्हारा दर्प
सुनो! परिवर्तन की सुगबुगाहट
हवा का रूख

पहचानो! पहचानो! पहचानो।।[8]

दलित आत्मकथाओं में मानक हिंदी की अपेक्षा दलित आत्मकथाकारों ने लोकभाषा के क्षेत्रीय शब्दों, गालियों एवं मुहावरों का प्रयोग किया। इनकी भाषा सीधी, कटु एवं अनुभवजन्य हैं जिसमें दलित जीवन का संघर्ष प्रतिबिम्बित होता है। दलित लेखिका सुशीला टाकभौरे ने शिकंजे का दर्द' में बताया है कि कक्षा में दलित छात्रों को अंतिम पंक्ति में बिठाया जाता था। पानी पीने के स्रोत अलग थे। यहाँ तक कि दलितों को गाय पालने पर पाबंदी थी। दलित स्त्रियों को दोहरा संघर्ष करना पड़ता था। दलित आत्मकथाओं की अभिव्यक्ति में अस्वीकार का संघर्ष ही उन्हें विशिष्ट बनाता है। ये आत्मकथाएं अस्वीकृति से पर्दा हटाते हुए बराबरी और सम्मान की माँग करती है। यहीं अस्वीकार साहित्य में प्रतिरोध की प्रमाणिक आवाज बनता है। इसी संदर्भ में कावेरी लिखती है – ट्रेनिंग के समय पहला अपमान सीनियर लड़कियों द्वारा सहन करना पड़ा। सरस्वती पूजन के दिन वे पता कर रही थी कि अवर्ण लड़किया कौन है। रंग–रूप एवं पहनावे से पता नहीं लग रहा था। एक सीनियर इन मामलों में चतुर थी। एक नक. ली फॉर्म लेकर आयी। उसने फॉर्म दिखाकर कहा जो एस. सी. लड़कियाँ हैं उन्हें यह फॉर्म भरना है। उन्हें तो सिर्फ जाति का पता करना था। वे हॉल की लड़कियों को सरस्वती पूजा की तैयारी में नहीं लगायी। मेरा विद्रोही मन भड़क गया।"[9]

3. साहित्यिक पंरपरा से संघर्ष

भारतीय साहित्य की मुख्यधारा लम्बे समय तक सवर्ण संस्कृत, हिंदी, मराठी व तमिल आदि के आधार पर चलती रही। उसमें दलित वर्ग की पीड़ा, श्रम और अनुभवों की अभिव्यक्ति सीमित रही। दलित साहित्य का उद्भव सन् अस्सी के दशक में हुआ। दलित आत्मकथाओं का शिल्प मुख्यधारा से टकराता है और नए शिल्प को गढ़ता है। इसमें श्रृंगार, भक्ति, वीरता एवं प्रकृति–सौंदर्य से इतर विषयवस्तु है। इनके केंद्र में गरीबी, जातिगत असमानता, छुआछूत, शोषण एवं समानता है। ये परिवर्तन की माँग करती है। दलित आत्मकथाकारों ने सहज, सरल व स्थानीय बोली का प्रयोग कर जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं को आधार बनाया। यह स्थापित सौंदर्यबोध के विपरीत शिल्प गढ़ती है।

हिंदी साहित्य की पंरपरा में 'रस' और 'आनंद' को साहित्य का ध्येय बताया गया है। इसके विपरीत दलित आत्मकथाओं में जीवन जीने के लिए आवश्यक मानदण्डों पर विचार प्रस्तुत किये है। इनमें समाज के कटु यथार्थ, आक्रोश और प्रतिरोध को दर्शाया है, जो इन्हें जीवन्तता प्रदान करता है। 'जूठन' आत्मकथा में जब ओमप्रकाश वाल्मीकि से मास्टर कलीराम स्कूल में झाड़ू लगवाता है तो वे आक्रोश से भर जाते हैं। इस संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि लिखते हैं – पिता जी ने मेरे हाथ में झाड़ू छीनकर दूर फेंक दी। उनकी आँखों में आग की गरमी

उतर आई थी। हमेशा दूसरों को सामने तीर–कमान बने रहने वाले पिताजी की लम्बी–लम्बी घनी मूंछे फडफड़ाने लगी थी। चीखने लगे, कौन सा मास्टर है, वो द्रोणाचार्य की औलाद, जो मेरे लड़के से झाड़ू लगवावे है।"[10] लेखक के पिता की तरह माँ भी उस वक्त आक्रोश से भर जाती है जब उनके द्वारा किये श्रम का मूल्य नहीं मिलता। इनकी माँ साफ–सफाई का काम सुखदेव त्यागी की बेटी की शादी में करने गयी थी। लेखक की माँ गोविदी को दुत्कारते हुए सुखदेव त्यागी कहता है –

टोकरा भर तो झूठन ले रही है। ऊपर से जातकों के लिए खाना मांग रही है? अपनी औकात में रह चूड़ी। जूठन में शोषण और दमन के विरूद्ध प्रतिरोध का स्वर तीव्र है। आत्मपीड़न की भाषा तीर की तरह गढ़ जाती है। वह भीतर तक चीरती हुई लहुलुहान कर देती है। इस संदर्भ में ओमप्रकाश वाल्मीकि ने 'जूठन' आत्मकथा में इतिहास सम्मत तथ्यों का पुनर्मूल्यांकन करने का प्रयास किया है। दलितों की आजादी की लड़ाई में योगदान रहा है। साहित्य में इतिहास, राजाओं, युद्धों और धार्मिक ग्रन्थों तक सीमित रहा। वहीं दलित आत्मकथाओं में सामाजिक जीवन की अभिव्यक्ति है। इनमें दलित कथाकारों की जीवन दृष्टि से इतिहास के तथ्यों पर प्रकाश डाला गया है। इसी संदर्भ में मोहनदास नैमिशराय लिखते हैं – "मेरठ देश के उन शहरों में से एक रहा जहाँ से समय–समय पर अनगिनत सेनाएँ होकर गुजरी। हफ्तों, पखवाड़ों और महीनों पड़ाव रहे। मेरठ में छावनी होने के पीछे भी यही कारण रहा होगां हमें शहर के हाशिए पर फेंक दिया गया था। बार–बार जो सेनाएँ वहाँ से गुजरती उनके पाँव हमारे सीनों पर ही होते। हम मराठे/मुगलों/पठानों/अंगेजो के बदले रजवाडो/रिसासतों के चश्मदीद गवाह रहे।"[11] दलित आत्मकथाओं ने साहित्यिक पंरपरा से संघर्ष कर दलित साहित्य को नयी दिशा प्रदान की। इनमें साहित्य को आनंद का साधन न मानकर सामाजिक न्याय, प्रतिरोध, समानता व आत्मसम्मान की आवाज बनाया।

4. आत्मासाक्षात्कार और आत्मसम्मान की तलाश

दलित आत्मकथाओं में पहचान की खोज सिर्फ सामजिक स्थिति से जुड़ी नहीं होती बल्कि यह एक गहरी मानसिक और भावनात्मक यात्रा भी होती है। प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की सच्चाई को जानने–समझने का प्रयास करता है ताकि वह अपने अस्तित्व और महत्व को समझ सके। दलित व्यक्ति अपनी पहचान को लेकर संघर्ष में रहता है क्योंकि उसे सामाजिक स्वीकृति नहीं मिली। आत्मकथा ले खन के माध्यम से वे अपनी वास्तविकता को उजागर करते हैं।

संदर्भ ग्रन्थ

1.शुक्ल, रामचंद्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, भूमिका से

2.वाल्मीकि ओमप्रकाश, कल के लिए, डॉ. जयनारायण (पत्रिका)

3.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, जूठन, भाग–1, पृष्ठ–93

4.टाकभौरे, सुशीला, शिकंजे का दर्द, पृष्ठ–217

5.वाल्मीकि,ओमप्रकाश,दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, पृष्ठ 82

6.वाल्मीकि, ओमप्रकाश, जूठन, भाग–1 पृष्ठ–8

7.नैमिशरय, मोहनदास, अपने–अपने पिंजरे, पृष्ठ–15

8.वाल्मीकि ओमप्रकाश, दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र, पृष्ठ 88

9.कावेरी, टुकड़ा–टुकड़ा जीवन, पृष्ठ 24

10.वाल्मीकि ओमप्रकाश, जूठन, भाग–1, पृष्ठ–16

11.नैमिशराय, मोहनदास, अपने–अपने पिंजरे, पृष्ठ–15

*****

पतंजलि के अनुसार कर्मवाद एवं व्यक्तिगत जीवन में उसका प्रभाव

डॉ. प्रदीप कुमार
डी.एस.बी. परिसर, नैनीताल।
मोबाइल नम्बर- 9927604385
मेल आई डी-pradeepkumar.kumar123@gmail.com

सारांश (Abstract)

कर्मवाद भारतीय दर्शन का एक केन्द्रीय सिद्धान्त है, जो यह स्पष्ट करता है कि प्रत्येक व्यक्ति के कर्म उसके जीवन और भविष्य को आकार देते हैं। पतंजलि, योगसूत्रों के प्रतिपादक, कर्मवाद के महत्त्व को योगिक और दार्शनिक दृष्टि से स्पष्ट करते हैं। उनके अनुसार, कर्म केवल शारीरिक क्रियाओं तक सीमित नहीं है; मानसिक प्रवृत्तियाँ और वाचिक अभिव्यक्तियाँ भी कर्म की श्रेणी में आती हैं। भारतीय दर्शन में कर्मवाद का अर्थ है ''कर्म और उसके परिणामों का नियम।'' यह दृष्टिकोण मानता है कि प्रत्येक व्यक्ति की क्रियाएँ उसके जीवन की दिशा निर्धारित करती हैं और उसके भविष्य में प्रतिफल लाती हैं। इस दृष्टिकोण से यह स्पष्ट होता है कि प्रत्येक व्यक्ति न केवल अपने जीवन के लिए, बल्कि समाज की नैतिक और सामूहिक संरचना के लिए भी जिम्मेदार है। पतंजलि का कर्मवाद व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, संयम और नैतिकता विकसित करने का माध्यम है, जबकि सामाजिक जीवन में यह सहयोग, शान्ति और सामंजस्य सुनिश्चित करता है। पतंजलि के अनुसार, कर्म का प्रभाव व्यक्ति और समाज दोनों पर गहरा प्रभाव डालता है। उन्होंने कर्म को तीन प्रकार से विभक्त किया है- सत्त्विक कर्म- ये कर्म पुण्य और नैतिकता को बढ़ता हैं और व्यक्ति के मानसिक और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करता हैं। राजसिक कर्म- ये कर्म इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं से उत्पन्न होता हैं और व्यक्ति में सक्रियता और प्रेरणा को लाता हैं, लेकिन असंतुलित होने पर लालच और तनाव का कारण बन सकता हैं। तमसिक कर्म- ये कर्म अज्ञानता, आलस्य और अव्यवस्था उत्पन्न करता है। और व्यक्ति तथा समाज दोनों में नकारात्मक प्रभाव डालता हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि प्रत्येक कर्म का परिणाम न केवल व्यक्तिगत जीवन पर बल्कि सामाजिक जीवन पर भी गहरा असर डालता है। पतंजलि का उद्देश्य केवल कर्म करने तक सीमित नहीं है; वे व्यक्ति को सही, संतुलित और नैतिक कर्म करने की प्रेरणा देते हैं। यह दृष्टिकोण जीवन में नैतिकता और आत्म-साक्षात्कार दोनों को विकसित करने में सहायक है। पतंजलि के अनुसार, व्यक्ति के विचार, शब्द और क्रियाएँ उसके व्यक्तिगत विकास में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। यदि कोई व्यक्ति सतत सत्त्विककर्म करता है, तो उसका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। यह दृष्टिकोण अनुशासन, संयम और नैतिकता को बढ़ावा देता है। जैसे- अपने विचारों और भावनाओं पर नियन्त्रण रखने वाला व्यक्ति मानसिक शान्ति, निर्णय क्षमता और आत्मनियन्त्रण में सुधार अनुभव करता है। इस प्रकार व्यक्तिगत जीवन में सतत जागरूकता और नैतिकता सुनिश्चित करने के लिए पतंजलि का कर्मवाद अत्यंत प्रभावशाली सिद्धान्त हैं। समाज में प्रत्येक व्यक्ति के कर्म का प्रभाव केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं रहता; यह समाज की संरचना और नैतिक मूल्यों पर भी गहरा असर डालता है। पतंजलि के अनुसार, यदि समाज के सदस्य अपने कर्मों के प्रति जागरूक और नैतिक हों, तो सामाजिक जीवन में शान्ति, सहयोग और सामंजस्य स्थापित होता है। जैसे- जब व्यक्ति अपने कर्मों के परिणामों के प्रति जिम्मेदार होता है, तो वह समाज में दूसरों के अधिकारों और भावनाओं का सम्मान करता है, जिससे सामूहिक नैतिकता और न्याय की स्थापना होती है। आधुनिक सन्दर्भ में यह दृष्टिकोण अत्यधिक प्रासंगिक है, क्योंकि आज के समाज में व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारियाँ गहराई से जुड़ी हुई हैं। पतंजलि का कर्मवाद यह दर्शाता है कि कर्म केवल दार्शनिक विचार नहीं बल्कि जीवन और समाज के लिए व्यवहारिक मार्गदर्शक हैं। उनके सिद्धान्त व्यक्तिगत जीवन में अनुशासन, संयम और नैतिकता को बढ़ावा देते हैं, जबकि सामाजिक जीवन में सहयोग, सामंजस्य और उत्तरदायित्व की नींव रखते हैं। आधुनिक समाज में, जहाँ नैतिक और सामाजिक मूल्यों की कमी देखने को मिलती है, पतंजलि के कर्मवाद का अध्ययन और पालन अत्यधिक प्रासंगिक है। उनका दृष्टिकोण हमें यह सिखाता है कि प्रत्येक कर्म का व्यक्तिगत और सामाजिक परिणाम होता है, इसी के साथ जीवन जीने से व्यक्ति और समाज दोनों का विकास सम्भव है।

मुख्य बिन्दु : ''पतंजलि के अनुसार कर्मवाद एवं व्यक्तिगत जीवन में उसका प्रभाव''

प्रस्तावना-

भारतीय दर्शन में कर्मवाद एक अत्यंत प्राचीन और व्यापक रूप से स्वीकार्य सिद्धांत है, परन्तु पतंजलि योगदर्शन में इसे एक विशिष्ट रूप प्रदान किया गया है। जहाँ वेदान्त कर्म को अविद्या के परिप्रेक्ष्य में देखता है, वहीं सांख्य कर्म और प्रकृति-विकास के संबंध को महत्त्व देता है। पतंजलि इन सभी प्रवृत्तियों का समन्वय करते हुए एक मनोवैज्ञानिक-योगिक कर्मवाद प्रस्तुत करते हैं, जिसमें कर्म को चित्त की आन्तरिक संरचना तथा साधना-प्रक्रिया से जोड़ा जाता है। पतंजलि के लिए, कर्म केवल शारीरिक क्रियाएँ नहीं हैं, बल्कि इसमें मानसिक विचार और वाणी भी शामिल है। योग सूत्र (4.7) में वे कर्मों के चार प्रकार बताते हैं- मूल सिद्धांत: कर्म का सिद्धांत 'प्रकृति' (भौतिक संसार) के भीतर कार्य करता है। जब तक 'पुरुष' (आत्मा/चेतना) प्रकृति के साथ खुद को जोड़कर रखता है, तब तक कर्मों का चक्र चलता रहता है। संस्कार और वासना- हर कर्म मनस (मन) में एक सूक्ष्म छाप छोड़ता है जिसे 'संस्कार' कहते हैं। इन संस्कारों का संग्रह 'वासना' (प्रवृत्तियाँ/इच्छाएँ) बनाता है। ये वासनाएँ ही भविष्य में नए कर्मों को जन्म देती हैं, जिससे एक अन्तहीन चक्र बन जाता है। पतंजलि के अनुसार, कर्म (कर्मों का फल) तीन प्रकार के परिणाम देते हैं- जाति (जन्म का प्रकार) किस योनि या परिस्थिति में जन्म होगा। आयु (जीवन काल) जीवन की अवधि कितनी होगी। भोग (अनुभव) जीवन में सुख, दुःख, स्वास्थ्य या बीमारी के रूप में मिलने वाले अनुभव। कर्मवाद का व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव केवल भाग्यवादी नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सक्रिय परिवर्तन की संभावना पर जोर देता है। मनोवैज्ञानिक प्रभाव (क्लेश और दुःख) कर्म सीधे तौर पर 'क्लेशों' (दुःख के मूल कारण) से जुड़े हुए हैं, जो हैं- अविद्या (अज्ञान), अस्मिता (अहंकार), राग (आसक्ति), द्वेष (घृणा), और अभिनिवेश (जीवन से चिपके रहने का भय)। हमारे कर्म इन क्लेशों से उत्पन्न होते हैं, और बदले में, ये क्लेश नए कर्मों को बढ़ावा देते हैं। व्यक्तिगत जीवन में हम जो भी मानसिक अशांति या दुःख अनुभव करते हैं, वह इस कर्म-क्लेश चक्र का परिणाम है। नैतिक दिशा (यम और नियम) पतंजलि का अष्टांग योग कर्मवाद की एक व्यावहारिक प्रतिक्रिया है। 'यम' (अहिंसा, सत्य, आदि) और 'नियम' (संतोष, तपस, आदि) व्यक्ति को ऐसे कर्म करने से रोकते हैं जो नकारात्मक संस्कार पैदा करते हैं। नैतिक जीवन जीना केवल अच्छा होने के बारे में नहीं है। यह आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक मानसिक शुद्धता (चित्त शुद्धि) प्राप्त करने का एक साधन है। पतंजलि का कर्मवाद व्यक्तिगत जीवन को एक ऐसी पाठशाला के रूप में देखता है जहाँ व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों से सीखता है। यह व्यक्ति को निष्क्रिय दर्शक बने रहने के बजाय, जानबूझकर नैतिक और आध्यात्मिक अभ्यास (योग) में संलग्न होने के लिए सशक्त बनाता है ताकि न केवल वर्तमान जीवन को बेहतर बनाया जा सके, बल्कि अन्ततः कर्मों के संपूर्ण चक्र से बाहर निकलकर पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त की जा सके। इसी कर्मवाद और उसके व्यक्तिगत प्रभावों का सम्यक् अध्ययन करता है।

कर्मवाद- पतंजलि के योग दर्शन में कर्मवाद (कर्म का सिद्धांत) एक केंद्रीय और गहन विषय है, जिसे केवल एक नैतिक नियम नहीं, बल्कि अस्तित्व का एक मूलभूत सार्वभौमिक नियम माना जाता है। जिसका व्यक्तिगत जीवन पर गहरा और व्यावहारिक प्रभाव पड़ता है। पतंजलि का कर्मवाद योगदर्शन में चित्त के अदृश्य आयामों का ऐसा सूक्ष्म-तत्त्वनिरूपण प्रस्तुत करता है, जिसमें कर्म न केवल व्यवहार का बाह्य प्रवाह है, बल्कि अस्तित्व के अन्तःकरण में संस्कारित एक सूक्ष्म-बीज-संचय है, जो कालान्तर में 'जाति-आयु-भोग' की त्रिविध नियति को स्वयं उद्घाटित करता है। कर्माशय की अदृश्य अधिष्ठान-शक्ति, संस्कारों की पुनरावर्तित छापें, और वासनाओं की अनादि-प्रवहमान प्रवृत्तियाँ मिलकर चित्त में एक ऐसी आध्यात्मिक संरचना निर्मित करती हैं, जहाँ क्लेशजन्य प्रवाह व्यक्ति के अनुभव-प्रपंच को नियोजित करते हुए पुनर्जन्म-चक्र की अविच्छिन्नता को संचालित करता है। इस गूढ़ तंत्र में मनुष्य न पूर्णतः दैवाधीन है, न पूर्णतः स्वतन्त्रय अपितु वह चित्त की आन्तरिक परिष्कृति द्वारा कर्म-बीजों के क्षय का साधक बनकर अपने अस्तित्व को पुनर्लिखित कर सकता है। अतः पतंजलि का कर्मवाद वस्तुतः एक अधिभौतिक-मानसिक यंत्रणा है, जो साधना, विवेक और चित्त-निरोधन के माध्यम से व्यक्ति को संस्कार-परिवर्तन के सूक्ष्मतम मार्ग पर स्थापित कर, अन्ततः कैवल्य के अतिमर्मज्ञ अनुभव की ओर उन्मुख करती है इस प्रकार पतंजलि का कर्मवाद मानव-व्यक्तित्व को गतिशील प्रक्रिया के रूप में देखता है, जहाँ साधना, यम-नियम और चित्तशुद्धि के माध्यम से संस्कार-परिवर्तन संभव है। व्यक्तिगत जीवन में इसका प्रभाव आत्मदायित्व, नैतिक अनुशासन और मनोवैज्ञानिक संतुलन की ओर उन्मुख करता है, जिससे आत्मोद्धार और मुक्ति-साधना की दिशा में प्रगतिशील परिवर्तन की संभावना सुनिश्चित होती है। पतञ्जलि द्वारा सूत्ररूप में कथित कर्म के सिद्धान्त की गुत्थियाँ

सर्वप्रथम भाष्यकार व्यासदेव द्वारा सुलझाई गई। उन्होंने भेद प्रभेद पूर्वक कर्मवाद का ऐसा स्वच्छ चित्रण किया है कि उनके परवर्ती वाचस्पति मिश्र, भोजदेव, रामानन्दयति आदि सभी व्याख्याकारों की बुद्धि में वह समान रूप से उतरा। कर्मवाद को लेकर उनमें मतभेद नहीं दिखलाई पड़ता है; अतः वाचस्पति मिश्र आदि योग के सभी व्याख्याकारों की ओर से कर्मवाद पर विचार प्रस्तुत है।

कर्म के भेद- कर्मजाति चार प्रकार की है[1]- पाप-कर्मजाति (कृष्णकर्मजाति), पुण्य-कर्मजाति (शुक्लकर्मजाति), पुण्यपापमिश्रित-कर्मजाति (अशुक्ला कृष्णकर्मजाति) तथा पुण्य पाप से रहित कर्मजाति (अशुक्ला कृष्ण कर्मजाति)। पूर्व- पूर्व कर्मजाति की अपेक्षा उत्तरोत्तर कर्मजाति श्रेयान् है। जीवन्मुक्त योगी के दैनिक क्रिया-कलापों में अशुक्ल-अकृष्णकर्म दृष्टिगत होता है।[2] योगी द्वारा पापकर्म न किए जाने से तथा ध्यानादि पुण्य कर्म निष्काम भाव से किए जाने से उसकी कर्मराशि अशुक्लाकृष्ण कही जाती है।[3] तात्पर्य यह है कि जीवन के चरम पुरुषार्थ मोक्ष प्राप्ति के साधनभूत अविलुतसत्त्वपुरुषान्यताख्याति-सिद्ध जीवन्मुक्त योगी ध्यानादि शुभ क्रियाओं को किसी विशेष फल प्राप्ति की भावना से नहीं करता है। ध्यान आदि उसके अन्तर्मुखी सात्त्विक चित्त की सहज (प्रयत्न-निरपेक्ष) क्रियाएँ हैं। योगी जब शुक्ल कर्मों को ही निष्काम भाव से करता है, तब उसके द्वारा कृष्ण कर्म किए जाने की सम्भावना नहीं की जा सकती है। अतः ज्ञानी एवं निष्कामी के कर्म अशुक्लाकृष्ण होते हैं। श्रुति एवं स्मृति शास्त्रों में भी योगियों की कर्मराशि इसी प्रकार से प्रतिपादित हुई है।[4] योगियों से नीचे किन्तु सामान्य मनुष्यों से ऊपर उठे हुए तपस्वी, स्वाध्यायी एवं ध्यायी पुरुषों की कर्मराशि शुक्त होती है।[5]

शुक्लकर्मराशि मनोमात्रसाध्य है। अतः बाह्य-साधनाधीन न होने से उसमें परपीड़ा आदि का अवकाश नहीं है।[5] तपस्, स्वाध्याय तथा ध्यान आदि क्रियाओं से सामाजिक अहित नहीं होता है। तपस्वी पुरुषों द्वारा केवल शुक्लकर्म किए जाने से उनके चित्त का सत्त्वगुण पराकाष्ठा को प्राप्त होता है।[6] क्योंकि चित्त की पूर्ण सात्त्विक अवस्था में ही व्यक्ति का सुझाव शुक्ल कर्म की ओर होता है। तपस्वी आदियों की अपेक्षा सामान्य श्रेणी के अज्ञ एवं कामी व्यक्तियों की कर्मराशि शुक्लकृष्ण होती है।[7] वे अच्छा तथा बुरा दोनों प्रकार का कर्म करते हैं। क्योंकि उनके कर्म बाह्य साधनों से प्रभावित रहते हैं।[8] धनोपार्जन की इच्छा से व्यक्ति दूसरे के धन को अनुचित रूप से छीनता है। अपनी झूठी मान प्रतिष्ठा के लिए दूसरों का अपमान करता है। अन्नोत्पादन की इच्छा से जीवहत्या एवं बैल आदि को कष्ट देता है। कार्य की सिद्धि के लिए व्यक्ति न्यूनाधिकरूप से अशुभ कर्म करता है। चैत्तिक रजोगुण के बलवान् होने पर इस प्रकार के अशुभ कर्मों में मनुष्य की प्रवृत्ति होती है। दूसरी तरफ सत्त्वगुण के उद्रेक काल में वह परोपकारक कर्म भी किया करता है। अतः साधारण कोटि के व्यक्ति मिश्रित कर्म करते हैं। अत्यन्त निकृष्ट कोटि की पापी दुरात्माओं की कर्म-राशि कृष्ण ही होती है।[9] क्योंकि उनका तमोगुण अन्य दो गुणों को पूरी तरह से दबाए रहता है। अतः उनका तमोमय चित्त अपने अनुरूप कृष्णकर्म ही निरन्तर करता है।[10] इस प्रकार वर्णित चार प्रकार की कर्मराशियों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है- कर्माशयोत्पादक कर्मराशि एवं कर्माशयानुत्पादक कर्मराशि। प्रथम वर्ग के अन्तर्गत कृष्णकर्म, शुक्लकर्म एवं कृष्णशुक्लकर्म हैं। अशुक्लाकृष्ण-कर्मजाति द्वितीय प्रकार की हैं। जीवन्मुक्त योगियों द्वारा सम्पादित कर्मों से धर्माधर्मरूप कर्माशय नहीं बनता है। फलस्वरूप उन्हें देहान्तर नहीं धारण करना पड़ता है। इसलिए व्यासभाष्य आदि में ऐसे योगियों को चरमदेहवान् कहा गया है। अन्य त्रिविधजातीय कर्मों से कर्माशय बनता है, क्योंकि वे फलवान् हुआ करते हैं। इस प्रकार वर्णित कर्म के क्षय का एकमात्र उपाय है, उन्हें भोग लेना। अन्यथा वे जन्मजन्मान्तर पर्यन्त व्यक्ति (कत्र्ता) का पीछा किया करते हैं।[11]

शुभाशुभ कर्मों की उत्पत्ति का मूल हेतु- व्यासदेव, वाचस्पति मिश्र आदि सभी व्याख्याकारों का कहना है कि काम, क्रोध, लोभ एवं मोह मनुष्य को अच्छे या बुरे कर्मों में प्रवृत्त कराते हैं।[12]

काम-भावना स्वर्गस्थ देवाङ्गनाओं के भोगेच्छुक को ज्योतिष्टोम आदि शुभ कर्म में प्रवृत्त कराती है। अथवा वही काम भावना परस्त्री के लोलुप से बलात्कार जैसी पाशविक क्रिया करवाती है। इसी प्रकार क्रोध मनुष्य से दोनों प्रकार के कर्म करवाता है। उदाहरण स्वरूप पिता द्वारा अपमानित हुए ध्रुवकुमार में ऐसी क्रोधाग्नि प्रज्वलित हुई कि उसने (क्रोध ने) पिता को जीतने की इच्छा से तपश्चर्या जैसे कष्टसाध्य शुभकर्म की ओर ध्रुवकुमार को प्रवृत्त कराया और उसकी तपश्चर्या सफल भी हुई। अथवा क्रोध के वशीभूत होकर व्यक्ति दूसरे का सिर काटने के लिए भी प्रवृत्त होता है। लोभ के कारण व्यक्ति परद्रव्य का अपहरण आदि निन्दित कर्म करता है अथवा यज्ञादि शुभकर्म के अनुष्ठान के लोभ से नीतिपूर्वक द्रव्य का संग्रह करता है। मोह भी व्यक्ति को अच्छे-बुरे कर्म में प्रवृत्त कराता है। उदाहरण स्वरूप भगवान् श्रीकृष्ण के सौन्दर्य माधुर्य पर मुग्ध होकर वृजाङ्गनाएँ सर्वव्यापी भगवान् श्रीकृष्ण में सर्वात्मना अनुरक्त हुई। यह अनुरक्ति मोहनाशक मोक्षदाता भगवान् की प्राप्ति के निमित्त होने से श्रेयस्करी थी; प्रेयस्करी नहीं। ऐहलौकिक या पारलौकिक फल के लोभ से ग्रस्त व्यक्ति

पशुहिंसा आदि अशुभ क्रियाओं में धर्म-बुद्धि करके प्रवृत्त होता है। एतावता मनुष्य की प्रत्येक प्रकार की क्रिया के मूल में कामादि में से कोई न कोई भावना काम करती है। कूर्मपुराण में रागादि को शुभाशुभ कर्म का हेतु कहा गया है।[13] भाष्यकार व्यासदेव तथा उनके मतानुयायी वाचस्पति मिश्र आदि सभी व्याख्याकारों ने कामादि को पुण्य एवं अपुण्य कर्मों की प्रवृत्ति का मूल आधार बतलाया है। यह सूत्रानुसार है। पतञ्जलि ने कर्मजन्य कर्माशय को अविद्या आदि क्लेशमूलक कहा है;[14] और कामादि प्रकारान्तर से क्लेश कहे जाते हैं। इसलिए आचार्य रामानन्दयति, नारायणतीर्थ आदि ने 'क्लेशमूलः' का अर्थ किया है- 'कामादिमूलः'।[15] अतः प्रत्येक प्राणी की क्रियाओं (पलकों का उठना- गिरना आदि स्वाभाविक क्रियाओं को छोड़कर) के मूल में काम आदि मानसिक भावनाएँ काम करती हैं।

कर्मजन्य कर्माशय (कर्म-संस्कार) में साक्षात् फलदातृता- पातञ्जल -योग के व्याख्याकारों ने कामादि से प्रेरित शुभाशुभ क्रियाओं तथा तज्जन्य शुभाशुभ संस्कारों (कर्माशय) को विपाकारम्भी बतलाया है। योगशास्त्र में भी ज्ञानरूप अथवा क्रियारूप कर्म का तृतीय क्षण में नाश माना गया है। क्रिया नष्ट होने से पूर्व अपने फल को उत्पन्न नहीं कर पाती है। शुभाशुभ कर्म और उससे मिलने वाले फल के मध्य अल्प या बहुत समय का अन्तर रहता है। अतः पतञ्जलि ने तत्-तत् कर्मजन्य कर्माशय के द्वारा फलोत्पत्तिपर्यन्त कर्मों की स्थिति मानी है। वाचस्पति मिश्र आदि व्याख्याकारों ने 'कर्माशय' शब्द का शुभाशुभकर्मजन्य धर्माधर्मरूप संस्कार अर्थ किया है। ये कर्मसंस्कार विपाकोन्मुख हुए बिना (फल दिए बिना) कथमपि (प्रसंख्या-नाग्निरूप साधन को छोड़कर) नष्ट नहीं होते हैं। ये चित्तभूमि में बीजरूप से पड़े रहते हैं और अवसर आने पर कत्ता को शुभाशुभ कर्म का सुख-दुःख भोग प्रदान करते हैं। कृष्णादि त्रिविध कर्मों की दृष्टि से कर्माशय तीन प्रकार का है- कृष्ण-कर्माशय (पाप-कर्माशय), शुक्ल-कर्माशय (पुण्य कर्माशय) तथा कृष्ण-शुक्ल- कर्माशय (धर्माधर्म-कर्माशय)।[16]

कर्माशय का विलम्ब अथवा अविलम्ब से विपाकोन्मुख होना- अतीत जन्मों में किए गए परोपकारक एवं परापकारक कर्मों से जायमान धर्माधर्म रूप कर्मसंस्कारों का वर्तमान जन्म में फलोन्मुख होना अनिवार्य नहीं है। वर्तमान जन्म में किए गए शुभाशुभ कर्मों से उत्पन्न कर्माशय विपाकोन्मुख नहीं भी हो सकता। इस स्थिति में व्याख्याकारों ने कर्माशय के- दो भेद किए हैं[17]-दृष्टजन्मवेदनीय (वर्तमान जन्म में अनुभवनीय) तथा अदृष्टजन्मवेदनीय (आगामी जन्म में अनुभवनीय)। कर्माशय की यह दृष्ट अथवा अदृष्ट जन्मवेदनीयता शुभ अथवा अशुभ कर्मों को क्रमशः पूर्ण मनोयोग (अतिमात्रतीव्रसंवेग) अथवा सामान्य मनोयोग (मृदुमध्यसंवेग) के साथ करने के कारण है। शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक सभी शक्तियों के द्वारा ईश्वर, देवता अथवा ऋषि-मुनियों की अराधना एवं सेवा-शुश्रूषा आदि करने से अनुसेवी (उपासक) का उदित हुआ पुण्यकर्माशय वर्तमानजन्म में ही अत्युत्कृष्ट फल देने में समर्थ होता है। इसी प्रकार श्रद्धेय तपस्वियों का अपमान करने से, दुःखी व्यक्ति को जानबूझकर पीड़ित करने से अथवा अपने विश्वस्त मित्र को छलने से व्यक्ति का जो पाप-कर्माशय संचित होता है, वह भी तुरन्त कष्टकारक फल प्रदान करता है।[18] शिलाद मुनि के पुत्र नन्दीश्वर कुमार ने बाल्यावस्था में महादेव की अविचल भक्ति करके जिस शुभकर्माशय का संचय किया था वह दृष्टजन्मवेदनीय था। इसी प्रकार इन्द्र-पद-प्राप्ति के अभिमान में चूर हुए राजा नहुष द्वारा ऋषि मुनियों पर चलाए गए पाद प्रहार जैसे अत्यन्त निन्दित कर्म से दृष्टजन्मवेदनीय कर्माशय उत्पन्न हुआ। मनुष्य के जीवन में सामान्यरूप से घटित होने वाले अच्छे-बुरे कर्म (जिनसे वर्तमान जीवन में फल नहीं मिल पाता है) अग्रिम जीवन में फल प्रदान करते हैं। वर्तमान जीवन में अपक्व (अभुक्त) शुभाशुभ कर्माशय अदृष्टजन्मवेदनीय कहलाता है।

कर्माशय की फलप्राप्ति की अनिवार्यता का खण्डन करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि अतीत अथवा वर्तमान जन्म में किए गए सभी शुभ-अशुभ कर्म अनिवार्यतः इसी जन्म में फलित हों—यह आवश्यक नहीं। इसी आधार पर व्याख्याकारों ने कर्माशय के दो भेद माने हैं— **दृष्टजन्मवेदनीय**, जो वर्तमान जन्म में फल देने में समर्थ होता है, तथा **अदृष्टजन्मवेदनीय**, जिसका फल आगामी जन्म में प्राप्त होता है। यह भेद कर्म के संपादन में निहित मनोयोग की तीव्रता पर निर्भर करता है। अत्यन्त तीव्र संवेग और पूर्ण समर्पण से किए गए महान पुण्य या घोर पाप कर्म तत्काल फलदायी होते हैं, जबकि सामान्य मनोयोग से किए गए कर्मों का फल विलम्ब से प्राप्त होता है। ईश्वर, देवता अथवा तपस्वियों की पूर्ण श्रद्धा से की गई उपासना दृष्टजन्मवेदनीय पुण्यकर्माशय उत्पन्न करती है, वहीं तपस्वियों का अपमान या विश्वासघात जैसे निन्दनीय कर्म तात्कालिक दुःखद फल देते हैं। इसके विपरीत, जीवन में सामान्य रूप से किए गए अधिकांश कर्म अदृष्टजन्मवेदनीय होते हैं और उनका फल भविष्य के जन्म में प्रकट होता है।

उपसंहार-

पतञ्जलि-व्यास परम्परा में कर्मवाद एक अत्यन्त सुव्यवस्थित, तर्कसंगत एवं नैतिक उत्तरदायित्व-बोध से सम्पन्न सिद्धान्त के रूप में प्रतिष्ठित है।

कर्म केवल क्रिया-मात्र नहीं, अपितु चित्त में संस्काररूप से संचित होकर कर्माशय बनता है और वही उपयुक्त देश-काल-निमित्त प्राप्त होने पर विपाकरूप से फलित होता है। कर्माशय का दृष्टजन्मवेदनीय अथवा अदृष्टजन्मवेदनीय होना कर्म की तीव्रता, मनोयोग तथा भावभूमि पर निर्भर करता है-यह धारणा कर्मफल की अनिवार्यता के साथ-साथ उसकी समय-सीमा में लचीलापन भी स्वीकार करती है। इसी से यह सिद्ध होता है कि प्रत्येक कर्म तत्काल फल दे-यह आवश्यक नहीं, किन्तु कोई भी कर्म निष्फल नहीं रहता। कर्मजातियों के चतुर्विध विभाजन- कृष्ण, शुक्ल, शुक्लकृष्ण एवं अशुक्लाकृष्ण-के माध्यम से योगदर्शन ने मानवीय आचरण की सम्पूर्ण नैतिक श्रेणीबद्धता प्रस्तुत की है। विशेषतः अशुक्लाकृष्ण कर्म की संकल्पना जीवन्मुक्त योगी की विशिष्ट स्थिति को रेखांकित करती है, जहाँ निष्काम भाव से सम्पन्न क्रियाएँ कर्माशयोत्पादक नहीं होतीं और जन्मबन्धन का कारण नहीं बनतीं। इस प्रकार योगदर्शन कर्म को त्याज्य नहीं, अपितु शुद्ध, विवेक युक्त एवं निष्काम बनाकर मोक्ष साधन के अधीन कर देता है। अन्ततः शुभाशुभ कर्मों की उत्पत्ति के मूल में काम, क्रोध, लोभ एवं मोह जैसे क्लेशों की भूमिका स्वीकार कर पतञ्जलि यह प्रतिपादित करते हैं कि कर्म का वास्तविक क्षय बाह्य आचरण-परिवर्तन से नहीं, अपितु अविद्या-निवृत्ति और क्लेश-क्षय से सम्भव है। जब तक क्लेश विद्यमान हैं, तब तक कर्माशय का निर्माण और उसका विपाक अनिवार्य है; और जब क्लेशों का क्षय हो जाता है, तब कर्म भी बन्धनरूप नहीं रह जाते। इस प्रकार कर्मवाद योगदर्शन में केवल नैतिक कारण-कार्य सिद्धान्त न रहकर मोक्षमार्ग की दार्शनिक आधारशिला बन जाता है।

सन्दर्भ

1. चतुष्पात् खल्वियं कर्मजातिः - कृष्णा, शुक्लकृष्णा, शुक्ला, अशुक्लाकृष्णा चेति- व्यासभाष्य- पृष्ठ संख्या-399।

2. कर्माशुक्ला कृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम्- योगसूत्र- 4.7।

3. (क) तत्राशुक्लं योगिन एव फलसंन्यासाद्, अकृष्णं चानुपादानात्- व्यायभाष्य- पृष्ठ संख्या-401।

(ख) योगिनां तु संन्यासवतां त्रिविधकर्मविपरीतं यत् फलत्यागानुसंधानेनैवानुष्ठानाद् न किञ्चित् फलमारभते- राजमार्तण्ड- पृष्ठ संख्या-63।

(ग) संन्यासिनो बाह्यसाधनसाध्यकर्मत्यागान्न शुक्लकृष्णकर्म, क्षीणक्लेशत्वान्नकृष्णम्, योगजधर्मस्य फलमनभिध्यायेश्वरार्पितत्वान्न शुक्लं कर्मास्ति, अतश्चित्तशुद्धिविवेकख्यातिद्वारा मोक्षैकफलकमशुक्लाकृष्णं कर्मेत्यर्थः- मणिप्रभा- पृष्ठ संख्या-77।

(घ) एवं संन्यासिनां क्वचिदपि बहिःसाधनसाध्ये कर्मणि अप्रवृत्तानां कृष्णस्याभाव एव योगानुष्ठानसाध्यस्य फलस्येश्वरे समर्पणान्न शुक्लमपीत्यवधेयम्- नागेशभट्टीयलघुयोगसूत्रवृत्ति- पृष्ठ संख्या-89।

4. त्यक्त्वा कर्मफलासङ्गं नित्यतृप्तो निराश्रयः। कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किंचित्करोति सः।। -गीता 4।20।

यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते। हत्वाऽपि स इमाँल् लोकात् न हन्ति न निबध्यते।। -गीता 18/17।

5. (क) तत्र शुक्लं कर्म विचक्षणानां दान-तपः-स्वाध्यायादिमतां पुरुषाणाम् - राजमार्तण्ड- पृष्ठ संख्या-63।

(ख) वाङ्मनससाध्यं सुखैकफलकं शुक्लं कर्म स्वाध्यायतपःशीलानां भवति- मणिप्रभा- पृष्ठ संख्या-76।

6. सा हि केवले मनस्यायत्तत्वादबहिःसाधनाधीना न परात् पीडयित्वा भवति- व्यासभाष्य- पृष्ठ संख्या-400।

7. शुक्ला सुखफलदा सत्त्ववर्द्धकत्वात्- योगवात्तिक- पृष्ठ संख्या-400।

8. शुक्लकृष्णं मनुष्याणाम्- राजमार्तण्ड- पृष्ठ संख्या-63।

9. शुक्लकृष्णा बहिःसाधनसाध्या तत्र परपीडाऽनुग्रहद्वारेण कर्माशयप्रचयः- व्यासभाष्य- पृष्ठ संख्या-400।

10. तत्र कृष्णा दुरात्मनाम्- व्यासभाष्य- पृष्ठ संख्या-400।

11. कृष्णा दुःखफलदा तमोवर्धकत्वात्- योगवत्तिक- पृष्ठ संख्या-400।

12. नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि। अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्।। -पातंजल-रहस्य- पृष्ठ संख्या -401।

13. (क) तत्र पुण्यापुण्यकर्माशयः कामक्रोधलोभमोहप्रसवः- व्यासभाष्य- पृष्ठ संख्या-161।

(ख) रागद्वेषादिक्लेशनिदानः कर्मणाम्... -योगसुधाकर- पृष्ठ संख्या-33।

(ग) कामात्काम्यकर्मप्रवृत्तौ स्वर्गादिहेतुर्धर्मो भवति, एवं लोभात् परद्रव्यापहारादाधर्मः, एवं मोहादधर्मे हिंसाऽऽदौ धर्मबुद्धः प्रवत्र्तमानस्याधर्म एव...। अस्ति क्रोधजो धर्मः, तद्यथा ध्रुवस्य जनकावमानजन्मनः क्रोधात् तज्जिगीषयाऽऽहितेन कर्माशयेन पुण्येनान्तरिक्षलोकवासिनामुपरि स्थानम् अधर्मस्तु क्रोधजो ब्रह्मवधादिजन्मा प्रसिद्ध एव भूतानाम्-

तत्त्ववैशारदी- पृष्ठ संख्या-161।

14. रागद्वेषादयो दोषाः सर्वे भ्रान्तिनिबन्धनाः।

कार्यो ह्यस्य भवेद्दोषः पुण्यापुण्यमिति श्रुतिः॥

तद्वशादेव सर्वेषां सर्वदेहसमुद्भवः -कूर्मपुराण 3।20-21।

15. क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः -योगसूत्र 2।12।

16. क्लेशाः कामक्रोधादयो मूलमस्येति क्लेशमूलः -मणिप्रभा- पृष्ठ संख्या-31।

17. (क) जात्यायुर्भोगहेतवः संस्कारा आशयाः; कर्म चित्तेन्द्रियप्राणानां व्यापारः; तदनुभवजाता ये संस्काराः पुनरभिव्यक्ताः सन्तः स्वानुगुणाश्चेष्टा जनयेरंस्तथा च चेष्टासहभावीनि शरीरेन्द्रिय सुख दुःखादीन्याविर्भावयेयुः। स एव कर्माशयः- भास्वती- पृष्ठ संख्या-161।

(ख) आशेरते सांसारिकाः पुरुषा अस्मिन्नित्याशयः, कर्मणामाशयौ धर्माधर्मौ- तत्त्ववैशारदी- पृष्ठ संख्या-161।

(ग) कर्माशयो धर्माधर्मौ- योगवत्तिक- पृष्ठ संख्या-161।

(घ) अतो वासनारूपाण्येव कर्माणि... राजमार्तण्ड- पृष्ठ संख्या-24।

18. (क) क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्म वेदनीयः -योगसूत्र 2।12।

(ख) अस्मिन्नेव जन्मनि अनुभवनीयो दृष्टजन्मवेदनीयः; जन्मान्तरानुभवनीयोऽदृष्टजन्मवेदनीयः- राजमार्तण्ड- पृष्ठ संख्या-24

(ग)स च दृष्टजन्मवेदनीय इहैवानुभाव्यः; दृष्टजन्मवेदनीयश्चामुत्रानुभाव्यः - योगसुधाकर- पृष्ठ संख्या-33।

(घ) येन देहेन कर्म कृतं तद् दृष्टं जन्म, तेनैव देहेन भोक्तव्य आद्यः- मणिप्रभा- पृष्ठ संख्या-31।

19. तत्र तीव्रसंवेगेन मन्त्रतपः समाधिभिर्निर्वृत्तित ईश्वरदेवतामहर्षिमहानुभावानामाराधनाद्वा यः परिनिष्पन्नः स सद्यः परिपच्यते पुण्यकर्माशय इति। तथा तीव्रक्लेशेन भीतव्याधितकृपणेषु विश्वासोपगतेषु वा महानुभावेषु वा तपस्विषु कृतः पुनः पुनरपकारः। स चापि पापकर्माशयः सद्य एव परिपच्यते- व्यासभाष्य- पृष्ठ संख्या-162।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. योगसूत्राणि व्यासभाष्यसमेता टीकाकार- व्यास (भाष्यकार)- पं. राजारामशास्त्री भट्ट- चैखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी।
2. पतञ्जलिमुनिप्रणीतानि योगसूत्राणि व्यासभाष्यसमेता- टीकाकार- व्यास- पं. हरिहरानन्द आर्य- चैखम्बा विद्या भवन/चैखम्बा ओरियण्टालिया।
3. राजमार्तण्ड- भोजदेव- भारतीय विद्याप्रकाशन, वाराणसी-1963।
4. मणिप्रभा- रामानन्दयति- विद्याविलास प्रेस, वाराणसी-1903।
5. नागेशभट्टीय लघुयोगसूत्रवृत्ति- सं0 महादेवशास्त्री-निर्णयसागर, बम्बई-1917।
6. गीता (श्रीमद्भगवद्गीताद्ध- सं0 कृष्णपन्तशास्त्री- अच्युत ग्रन्थमाला, काशी सं0-2023।
7. रामायण-मञ्जरी- महेश्वर तीर्थ- चैखम्बा संस्कृत सीरीज।
8. तत्त्ववैशारदी (साङ्गं योगदर्शनम्)- सं0 दामोदरशास्त्री- चैखम्बा प्रकाशन, वाराणसी-1935।
9. पातञ्जलरहस्य- सं0 दामोदरशास्त्री- चैखम्बा प्रकाशन, वाराणसी-1935।
10. कूर्मपुराण- सं0 आनन्दस्वरूप गुप्त सर्वभारतीय काशीराजन्यास दुर्ग रामनगर, वाराणसी-1972।
11. योगसुधाकर- सदाशिवेन्द्रसरस्वती- वाणीविलास प्रेस, श्रीरङ्गम्-1912।
12. व्याख्या-भारती- टीकाकार (विभिन्न परम्पराएँ)- चैखम्बा संस्कृत पुस्तकों के संस्करण।
13. ध्याना-भारती- योग/ध्यान ग्रंथ का भाष्य- चैखम्बा/विभिन्न पारम्परिक प्रकाशन।
14. योग-वार्तिक- वाचस्पति मिश्र- चैखम्बा संस्कृत सीरीज।
15. तत्त्वविवेक (धर्म-मीमांसा का ग्रन्थ)-नाग प्रकाशन, दिल्ली।
16. योगसारसंग्रह- स्वामी सनातनदेव- मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी सं0-2014।
17. योगवासिष्ठ- अच्युतग्रन्थमाला, काशी सं0-2005।
18. व्याख्याकारों की दृष्टि से पातञ्जल-योगसूत्र का समीक्षात्मक अध्ययन- डॉ0 विमला कर्णाटक- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय शोध-प्रकाशन-1974।
19. मार्कण्डेयपुराण- मनसुखराय मोर संस्करण 5 क्लाइवरोड कलकत्ता-1-1962।
20. गूगल सर्च इंजन

*****

21वीं शताब्दी के उपन्यासों में उपभोक्तावाद एवं ब्रांड संस्कृति

-अखिलेश यादव
शोधार्थी, हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

वर्तमान समय में धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है। एक नई जीवन-शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है। उसके साथ आ रहा है एक नया जीवन दर्शन उपभोक्तावाद का दर्शन। उत्पादन बढ़ाने पर जोर है चारों ओर यह उत्पादन आपके लिए है। वर्तमान में बाजारवाद ने प्रत्येक वस्तु को उपभोग के दायरे में ला कर खड़ा कर दिया है। आज जो चीज बिक्री के योग्य नहीं है मूल्यहीन है। संस्कृति, कला साहित्य, धर्म यहां तक की मनुष्य भी इसी दायरे में अब आ रहा है। तकनीकी क्रांति ने मीडिया को मास मीडिया में बदल दिया है। जिससे व्यक्ति दर्शक, और उपभोक्ता में परिवर्तित हो रहे हैं वे ब्रांडेड वस्तुओं की तरफ दौड़ लगा रहे हैं। इस नई व्यवस्था, संस्कृति की गूंज 21वीं शताब्दी के उपन्यासों में देखी जा सकती है।

अगर तुम मालामाल हो

तो हर आदमी एक बिकाऊ माल है (कुंवर नारायण)

बीज शब्द: बाजारवाद, भूमंडलीकरण, उपभोक्तावाद, ब्रांड संस्कृति, नव उपनिवेशवाद

विषय प्रवेश

20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में संपूर्ण विश्व में समाजवादी व्यवस्थाओं के विघटन ने संगठित पूँजीवाद को और बल दिया। इस संगठित पूँजीवाद ने जिस भूमंडलीकरण को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया वही उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रचार और प्रसार का जिम्मेदार बना। भूमंडलीकरण और उदारीकरण ने जिस मुक्त बाजार की परिकल्पना को हमारे सामने रखा वह मुक्त बाजार अपने साथ उपभोक्तावादी संस्कृति को बाइप्रोडक्ट के रूप में लेकर आया था। मुक्त बाजार, जिसने धीरे-धीरे हमारे दैनिक जीवन में प्रवेश कर लिया और हमारा पथ-प्रदर्शक भी बन गया। वैसे देखा जाए तो बाजार का अस्तित्व उतना ही पुराना है जितना मनुष्य का तथा बाजार हर युग तथा सभ्यता में मौजूद रहा है लेकिन तब वह मनुष्य की आवश्यक जरूरतों की पूर्ति के लिए हुआ करता था। लेकिन आज का बाजार वह बाजार है जहाँ सब कुछ बिकता है। पहले बाजार किसी भी समाज का आवश्यक अंग हुआ करता था लेकिन आज पूरा विश्व ही एक बाजार की शक्ल लेता दिख रहा है। ये ग्लोबल गांव की अवधारण को फलित कर रहा है। दैनिक आवश्यकता की कोई भी वस्तु आज बिना बाजार से गुजरे हमारे पास नहीं पहुँच सकती। सच भी यही है कि बाजार की इस सभ्यता ने मनुष्य को भी एक उत्पाद के रूप में बदल दिया है। 'ज्याँ बौद्रीआ' ने भी कहा है कि उपभोक्तावाद में समाज एक मास हिस्टीरिया की स्थिति में पहुँच जाता है जहाँ कुछ भी यथेष्ट नहीं होता। मैनेजर पांडेय के अनुसार, 'पश्चिम के उपभोक्तावादी समाज और मुक्त बाजार की व्यवस्था में मनुष्य और संस्कृति की दुर्गति की ओर संकेत करते है। ऑक्टोवियो पॉज़ ने लिखा है कि, "जिस समाज में अधिक उपभोग के लिए अधिक से अधिक उत्पादन का उन्माद बढ़ता है, वह विचारों, भावनाओं, कला, प्रेम, मित्रता और मनुष्य को भी उपभोग की वस्तु बना देता है। वहाँ हर चीज खरीदी जाती है, उसका उपभोग होता है और अंत में वह कूड़ेदान में फेंक दी जाती है।"

उपभोग और उपभोक्तावादी संस्कृति में फर्क करना आवश्यक है। समाज में उपभोग का इतिहास उतना ही पुराना है जितना कि बाजार। जब बाजार का अस्तित्व नहीं था और मनुष्य जो उगाता था वही खाता था या नदी या झरने के पानी का प्रयोग करता था। बाजार से गुजरे बिना ही तब दैनिक आवश्यकता की चीजें अगर सीधे हमारे घर आती थीं पर आज बाजार किसी न किसी रूप में हमारे घर में घुस आता है। आज हमारी जरूरत की सभी वस्तुएं बाजार में मौजूद है फिर चाहे वह पीने का पानी हो या खाने की वस्तुएँ, बाजार से गुजरे बिना सीधे हमारे पास नहीं आ पातीं। आज की सुरसावृत्ति से फैलती उपभोक्तावादी संस्कृति की शुरुआत 19वीं शती से ही हो चुकी थी जैसा कि ' शंभुनाथ' ने दिखाया दुनिया में उपभोक्तावाद की शुरुआत भारतीय सूती कपड़े और मलमल की उस खेप से हुई, जो 17वीं सदी के आखिरी दशक में किसी समय इंग्लैंड पहुँची थी। इस फैशन ने अंग्रेजों की रुचि में परिवर्तन ला दिया था। भारतीय कपड़े उनके लिए प्रतिष्ठा चिह्न बन गए थे। उस समय दुनिया में उपभोक्तावाद सिर्फ

मुट्ठी भर अभिजनों के बीच सीमित था।

धीरे-धीरे उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ी। तरह-तरह की वस्तुएँ बनने लगीं। सामाजिक प्रतिष्ठा की होड़ बढ़ गई। अभी कुछ दशकों पहले तक उपभोक्ता माल अपना स्वायत्त संसार न बनाकर अपनी वस्तुगत उपयोगिता के बल पर लोगों की रुचियों, विचारों और जीवन-शैलियों के आधुनिकीकरण में निर्णायक भूमिका अदा कर रहे थे। लोग चमक-दमक देख कर नहीं, अपनी निश्चित जरूरतों के तहत सामान खरीदते थे। बाजार के सामान प्रलुब्ध करते थे, पर कैद नहीं। वे मानवीय सोच का बंध्याकरण नहीं करते थे और वस्तुओं के उस पार का संसार भी साफ दिखता था।" जिस उपभोक्तावादी संस्कृति की शुरुआत 19वीं शती से हुई, उसका प्रसार 21वीं शती तक इतना बढ़ गया है कि उसे सामान्य जीवन से अलग कर पाना आसान नहीं। उपभोक्तावाद, स्वतंत्रता के नाम पर मनुष्य को कई विकल्प प्रस्तुत करता है, मसलन अगर जेब में पैसा है तो मनुष्य कुछ भी खरीद सकता है और अगर पैसा नहीं है तो फिर वह कर्ज लेकर भी उस वस्तु को खरीद सकता है। यह एक तरह से छद्म स्वतंत्रता का विस्तार ही है जहाँ जरूरत की जगह चाहत ले लेती है और वह चाहत होती है अधिक से अधिक नई वस्तुओं के क्रय की इस स्थिति में तर्क का लोप हो जाता है और मनुष्य भ्रमित होता जाता है।

भूमंडलीकरण के समय में तकनीक का विस्तार हो जाने से संस्कृति सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। आज संस्कृति का स्वरूप स्थानीय न रहकर भूमंडलीय हो गया है। भूमंडलीकरण के कारण बाजारवाद पनपा और बाजारवाद से उपभोक्तावाद। आज इन्सान की पहचान एक उपभोक्ता के रूप में ही रह गई है। इस कारण एक नई संस्कृति पनपी जिसे हम उपयोगमूलक संस्कृति कहते है। इसमें इन्सान सब कुछ भोग लेना अर्थात् उपभोग कर लेना चाहता है। हमारी प्राचीन संस्कृति में ऐसा नहीं था केवल 'चार्वाक दर्शन में ही ऐसा माना गया कि 'उधार लेकर भी घी पियो'। भूमंडलीकरण में यह चार्वाक दर्शन ही उपभोग मूलक संस्कृति के रूप में हमारे सामने उपस्थित है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपने उत्पाद को खपाने के लिए ऐसी परिस्थितियाँ निर्मित की जिससे हम इस ओर न चाहते हुए भी खींचे चले आ रहे हैं। उदारीकरण के कारण हम आज वस्तुओं के अंध आकर्षण की ओर जा रहे हैं। हम संतुलित और सार्थक जीवनचर्या को छोड़कर विलासितापूर्ण जीवन शैली की ओर भागे जा रहे है जो हमारे हित में नहीं है। हम बाजार व तकनीक के इतने अभ्यस्त होते जा रहे है कि जो चीज हमारी जरूरत की नहीं है उसे भी हम जबरदस्ती उठा लाते है। आज की समय में ।प् और इंटरनेट के विकास ने बाजार संस्कृति को और भी प्रभावी बना दिया है। आज का समय रोबोटिक्स का है बहुत से कामों के लिए मनुष्य की जरूरत ही नहीं है इसलिए मनुष्य खुद आज एक वस्तु के रूप में तब्दीली हो गया है।

भूमंडलीकरण के दौर में एक वस्तु का निर्माण बहुत सारी कंपनियां कर रही हैं इसलिए अपनी वस्तु को श्रेष्ठ बताने के लिए उसकी गुणवत्ता की पहचान के लिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने एक नए शब्द ब्रांड को इजाद किया। ब्रांड एक तरह का निशान है जो उस वस्तु की पहचान को इंगित करता है जिसपर लगा होता है। इसका प्रचार-प्रसार आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से होता है। प्रभा खेतान' के शब्दों में ब्रांड का अर्थ केवल एक छपा हुआ रंगीन बिल्ला नहीं, जिसे उत्पादित वस्तु पर चिपका दिया जाए। ब्रांड का मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक आयाम है। ब्रांड केवल उत्पादित वस्तु का ही प्रतिनिधित्व नहीं करता बल्कि अपनी साख भी रखता हैं। यह अपने बारे में उपभोक्ताओं से संवाद स्थापित करता है।" आज का क्रेता ब्रांड के आधार पर अपना चुनाव करता क्योंकि विज्ञापनों ने हमें इसके लिए अभ्यस्त कर दिया। आज के समाज में ब्रांडेड वस्तुओं उपभोग से हैसियत का निर्धारण होता है। इन सब स्थितियों का निर्माण बाजारवाद ने अधिक मुनाफा कमाने के लिए किया है।

21 वीं शताब्दी तकनीकी का युग है इसने व्यक्ति के जीवन को आसान बना दिया है। इंटरनेट ऑनलाइन खरीददारी ने बाजारवाद उपभोक्तावाद को और प्रभावी बना दिया है। जिससे इन तत्वों का प्रभाव समाज पर देखा जा सकता है जिसका उल्लेख कई उपन्यासों में देखा जा सकता है। उपभोक्तावादी

संस्कृति ने मनुष्यों को अपना गुलाम बना लिया है। 'नैतिकता' नामक शब्द इनके जेहन से निकल चुका है। आँखो के सामने ऐसी परत पड़ चुकी है कि अब उन्हें अपना परिवार या समाज नहीं दिखता है, दिखता है तो केवल उपभोक्ता और बाजार बकौल डॉ० अमरनाथ "उपभोक्तावादी संस्कृति का गुण है कि वह अनावश्यक वस्तुओं को मनुष्य के लिए आवश्यक बना देती है और इस तरह मनुष्य की सीमित आवश्यकताओं को सीमाहीन। चूँकि आवश्यकताएं सीमाहीन बन जाती है इसलिए लोग रात-दिन सारी जिंदगी एक न एक वस्तु जुटाने में लगे रहते हैं। आदमी पर एक तरह से गुलामी हावी हो जाती है। आवां ' उपन्यास की नमिता बाबा ज्वैलर्स में काम करने के लिए अपने पहनावे को बदलने के लिए बाध्य है। वह सोचती की " अच्छे दफ्तर में चुस्त दुरुस्त पोशाकें पहने बिना काम नहीं चलता।" एक वर्ग जो इस प्रतिस्पर्धी बाजार में अपने उत्पाद को श्रेष्ठ

साबित करने में लगे हैं, उनके लिए सफलता इतनी आसान नहीं है। दरअसल बाजार में दिन-प्रतिदिन स्पर्धा कड़ी होती जा रही थी। उत्पादन, विपणन और विक्रय के बीच तालमेल बैठाना दुष्कर कार्य है। एक-एक उत्पाद की टक्कर में बीस-बीस वैकल्पिक उत्पाद है। इन सब को श्रेष्ठ बताते आकर्षक विज्ञापन हैं अभियान जिनके प्रचार-प्रसार से मार्केटिंग का काम आसान की बजाए मुश्किल होता जा रहा है। उपभोक्ता के पास एक-एक चीज के कई चमकदार विकल्प है। लाभ कमाने के लिए धर्म, आस्था का भी प्रयोग बाजारवाद कर रहा है जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता को अपनी वस्तुओं की ओर आकर्षित कर सके। प्रियंवद के उपन्यास 'परछाई नाच' में पेयजल की विक्री के व्यवसाय की कथा कही गयी हैं। इसमें छोटी-छोटी स्थानीय व्यावसायिक संस्थाओं से लेकर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियाँ कार्यरत हैं। इन कम्पनियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, परिणामतः उनकी अपनी अस्मिता भी संकट में पड़ गयी है क्योंकि आपसी प्रतियोगिता बुरी तरह बढ़ गयी है। विज्ञापनों के सहारे वे बाजार में अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए तरह-तरह के खतरनाक और भक्ति सम्बन्धी तत्त्वों को भी अपनाया जा रहा है। गंगाजल का बोतल बनाने वाला अनहद' जैसे युवक के मस्तिष्क का पूरा फायदा उठाकर मूल्य-विरोधी रास्तों में मनमाने ढंग से भड़कता है। इन रास्तों की गन्दगियों और आपदाओं से अनभिज्ञ अनहद अपने मालिक की कम्पनी की सफलता के लिए अपना तन और मन न्यौछावर करता है। अनहद का तेज और सजग मस्तिष्क पानी की शुद्धता के स्थान पर उनकी पवित्रता पर इसलिए जोर देता है कि शुद्धता सभी कम्पनियों का आम दावा है जबकि पवित्रता के नारे का प्रभाव समाज की शिराओं में कैसी गहरी छाप छोड़ेगा। यही नहीं, पानी के मूल गुण और उसकी जरूरत के स्वरूप को भी अनहद बदलता है। अपनी योजना को इस प्रकार वह मालिक के सामने प्रस्तुत करता है- "हम अपने पानी की शुद्धता पर उतना जोर नहीं देंगे जितना कि पानी की पवित्रता पर ... हमारा पानी धर्म और अध्यात्म का पानी होगा। मनुष्य के देवताओं के लोक में ले जानेवाला.. उसके पुरखों की तड़पती अभिशप्त, अतृप्त आत्माओं को मुक्त करनेवाला होगा ।... इस तरह हम पानी के मूल तत्त्व, गुण, उसकी असली जरूरत और करोड़ों साल से चले आ रहे रूप प्यास को ही, अपने पानी से हटा देंगे।" इस अजब पेय जल की बिक्री का उपयुक्त बाज़ार भी अनहद की तेज बुद्धि ढूंढ निकालती "हमारा ग्राहक अनपढ़ होगा, गँवार होगा, खों, कारखानों का मज़दूर होगा, पत्थर तोड़ते खदानों में काम करते मकाने बनाते लोगों का होगा। आदिवासियों का बूढ़ों का... साधु-भिखारियों का अनाथों का, विधवाओं का होगा।" इस बाजारु सभ्यता को और भी उपजाऊ और उर्वर बना देने के लिए अनहद उसमें प्राचीन भारतीय संस्कृति, धर्म, दर्शन आदि सभी तत्त्वों की कलई सही मात्रा में करने के लिए नहीं हिचकता। इस तरह बाजारवादी संस्कृति उपभोक्ता को रिझाने के लिए उनके आस्था और परंपराओं का भी प्रयोग करते हैं वो तरह तरह के आकर्षक उपहार भी देते है जैसे लकी ड्रा आदि, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी वस्तुओं का क्रय करें।

बढ़ते उपभोक्तावाद ने मानवीय मूल्यों को विघटित किया है जिसके चपेट में हमारा समाज आ रहा है। एक अंधी दौड़ सी मची हुई है। यह एक नई दुनिया है जो रिश्तों को नहीं समझती वह अधिक से अधिक वस्तुओं का उपभोग करना चाहती है और मुनाफा कमाना चाहती है। आज की युवा पीढी स्वच्छंदता चाहती है। अपनी नयी जीवन शैली जिसमें वह पुरानी मान्यताओं, मूल्यों, व अपनी संस्कृति को काफी पीछे छोड़ चुकी है। उसे किसी का भी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं। अपने माता-पिता की शिक्षा जो उसके जीवन की बेहतरी के लिए होती है, वह उसे बेमतलब की लगती है। वैश्वीकरण की लहर ने युवा पीढ़ी के दिमाग से नैतिकता' शब्द निकाल कर प्रोफेशनल नैतिकता भर दिया है। माँ-बाप की चिंता उसे पुरानी दकियानूसी एथिक्स मौरैलिटी बातें लगती हैं। 'दौड़' उपन्यास के पवन के अनुसार "मेरे हर काम में आप यह क्या एथिक्स मॉरैलटी जैसे भारी भरकम पत्थर मारते रहते हैं। मैं जिस दुनिया में हूँ वहाँ एथिक्स नहीं, प्रोफेशनल एथिक्स की जरूरत है। चीजों को नयी नजर से देखना सीखिए नहीं तो आप पुराने अखबार की तरह रद्दी की टोकरी में फेंक दिए जाएंगे। आप जेनरेशन गैप पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। आप ही दुखी रहेंगे।"

चित्रा मुद्गल के उपन्यास 'आवां' में भी एक लड़की की आकांक्षाएँ, इच्छाएँ एवं अनिवार्यताएँ कैसे उसे उपभोग का शिकार बना देती हैं, इसका अच्छा चित्र उतारा गया है। उपन्यास में मज़दूर एवं पूँजीपति दोनों का अन्तरंग बहिरंग जीवन अभिव्यक्त है। उपन्यास की नायिका नमिता है। नमिता माँ की मदद के लिए पापड़ बेलने के साथ साड़ियों में फॉल लगाती है और ट्यूशन करती है। लेकिन दो वक्त घरवालों के पेट भरने का जुगाड़ भी मुश्किल से हो पाता है। नमिता के दो मित्र ममता और स्मिता उच्च वर्ग के हैं। इसलिए उसके मन में उच्च वर्ग की सुविधाएँ भोगने की तमन्ना पैदा होती है। नमिता की नौकरी जब 'बाब ज्वैलर्स' में लगती है तो उसके पहनावे में भी बदलाव आता है। नये-नये मोडर्न वस्त्र आदि खरीद देने से नमिता अंजना वासवानी से आकृष्ट हो गयी। माँ के पसन्द न होने के

बावजूद उसने यह तय कर लिया है- ' अगले महीने तनख्वाह के कुछ पैसे बचाकर वह अपने लिए जींस और टॉप ज़रूर खरीदेगी। महँगे न सही सस्ते ही सही क्योंकि उसका मानना है "अच्छे दफ्तर में चुस्त-दुरुस्त पोशाकें पहने बिना काम नहीं चलने का इस तरह हम देखते है कि नमिता कैसे उपभोक्तावाद में फंस गई है वह बाजार की एसेट बन कर रह गई है।

इस भूमंडलीकरण में बड़ी बड़ी कंपनियों ने अपने वस्तुओं की बिक्री के लिए उसे अलग अलग भागों में बांट दिया है जैसे एक साबुन कंपनी बच्चों के लिए अलग, पुरुष के लिए अलग महिला के लिए अलग, गर्मी के लिए अलग, सर्दी के लिए, अलग, मुंह घुलने के लिए अलग नहाने के लिए अलग तरह तरह के वर्गों में विभाजित कर एक ही उपभोक्ता को कई वस्तु बेचती है। इस तरह बाज़ार लोगों की इच्छाओं को बढ़ाता है उनको यह बताता है कि बेहतर जीवन ज़्यादा से ज्यादा वस्तुओं के उपभोग करने से है और लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वस्तुओं की उपभोग की लालसा लिए हुए उपभोक्तावादी बन रहे है। गांधी जी' ने कहा है कि इच्छाएं अनंत है और संसाधन सीमित है इसलिए अनंत इच्छाओं की पूर्ति से जुड़ा उपभोक्तावादी और सुख वादी अच्छे जीवन के विचार से नव उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद उत्पन्न होगा।

निष्कर्ष:-

इस प्रकार हम देखते है कि वर्तमान समय में उपभोक्तावाद, बाजारवाद के साथ सह-उत्पाद के रूप में आया और इसको ब्रांड संस्कृति ने और अधिक प्रभावी बना कर हमारे सामने परोस दिया। जिससे समाज में काफ़ी परिवर्तन आया लोगों के जीवन जीने के तरीके में काफी बदलाव आया। मीडिया इंटरनेट के विकास ने बाजार को जन जन तक पहुंचा दिया है और इसी के सहारे उपभोक्तावाद और प्रभावी हो रहा है।

'गांधी जी ने कहा था कि हम स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे-खिड़की खुले रखे पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें। उपभोक्ता

संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही हिला रही है। यह एक बड़ा खतरा है। भविष्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।

संदर्भ ग्रंथ:-

1. गिरीश मिश्र, भूमंडलीकरण का संक्षिप्त इतिहास, ग्रंथ शिल्पी, दिल्ली, प्रथम संस्करण 2017, पृ० सं० 47

2. ममता कालिया, दौड़, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, छठा सरकरण 2014, चन्द्र सतरें।

3. वहीं, पृ० सं० 12

4. डॉ० अमरनाथ, हिन्दी आलोचना की पारिभाषिक शब्दावली, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पाँचवा छात्र संस्करण-2015, ज्व ü 94

5. ममता कालिया, दौड़, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, छठा संस्करण-2014, पृ० स०23

6. वही, पृ० सं० 30

7. परछाई नाच, प्रियंवद, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010 (पृष्ठ-124)

9 . आलोचना की सामाजिकता, मैनेजर पांडेय, (पृष्ठ 162)

10 शंभुनाथ, संस्कृति की उत्तरकथा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2000, पृष्ठ-153

11 आवां, सामयिक प्रकाशन, दरियागंज, नई दिल्ली (पृष्ठ 189)

*****

न्यायजैनदर्शनयोः कारणविवेचनम्

-अभिषेककुमारशुक्लः,
शोधच्छात्रः, श्री.ला.ब.शा.रा.सं.विवि.
नवदेहली, 110016

मनुष्यः विचारशीलः प्राणी वर्तते, सः प्रत्येकस्मिन्कार्ये स्वमेधायाः उपयोगं कुरुते। एषा विचारशक्तिरेव विवेकः कथ्यते। अतः मनुष्येषु या स्वाभाविकी विचारशक्तिरस्ति तद्दर्शनमिति। वस्तुयथार्थस्वरूपज्ञानं दर्शनम्। "दृश्यतेऽनेनेति दर्शनम्" अनया व्युत्पत्तिना जगन्नित्यमनित्यं वा? अस्ति कश्चित्कर्ता न वा? का आत्मा? आत्मनः पुनर्जन्म विदधाति शरीरेण वा सह विनश्यतीति ? ईश्वरसत्ता विद्यते खलु ? एतेषां समेषां प्रश्नानामुत्तराणि दर्शनशास्त्रे विद्यन्ते। दर्शनशब्दस्य व्युत्पत्तिजन्यार्थः वर्तते; दर्शनं, विचारः श्रद्धानं वेति। प्राचीनकालादेव मानवैः स्वजीवने दर्शनं प्रमुखस्थानं दत्तमिति। वस्तुतः जीवनं प्रति मानवानां दृष्टिकोणैव दर्शनमिति, दृष्टिकोणमिदं भिन्न-भिन्न वर्तते प्रत्येकव्यक्तेः यथा केनचिदुक्तम् –

"मुण्डे मुण्डे मतिर्भिन्ना कुण्डे कुण्डे नवं पयः।
जातौ जातौ सदाचारः, नवा वाणी मुखे मुखे॥"

वार्तेयमेव कुंदकुंदाचार्येणाप्युक्तम् -

"णाणाजीवा णाणाकम्मं णाणाविहं हवे लद्धी।
तम्हा वयणविवादं सगपर समएहिं वज्जिज्जो॥"[1]

मनुष्येषु सर्वदा स्वपरितः विद्यमानानां पदार्थानां ज्ञातुं जिज्ञासा विद्यते एव, यत् पदार्थैस्सह तस्य सम्बन्धः कः? सम्बन्धस्य निरूपकः कः?, पदार्थानां ज्ञानाय साधनानि कानि? इत्यादयः शंकाः विद्यन्ते याभिः मनुष्याः प्रेरिताः सन्ति, सामान्येन दर्शनस्यायमितिहासः वर्तते। अस्मिन् विषयेऽपि भारतस्य स्वविशेषतास्ति। भरतीयदर्शनस्याधारशिला दुःखे एव प्रतिष्ठिता इति कथ्यते, प्रायेण सर्वाणि दर्शनानि दुःख निवृत्तये एव प्रवृत्तानि भवन्ति यतोहि निश्चितोऽयं तथ्यः यत् प्राणी संसारेऽस्मिन् त्रिविधात्मकदुखेभ्यः ग्रसितः वर्तते, तस्य च स्वाभाविकी प्रवृत्तिः सुखप्राप्तिः वर्तते। अपरेयं विशेषतास्ति यत् एकेनैवुपायेन दुखनिवारणं सुखासादनञ्च भवितव्य-मिति किन्तु तच्छुखं किम्? धनार्जनं सुखं वा? आजीविका वा? परीक्षासाफ़ल्यं वेति? एतेषां प्रश्नानामुत्तरं भविष्यति यदेतानि सर्वाणि सुखानि न, केवलं क्षणिकमपितु अतिशययुक्ता अपि सन्ति, नास्ति काचिच्छीमैतेषाम्। कदाचिच्छुखस्य कापि निश्चिता परिभाषाऽपि न भवितव्या यतोहि किञ्चित् वस्तुः कस्यचित् कृते सुखदायकः वर्तते कस्यचित् कृते नह्यतः दर्शनस्य लक्ष्यमेवोपायान्वेषणं वर्तते एतेषां प्रश्नानां दुखानां वात्यन्तिकनिवारणस्य कृते यतोहि सांसारिकदुखानां निवृत्तिरेव मोक्षः कथ्यते दार्शनिकभाषायाम् ।

एतेषां दुखानां निवारणार्थं कानि साधनानि कारणानि वा वर्तन्ते किन्तु तस्मिन् विषये विभिन्नदर्शनेषु मतैक्यन्न विद्यते। अत इति सिद्धं भवति यत् दर्शनस्य मुख्यलक्ष्यमेव वर्तते, दुःखकारणानि कानि वर्तन्ते तथा च तेषामुपायाः के विद्यन्ते इति ज्ञानम्। जगतः कर्ता कः? कारणं किमस्ति? अस्ति कश्चित्कर्ता न वा? पाश्चात्यदर्शनेषु मोक्षविषये मौनं स्वीकुर्वन्ति दार्शनिकाः, एतस्माद् कारणात् भारतीयदर्शनात् तैरेकानवीनदिशानिर्देशः प्राप्यते। यद्यपि पाश्चात्यदर्शनेऽपि भौतिकवादस्य धरातलादुपरि गत्वा हीगेल इति महोदयस्य प्रत्ययवादे प्रवेशस्य चेष्टा अभूत् किन्तु भारतीयदर्शनानां तारतम्यगम्भीरतायाश्च लेशमात्रमपि तेषु दर्शनेषु न विद्यते। कारणमस्ति यत्, भारते दर्शनं जीवनात् पृथक्कदापि नावबोधयन्ति। चार्वाकतः शंकराचार्यपर्यन्तं सर्वे जीवनधरातले एव स्वदर्शनानां प्रतिष्ठां कुर्वते।

विभिन्नदर्शनेषु कारणव्यवस्था

कारणकार्यव्यवस्था एकः दार्शनिकः विषयः वर्तते किन्तु अस्मिन् विषये भिन्नभिन्नदर्शने मतभिन्नता वर्तते अतः प्रत्येकदर्शने

कारणकार्यव्यवस्था भिन्ना वर्तमाना अस्ति । यथाहि – कारणकार्यसम्बन्धः अन्वयव्यतिरेकयोराधारितः विद्यते इति मीमांसकाः । कारणे सति कार्यं, कारणाभावे कार्याभावः। **"तत्सत्वे तत्सत्वं तदभावे तदभावः"**

तत्र न्यायदर्शनमते – **"कार्यनियतपूर्ववृत्तित्वमनन्यथासिद्धं कारणम्"**[2]

अर्थात् कार्यात् पूर्वं यत् विद्यमानं भवितव्यमनन्यथासिद्धं च भवति तदेव कारणं यथा – घटं प्रति मृत्तिका न तु गर्दभादयः। एतेषाम्मते कारणात् यत्कार्यमुत्पद्यते तत्कार्यं नवीनं वर्तते , तत्कार्यस्यारम्भः भवति , तस्योत्पत्तिः नवीना विद्यते तदा एव आरम्भवाद इति कथ्यते। अतः अस्मिन् मते कार्यं कारणाद् भिन्नं भवति ।

सांख्यमते कारणे एव कार्यं पूर्वमेव विद्यमानं भवति, कार्यस्य उत्पत्तिनाशञ्च न भवति केवलाविर्भावं तिरोभावञ्च भवति, अतः कारणे पूर्वमेव कार्यं वर्तते एव यथा मृत्तिकायां घटः पूर्वमेवविद्यमानः वर्तते, यदि एवं नास्ति तर्हि मृत्तिकायाः घटः नैव जायिष्यते। यथा ईश्वरकृष्णेनोक्तम् –

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात्कारणभावाच्च सत्कार्यम् ॥[3]

इममेव सत्कार्यवादः परिणामवादः विद्वांसः कथयन्ति । एतेभ्यः मतेभ्यः भिन्नैकं मतं वर्तते यं विवर्तवादः कथ्यते। अस्मिन् मते कारणन्नास्त्यारम्भकः कार्यस्य, न च परिणामी वर्तते अपितु कारणमेकं व्यापाररहितसत्ता विद्यते। अस्मिन् कार्यस्योत्पत्तेः कृते कोऽपि व्यापारः न भवति यतोहि अत्र कारणं कूटस्थतत्वं वर्तते। कूटस्थतायां सति कार्योत्पत्ति भवत्येव यतोहि कार्यं द्रष्टुर्भ्रमाज्जायते। अत्र द्रष्टा असर्पभूतौ रज्जौ सर्पस्यारोपः क्रियते अतः वस्तून्यवस्त्वारोपः भवति, तस्य कार्यस्योत्पत्तिः भवति यस्य सत्त वर्तते नैव ।

आरम्भवादे कार्यात् कारणं पृथगस्ति, परिणामवादे कार्यकारणयोः तात्विकः अभेदः अस्ति किन्तु व्यक्ताव्यक्तावस्थायाः भेदः विद्यते किन्तु विवर्तवादे तु न तात्विकः भेदः नैवावस्थाया अपितु कार्यकारणयोः भेदः एव भ्रान्तः वर्तते । भ्रमाज्जायमानं कार्यं तु वस्तुत असदेव । दृष्टिदूषणात् कार्यकारणयोर्भेदः भवति, अविद्यायाः नाशानन्तरन्तु कार्यस्य विलयः भवति कारणस्य च शुद्धं ज्ञानरूपमुदयति। क्षणिकवादे केवलं क्रमसम्बन्धः एव कार्यकारणं भवति। पूर्वक्षणं कारणं भवत्यपरं क्षणं कार्यं भवति ।

न्यायजैनदर्शनयोः कारणविवेचनम्

न्यायदर्शने कारणव्यवस्था

विषयेऽमुष्मिन्नैकेषु ग्रन्थेषु, बहव आचार्याः तावत् चर्चितवन्तः। कारण विषये यदा चर्चा भवति तर्हि एकोऽऽरम्भिकः ग्रन्थः अस्माभिर्स्मर्यते तर्कभाषेति। केशवमिश्रमहोदयेन प्रणीते ग्रन्थे कारणस्य विस्तृतरूपेण चर्चा विद्यमाना। तत्र मिश्रमहोदयेन विहितं यत् यस्य कार्यस्योत्पत्तेः पूर्वं विद्यमानता नियता कार्यं प्रति च निश्चयेन कारणता यस्य सिद्धा, अर्थात् अनन्यथासिद्धः यः भविष्यति तदेव कारणं भवितुं शक्नोति।**"यस्य कार्यात् पूर्वभावो नियतोऽनन्यथासिद्धश्च तत्कारणम्"**[4] यथा घटनिर्माणप्रक्रियायां घटं प्रति मृत्तिकादण्डादीनि कारणानि सन्ति यतोहि समेषामेतेषां घटकार्यस्योत्पत्तेः पूर्वमेव उपस्थितिर्नियता स्यात् एतेषु च घटं प्रति कारणता वर्तते एव। अस्मिन्नेव दशायां, घटनिर्माणकालेऽमुष्मिन्नेव घटकार्यस्य पूर्वं राशभादिरपि उपस्थिति-श्चेदपि राशभः घटं प्रति कारणन्न भवति यतोहि तस्य राशभस्य उपस्थितिर्नियता न स्यात्, तस्मिन्न् राशभे घटकार्यस्य उत्पत्तौ कारणता नहि वर्तते अतः पूर्वनियतवृत्तित्वे सत्येव मृत्तिकादण्डादीनि घटकार्यं प्रति कारणानि वर्तन्ते यतोहि तेष्वनन्यथासिद्धत्वं वर्तते, तानि निश्चयेन कार्यजनकानि सन्ति किन्तु पूर्वविद्यमानतायां सत्यपि राशभादौ कारणत्वन्न विद्यते अतः राशभादयः अन्यथासिद्धाः अनियताश्च सन्ति। **"यद्यपि पटोत्पत्तौ दैवादगतस्य राशभादेः पूर्वभावो विद्यते, तथापि नासौ नियतः।"**[5] अत्र अन्यथासिद्धः शब्दः लक्षणे विशेषः वर्तते अतः अन्यथासिद्धः विवेचनीयः। तावत् विश्वनाथपञ्चाननेन विरचिते न्यायसिद्धान्तमुक्तावलिर्नामके ग्रन्थे अन्यथासिद्धस्य चर्चा विस्तरेण कृता। न्यायसिद्धन्तमुक्तावल्यां पञ्चान्यथासिद्धाः उल्लिखिताः सन्ति। यथा-

"येन सह पूर्वभावः, कारणमादाय वा यस्य। अन्यं प्रति पूर्वभावे ज्ञाते

यत्पूर्वभावविज्ञानम् ॥

जनकं प्रति पूर्ववृत्तितामपरज्ञाय न यस्य गृह्यते।

अतिरिक्तमथापि यद्भवेन्नियतावश्यकपूर्वभाविनः ॥

एते पञ्चान्यथासिद्धा दण्डत्वादिकमादिमम्। घटादौ दण्डरूपादि

द्वितीयमपि दर्शितम् ॥

तृतीयन्तु भवेद्व्योम, कुलालजनकोऽपरः। पञ्चमो राशभादिः

स्यादेतेष्वावश्यकस्त्वसौ ॥"[6]

- प्रथमः तावत् येन धर्मेण सह कारणस्य पूर्वभावः गृहीतः तद्धर्मः कार्यं प्रत्यन्यथासिद्धः भवतीति। यथा घटं प्रति दण्डत्वविशिष्टदण्डः कारणं वर्तते अतः दण्डत्वस्य पूर्वभावः दण्डेन सहैव गृह्यते, अत एव दण्डत्वमन्यथासिद्धोऽस्तीति।
- द्वितीयः, यस्य कार्येण सह स्वतन्त्ररूपेण अन्वयव्यतिरेकः न वर्तते अपितु स्वकारणेन अन्वयव्यतिरेकः स्यात्। यथा घटं प्रति दण्डरूपस्य स्वतः एव अन्वयव्यतिरेकः न सम्भवति किन्तु दण्डरूपस्य स्वकारणेन दण्डेन सह अन्वयव्यतिरेकः अस्ति अतः कार्यं प्रति दण्डरूपमप्यन्यथासिद्धः।
- तृतीयः, यत् कञ्चिदन्यं प्रति पूर्वभावः ज्ञाते सति एव यस्य कार्यं प्रति पूर्वभावः गृहीतुं शक्नोति। यथा घटं प्रति आकाशोऽन्यथासिद्धः।
- चतुर्थः, कारणस्य जनकस्य वा जनकं कारणं वा यत् भवति सोऽप्यन्थासिद्धः भविष्यति यथा घटस्य जनकः कुम्भकारः, तस्य कुम्भकारस्य जनकः घटं प्रत्यन्यथासिद्धः भवेदिति।
- अन्तिमः, नियतावश्यकपूर्व-भाविनमतिरिच्य यत्किञ्चित् तच्छर्वमन्यथासिद्धः। यथा घट-कार्यपूर्वभावी दैवादागतः राशभोऽन्यथासिद्धः एव भवति।

अक्षपाददर्शने तावत् कारणं त्रिविधं समवाय्यसमवायिनिमित्तभेदाद्।

प्रथमं तावत् समवायि कारणं **"यत्समवेतं कार्यमुत्पद्यते तत्समवायि कारणम्"**[7] अर्थात् यस्मिन् समवायेन कार्यस्योत्पत्तिर्जायते तच्छमवायि कारणम्। यथा तन्तुषु पटकार्यमुत्पद्यते, पटे श्वेतरक्तनीलादयः यत् कश्चिद्रूपं वर्तते तद्रूपं पटे जायते अतः तन्तवः पटस्य, पटंञ्च स्वगतरूपस्य समवायिकारणमिति।

अपरं तावदसमवायि **"यत्समवायिकारणप्रत्यासन्नमवधृतसामर्थ्यं तदसमवायिकारणम्"**[8] अर्थात् यत्समवायिकारणे उत्पद्यते विद्यते वा, कार्योत्पादने च यस्य सामर्थ्यं निश्चितं तदसमवायि-कारणम्। यथा तन्तुसंयोगः पटस्य कृते असमवायिकारणं यतोहि पटस्य समवायिकारणं तन्तवः सन्ति, तन्तुसंयोगस्य च पटस्य समवायिकारणे (तन्तुषु) वृत्तिर्वर्तते। समवायिकारणे वृत्तितायां सति तन्तुसंयोगस्य पटकार्योत्पादने सामर्थ्यं निश्चितमेव। अतः तन्तुसंयोगः पटस्यासमवायि-कारणम्।

अन्तिमं कारणं निमित्तं **"यन्न समवायिकारणं, नाप्यसमवायिकारणम्। अथ च कारणं तन्निमित्तकारणम्।"**[9] अर्थात् यत्र पूर्वोक्ते द्वे कारणे न स्तः तत्र निमित्तमिति। यथा तुरीवेमादिकं पटस्य निमित्तमात्रं यतोहि तानि न तु समवायिकारणानि नैवाऽसमवायि। अत्रोल्लेखनीयः वर्तते यत् अभावस्य केवलं निमित्तकारणमेव भवति यतः अभावस्य केनचित् पदार्थेन सह समवायसम्बन्धः न सम्भवति। **यथोक्तं "अभावस्य तु निमित्तमात्रं, तस्य कस्यचिदप्यसमवा-यात्।"**[10]

जैनदर्शने कारणव्यवस्था

कारणकार्यव्यवस्था इति विषयः मूलरूपेण दार्शनिकः वर्तते, विभिन्नग्रन्थेषु अस्मिन् विषये विवेचनमाचार्यैः कृतमेव यथा – **"अनेककारणसाध्यत्वाच्चैकस्यकार्यस्य"**[11] अर्थादेकस्य कार्यस्य नैकं कारणं विद्यते अपितु एकं कार्यं प्रति कारणान्यनेकानि भवन्ति अतः कार्यं प्रत्यनेकानि साधनानि कारणानि सन्तीति प्रमाणैः सिद्धमिति यथा– **"इह लोके कार्यमनेककरणसाध्यं दृष्टम्"**[12] **"सामग्रीजनिका कार्यस्य नैकं कारणम्"**[13]

अत्र कथ्यते कार्यं प्रति नहि एकं कारणं भवत्यपितु सामग्री जनिका कार्यस्य भवति।

सामग्री :- कालो सहाव णियई पुव्वकयं पुरिस कारणेगंता।

मिच्छत्तं ते चेव उ समासओ होंति सम्मत्तं ॥[14]

सन्मतिसूत्रनामके ग्रन्थे उद्धृतेयं गाथा यस्मिन् सामग्र्याः चर्चा विद्यते यत् कालः, स्वभावं, नियतिः, पूर्वकृतं (निमित्तम्), पुरुषार्थश्चेति। एतानि पञ्चकारणानि सन्ति एषु न कोऽपि व्यस्तः कारणं भवति, एतानि समुदितानि मिलितेभ्यः कारणानि भवन्ति। कार्यकारणयोः

विषये आचार्यसमन्तभद्रेणानेकानिकारणानि द्विधा विभज्यते-

आभ्यन्तरम्

बाह्यम्

सः सिद्धमकरोत् यत् द्वे कारणे (बाह्याभ्यन्तरम्) मिलित्वा एव सर्वाणि कार्याणि उत्पद्यन्ते न तु व्यस्ताः, कमप्येकं कारणमवलम्ब्य कार्यस्योत्पत्तिः नहि सम्भवति।

हेतुभेदः – सामान्येन द्विविधः हेतुः वर्तते यथोक्तमिति – **"द्विविधोहेतुर्बाह्याभ्यन्तरं च तत्र बाह्यो हेतुर्द्विविधः आत्मभूतोऽनात्मभूतश्चेति। आभ्यन्तरश्च द्विविधः अनात्मभूतात्मभूतश्चेति"** ।[15]



कार्यकारणयोः स्वरूपम्

जैनदर्शने कार्यकारणयोः कथञ्चित् भेदाभेदः वर्तते, द्रव्यार्थिकनयेन कार्यकारणयोरभेदः किन्तु पर्याये परिवर्तनं भवति अतः पर्यायार्थिकनयेन भेदः विद्यते यथा–**"न च कार्यकारणयोः कश्चिद्रूपभेदः तदुभयमेकाकारमेव पर्वांगुलिद्रव्यवदिति द्रव्यार्थिकः"** ।[16] अतः द्रव्यार्थिकनयेनो-भयोरभेदः वर्तते। **"साधनमुत्पत्तिनिमित्तम्"**[17] अतः येन निमित्तेन वस्तोरुत्पत्तिर्भवति तदेव साधनं निमित्तं वा वर्तते। **"प्रत्ययं कारणं निमित्तमित्यर्थानन्तरम्"**[18] प्रत्ययं, कारणं, निमित्तादयः एकार्थवाचिनः एव विद्यन्ते । निश्चयनयेन कर्मकरणयोरभेदे सति यः यस्मादभूत्तत्तदेव वर्तते यथा– सुवर्णपत्रं सुवर्णात् ।

यथाहि :- **"निश्चयतः कर्मकरणयोरभिन्नत्वात् यद्येन क्रियते तत्तदेवेति कृत्वा, यथा कनकपत्रं कनकेन क्रियमाणं कनकमेव व त्वन्यत्"** ।[19] अतः कार्यकारणयोरभेदः वर्तते, एकस्मिन्नेव द्रव्ये कार्यं कारणं च भवितुमर्हतः, अस्मिन् नैव कश्चिद्दोषः यथा– **"अर्यते गम्यते निष्पद्यते इत्यर्थ-कार्यम्, द्रवति गच्छतीति द्रव्यं कारणम्"** ।[20]

"उपज्जंतो कज्जं कारणमप्पा णियं तु जयायंतो।
तम्हा इह वा विरुद्ध एकस्स व कारणं कज्ज" ॥[21]

अर्थादुत्पद्यमानं कार्यं भवति तस्योत्पादकः कारणं स्वात्मा भवति अतः एकस्मिन्नेव द्रव्ये कारणकार्यभावयोरविरोधं भवति। पूर्वावस्था कारणं भवत्युत्तरावस्था च कार्यं भवति अत एकस्मिन्नेव पदार्थे पर्यायदृष्ट्या कारणकार्ययोर्व्यवहारं निर्विरोधरूपेण भवतीति सिद्धम्। **"सर्वे-षामेव तेषां पूर्वोत्तरकालव्यवस्थाविशेषार्पणाभेदादेकस्य कार्यकारणशक्तिसमन्वयो न विरोध-स्यास्पदमित्यविरोधसिद्धिः"** ॥[22] कारणस्य कार्यस्य वा विषये जैनदर्शने नित्यानित्यत्वं सदसत्कार्यवादं स्वीकुर्वन्ति। तत्र कारणं कार्यञ्च द्वे एव नित्यमनित्यञ्च भवतः। यतोहि सर्वथा नित्यत्वे सति, अनित्यत्वे सत्यपि कर्मणः, फ़लादिकस्य व्यवस्था सम्यक्तया नहि प्रचलिष्यति। यथा समन्तभद्रेणाचार्येणोक्तं देवागमस्तोत्रे नामके ग्रन्थे-

यदि सत्सर्वथा कार्यं पुंवन्नोत्पत्तिमर्हति।
परिणामप्रक्लृप्तिश्च नित्यत्वैकान्तबाधिनी ॥[23]

अर्थात् कार्यं नित्यं मन्यन्ते चेद्, तर्हि तु कार्यस्य उत्पत्तिरेव भवितुन्न शक्नोति। उत्पत्तिं अस्वीकृत्वा कार्येऽमुष्मिन् परिणामस्य कल्पना तु नित्यत्वैकान्तस्य बाधयित्री भविष्यति। अतः नित्यैकत्वं, सर्वथानित्यत्वादिकं न सम्भवन्तीति भावः।

अतः जैनदर्शने कारणकार्ययोः भेदाभेदः वर्तते किन्त्वनेकान्तवादत्वे सति, कथञ्चित् भेदाभेदः वर्तते एकैव च द्रव्यं कार्यं कारणञ्च भवति। द्रव्यार्थिकनयेन कारणं, पर्यायार्थिकनयेन कार्यं भवति। निष्कर्षतः एकं कार्यं प्रति कारणानियुक्ता सामग्री एव कारणं भवति नहि केवलं कारणं कार्यस्यजनकं भवति। अतः बहूनि

कारणानि मिलित्वैकं कार्यं जनयन्तीति भावः, इति कार्यकारणस्वरूपं वर्तते जैनदर्शने।

सन्दर्भग्रन्थसूची

1. नियमसारः,निश्चयपरमावश्यकाधिकार: गाथा
2. तर्कभाषा,कारणप्रकरणम्
3. सांख्यकारिका, कारिका संख्या ९
4. तर्कभाषा, कारणप्रकरणम्
5. तर्कभाषा, कारणप्रकरणम्
6. न्यायसिद्धान्तमुक्तावलिः, १९, २२
7. तर्कसंग्रह, कारणप्रकरणम्
8. तर्कभाषा, कारणप्रकरणम्
9. तर्कभाषा, कारणप्रकरणम्
10. तर्कभाषा, कारणप्रकरणम्
11. सर्वार्थसिद्धिः,५।१७
12. तत्त्वार्थराजवार्तिकम्,५।१७
13. क्षत्रचूडामणिः,८।५६
14. सन्मतिसूत्रम्,५३
15. राजवार्तिकम्,२।८।१।११८।१२
16. राजवार्तिकम्,१।३३।१।९५।५
17. सर्वार्थसिद्धिः,१।७।२२।३
18. सर्वार्थसिद्धिः,१।२१।१२५।७
19. समयसार,आत्मख्यातिः,६५
20. राजवार्तिकम्,१।३३।१।९५।४
21. नयचक्रबृहद्,३६५
22. राजवार्तिकम्,१।६।१४।३७।२५
23. आप्तमीमांसा, ३९

- अकलंक आचार्यः, तत्वार्थराजवार्तिकम्(तत्त्वार्थसूत्रवार्तिकम्), महेन्द्रकुमारन्यायाचार्यः, (सं.) भारतीयज्ञानपीठम्, देहली- १९९२
- ईश्वरकृष्णाचार्यः, सांख्यकारिका,(गौडपादभाष्यसमन्विता), (प्र.)चौखम्बा सुर भारती।
- उपाध्यायः बलदेवः, भारतीयदर्शन, (प्र.) चौखम्बा ओरियन्टालिया
- उमास्वामी आचार्यः, तत्त्वार्थसूत्रम् (सर्वार्थसिद्धिवृत्तिसमन्वितम्), सिद्धान्ताचार्यः फूलचन्द्रः, भारतीयज्ञानपीठम्, नवदेहली- २०१३
- पंचाननविश्वनाथाचार्यः, न्यायसिद्धन्तमुक्तावलिः, (व्या.) गजाननशास्त्रीमुसलगावकरः, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशनम्।
- पूज्यपादाचार्यः, सर्वार्थसिद्धिः, (तत्त्वार्थसूत्रवृत्तिसहिता) (सं०) पं० फूलचन्द्रशास्त्री, भारतीयज्ञानपीठप्रकाशनम्- २००५
- माधवाचार्यः, सर्वदर्शनसंग्रहः, डा.उमाशंकरशर्मा-ऋषिः (व्या.), चौखम्बा विद्याभवनम्, वाराणसी- २०१६
- मिश्रः केशवाचार्यः, तर्कभाषा, (व्या.) आचार्य विश्वेश्वरसिद्धान्तशिरोमणिः, चौखम्बासंस्कृतभवनम्- २०१६
- राधाकृष्णन्, इन्डियन फिलोसोफी भाग २
- समन्तभद्राचार्यः, आप्तमीमांसा, जुगुलकिशोर मुख्तारः(अनु.), वीरसेवामन्दिरप्रकाशनम्, दरियागंज- १९७८

- **कोशग्रन्थः**

- वर्णी जिनेन्द्रः, जैनेन्द्रसिद्धान्तकोशः (पंचभागाः), भरतीयज्ञानपीठम्, देहली, २०१०
- विजयराजेन्द्रसूरीश्वरः, अभिधानराजेन्द्रकोशः ,श्री अभिराजराजेन्द्र-कोश-प्रकाशन-संस्था, अहमदाबादः, १९८६

अन्तर्जालीयस्रोतांसि

Jain Education, Jain Library, Jain literature (jainelibrary.org)

Jainworld.com

http://shodhganga.inflibnet.ac.in

http://www.researchgate.net

*****

शोधालेख प्रकाशन के मानक

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

UGC CARE LISTED हिन्दी की स्तरीय पत्रिका 'नागफनी' के जो सदस्य हैं उनका ही आलेख प्रकाशित होगा। जो भी व्यक्ति शोधालेख भेजना चाहते हैं कृपया वें अपने लेख में निम्न बिंदु आवश्यक रूप से रखें जैसे–

1. भूमिका/प्रस्तावना
2. विषय वस्तु/बीज शब्द
3. मुख्य अंश/उद्देश्य
4. परिणाम/निष्कर्ष
5. सन्दर्भ
6. शब्द मर्यादा अधिकतम शब्द 3000 इससे ज्यादा शब्द है तो कार्यकारी संपादक से परामर्श कीजिएगा।
7. सत्यापन एवं सहमति पत्र देने पर ही आलेख के सम्बन्ध में निर्णय होगा।

सत्यापन प्रमाण–पत्र

1. मैं .....सत्यापित करता/करती हूँ की 'नागफनी' के लिए प्रस्तुत शोधालेख शीर्षक.....मौलिक एवं अप्रकाशित है। लेखन संबंधित सारे संदर्भ सत्य हैं। किसी भी अंश के विवादित स्थिति के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। साथ ही प्रस्तुत शोधालेख में नागफनी के पीयर रिव्यू कमेटी को संशोधन संपादन और संवर्धन करने की सहमति जताता/जताती हूँ।

2. शोधालेख प्रकाशित–अप्रकाशित करने का पूर्ण अधिकार सम्पादक मंडल और पीयर रिव्यू कमेटी का है। स्तरीय एवं मौलिकता आदि के परीक्षण के बाद ही शोधालेख की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा, मुझे मान्य होगा। उपरोक्त नियम और शर्तों को मैं स्वीकार करता/करती हूँ।

हस्ताक्षर–
नाम–
मोबाइल नंबर–

व्यक्तिगत पंचवार्षिक सदस्यता लेने पर पांच साल तक पत्रिका मिलेगी। शोधालेख प्रकाशन की स्वीकृति/अस्वीकृति का जो भी निर्णय होगा वह आपको मेल से ही सूचित किया जाएगा। इसको लेकर संपर्क करने की आवश्यकता नहीं हैं।

STANDARD NORMS FOR AUTHORS

Nagfani, the U.G.C. Care listed journal publishes articles, research papers etc. written by the members of journals only. The manuscripts should contain the following:

1. Abstract with keywords
2. Objectives
3. Conclusions
4. References
5. Word limit is 3000 (For higher limits, please contact the editor)

I_____ certify/undertake to say that the manuscript entitled_____submitted for publication in the NAGFANI issue is an unpublished original work. I know that I will be fully responsible for any controversial situation arising out of the manuscript/article or part of it. I also transfer the rights to edit, review and conserve the manuscript to the peer review committee of NAGFANI.

Signature of the author:
Mobile No:

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखिए http%//naagfani.com